भाद्रपद शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके | रांची
अधि. 30.7° | अधि. 31.8°
न्यून. 22.3° | न्यून. 23.6°

रांची, सोमवार
01 सितंबर 2025
वर्ष-26, अंक-210, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

## एक नजर

### लातेहार के जलप्रपात में डूबे दो युवक

**लातेहार।** लातेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध पातम-डाटम जलप्रपात में रविवार की शाम पलामू जिले के रजवाडीह निवासी दो युवक डूब गए। एक युवक का शव बरामद कर लिया गया है। वहीं, दूसरे युवक की तलाश जारी है। रात हो जाने के कारण खोजबीन को बंद कर दिया गया। सोमवार को गोताखोरों की टीम दूसरे युवक की तलाश करेगी। मृत युवक की पहचान शनि कुमार के रूप में की गई है। लापता युवक का नाम नीतीश कुमार बताया जा रहा है।

### पलामू में टीएसपीसी के उग्रवादियों ने की फायरिंग

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) ने पलामू में नावाजयपुर थाना क्षेत्र में रोड कंस्ट्रक्शन साइट पर रविवार की देर शाम फायरिंग की। घटना को अंजाम देने के बाद वे भाग निकले। बताया जाता है कि दो बाइक से पांच की संख्या में पहुंचे लोगों ने खुद को टीएसपीसी का सदस्य बताते हुए फायरिंग की और फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद नावाजयपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले में छानबीन शुरू कर दी है। इलाके में टीएसपीसी के उग्रवादियों के खिलाफ सर्च अभियान चलाया जा रहा है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है और पूरे मामले में छानबीन की जा रही है।

### बाइक बोट घोटाला मामले में 394.42 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** बाइक बोट घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की स्पेशल टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई की। उन्होंने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 394.42 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की अचल और चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। ये संपत्तियां कामाख्या एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट, कामाख्या एजुकेशनल सोसायटी, गुरु नानक चैरिटेबल ट्रस्ट, अल्पाइन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी, एपी गोयल चैरिटेबल ट्रस्ट और मीना आनंद के नाम पर थीं।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।



- सहायक आचार्य, पीजीटी शिक्षकों एवं लैब सहायकों को मिलेगा नियुक्ति पत्र
- 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के टॉपर विद्यार्थियों को किया जाएगा पुरस्कृत

### प्रोजेक्ट भवन के नए सभागार में कार्यक्रम का होगा आयोजन

# सीएम सोरेन कल शिक्षकों को देंगे नियुक्ति पत्र

### आकांक्षा कोचिंग से जेईई मेंस और एडवांस में सफल विद्यार्थियों को भी पुरस्कार

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी मंगलवार (02 सितंबर) को सहायक आचार्य, पीजीटी शिक्षकों एवं लैब सहायकों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। साथ ही, मुख्यमंत्री विभिन्न परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी करेंगे। झारखंड बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा के टॉपर विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, आकांक्षा कोचिंग से जेईई मेंस और एडवांस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

इस कार्यक्रम का आयोजन रांची के धुर्वा में प्रोजेक्ट भवन के द्वितीय तल पर स्थित नया सभागार में दिन में 12:00 बजे से होगा। इस कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और गण्यमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। जानकारी के अनुसार, पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों के संबंध में जिलों को पत्र भेजा गया है। भेजे गए पत्र में कहा गया है कि बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी को 2 सितंबर 2025 को राज्य स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को जिला स्तर पर कार्यक्रम कर पुरस्कृत किया जाएगा। राज्य में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी को तीन लाख रुपए, द्वितीय स्थान पाने वाले स्टूडेंट को दो लाख रुपए और तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थी को एक लाख रुपए पुरस्कार स्वरूप मिलेंगे। टॉपर विद्यार्थियों को लैपटॉप भी मिलेगा। आकांक्षा कोचिंग के सफल विद्यार्थियों को भी लैपटॉप दिया जाएगा।

### पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस और सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता

# छत्तीसगढ़ का कुख्यात नक्सली हिडिमा सारंडा जंगल से गिरफ्तार

- माओवादी एरिया कमेटी का सदस्य शिवा बोदरा भी पकड़ा गया
- दोनों नक्सलियों ने किए महिला सदस्यों के शोषण के खुलासे

**नवीन मेल डेस्क**



चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)। पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस और सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस और कोबरा 209 बटालियन ने रविवार की सुबह छत्तीसगढ़ के कुख्यात माओवादी कमांडर संदीप उर्फ हिडिमा पाडेयाम सहित दो नक्सलियों को सारंडा जंगल से गिरफ्तार किया। इनके पास से एक पिस्टल, 11 कारतूस, दो मैगजीन, दो वॉकी-टॉकी, डेटोनेटर और आईईडी बनाने का सामान बरामद किया गया है। चाईबासा के पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने रविवार को प्रेस वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एएसपी पारस राणा के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस और कोबरा 209 बटालियन ने जराईकेला थाना क्षेत्र के सारंडा जंगल से दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पहला छत्तीसगढ़ का कुख्यात माओवादी कमांडर संदीप उर्फ हिडिमा पाडेयाम है। वहीं, पकड़े गए दूसरे नक्सली की पहचान माओवादी एरिया कमेटी के सदस्य शिवा बोदरा उर्फ शिबु के रूप में हुई है। शिवा बोदरा सरायकेला खरसावां के कुचाई का निवासी है। एसपी राकेश रंजन ने बताया कि दोनों माओवादी लंबे समय से सारंडा और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय थे। इन दोनों पर 40 से अधिक नक्सली मामले दर्ज हैं। छत्तीसगढ़ का बीजापुर निवासी संदीप पिछले दस वर्षों से झारखंड में सक्रिय था और आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) लगाकर सुरक्षा बलों को निशाना बनाता था। शिवा ओडिशा के राउरकेला जिले में दो माह पूर्व हुए विस्फोटक लूटकांड में भी शामिल रहा है। पूछताछ के दौरान दोनों नक्सलियों ने संगठन के भीतर महिला सदस्यों के शोषण के चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। एसपी ने बताया कि केंद्रीय कमेटी सदस्य अनल उर्फ रमेश महिला दस्ते की सदस्यों का शारीरिक शोषण करता है और कई महिला नक्सलियों का जबरन गर्भपात भी करवा चुका है।पुलिस को जानकारी मिली थी कि शीर्ष माओवादी नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया और अश्विन अपने दस्ते के साथ सारंडा क्षेत्र में बड़ी वारदात की योजना बना रहे थे। इसी के सत्यापन के लिए रविवार की सुबह अभियान चलाया गया। इस दौरान दोनों नक्सली सुरक्षा बल को देखकर भागने लगे और गिरफ्तार कर लिए गए।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, हिडिमा पर अब तक हत्या, पुलिस पार्टी पर हमला, विस्फोटक अधिनियम और यूएपीए समेत अन्य धाराओं में मामले दर्ज हैं। इसी तरह शिवा बोदरा के खिलाफ गोईलकेरा, सोनुवा, गुवा और जराईकेला थानों में कुल नौ गंभीर नक्सली मामले दर्ज हैं।

### नक्सलियों-उग्रवादियों के खिलाफ मिल रही सफलता



हेमंत सोरेन सरकार नक्सलियों व उग्रवादियों की समाप्ति को लेकर प्रतिबद्ध है। राज्य पुलिस को नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ लगातार सफलता भी मिल रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कई बार कहा भी है कि राज्य में नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ अभियान सतत रूप से चल रहा है। उनके खिलाफ लड़ाई अपने अंतिम चरण में है। इधर, झारखंड पुलिस सारंडा के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है और इसमें कामयाबी भी मिल रही है। नक्सली और उग्रवादी मारे जा रहे हैं और गिरफ्तार भी हो रहे हैं। कई नक्सलियों और उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण भी किया है।



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक

# सीमा शांति व सहयोग पर हुई चर्चा

**तियानजिन (चीन) (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रविवार को तियानजिन में द्विपक्षीय बैठक हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने पिछले साल कजान में हुई अपनी बैठक के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री मोदी ने चीन यात्रा के निमंत्रण और द्विपक्षीय बैठक के लिए चीनी राष्ट्रपति का धन्यवाद किया। इस बीच, उन्होंने कहा कि हम आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। पिछले साल कजान में हमारी बहुत ही सार्थक चर्चा हुई। हमारे संबंधों को सकारात्मक दिशा मिली। सीमा पर सैनिकों की वापसी के बाद शांति और स्थिरता का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा, हमारे विशेष प्रतिनिधियों के बीच बॉर्डर मैनेजमेंट के संबंध में सहमति बनी है। कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू हुई है। दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें भी फिर से शुरू की जा रही हैं। हमारे सहयोग से दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के हित जुड़े हैं। इससे पूरी मानवता के कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर हम अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) की सफल अध्यक्षता के लिए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को बधाई दी। उन्होंने अपने बयान के आखिरी में फिर से चीन यात्रा के निमंत्रण और बैठक के लिए धन्यवाद दिया। पीएम नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक चीन के तियानजिन शहर में हुई, जहां रविवार से दो दिवसीय शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन शुरू हुआ। शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी और शी जिनपिंग के अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल होने के लिए तियानजिन पहुंच गए हैं। अमेरिका की टैरिफ नीतियों के बीच तीन देशों के नेताओं की मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है।

### पीएम मोदी ने कहा

- आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर हम संबंध बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध
- हमारे सहयोग से दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के हित जुड़े हैं, कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा



### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, सार्थक बैठक हुई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एससीओ शिखर सम्मेलन के मौके पर तियानजिन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक बैठक की। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि दोनों पक्षों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व पर सहमति जताई। पीएम मोदी ने इस मुलाकात से संबंधित तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भी शेयर किया। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान तियानजिन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ सार्थक बैठक हुई। हमने कजान में पिछली बैठक के बाद भारत-चीन संबंधों में सकारात्मक प्रगति की समीक्षा की। हमने सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व पर सहमति जताई और पारस्परिक सम्मान, हित और संवेदनशीलता के आधार पर सहयोग के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### ड्रैगन और हाथी अब साथ आएं : शी जिनपिंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 7 साल बाद एक मंच पर मिले। दोनों के बीच करीब 50 मिनट तक बातचीत हुई। द्विपक्षीय वार्ता में कैलाश मानसरोवर यात्रा, सीमा समझौते और दोनों देशों के बेहतर होते रिश्ते पर बातचीत हुई। दोनों देशों के व्यावसायिक संबंधों को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। इस दौरान जिनपिंग ने कहा कि पीएम मोदी से मिलकर खुशी हुई। जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों के लिए यह सही है कि ऐसे साझेदार बनें, जो एक-दूसरे की सफलता में सहायक हों। ड्रैगन और हाथी एक साथ आएं। चीन और भारत दो प्राचीन सभ्यताएं हैं। हम विश्व के दो सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं। हम ग्लोबल साउथ के भी अहम सदस्य हैं। हम दोनों अपने लोगों की भलाई के लिए जरूरी सुधार लाने और मानव समाज की प्रगति को बढ़ावा देने की ऐतिहासिक जिम्मेदारी निभाते हैं।

### विकास के साझेदार हैं दोनों देश, प्रतिद्वंद्वी नहीं

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पीएम मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शेयर कर इस बैठक में उठाए मुद्दों पर बात की। उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री मोदी ने चीन के तियानजिन में आयोजित एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने पिछले साल कजान में हुई अपनी बैठक के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की। भारत और चीन के बीच स्थिर और मैत्रीपूर्ण संबंध हमारी आर्थिक वृद्धि, सुधरे हुए बहुपक्षीय व्यवस्था और एक बहुध्रुवीय विश्व तथा एशिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। शेष पेज 11 पर

# आज से लागू होगी सिल्वर हॉलमार्किंग

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



**यूपीएस और पर्सनल फाइनेंस से जुड़े नियमों में भी होंगे बदलाव**

सितंबर महीने में कुछ ऐसे बदलाव होने जा रहे हैं, जिनका सीधा असर जेब पर पड़ेगा। इसमें आईटीआर फाइलिंग, एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस), सिल्वर हॉलमार्किंग और पर्सनल फाइनेंस से जुड़े नियम शामिल हैं। आयकर विभाग की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 की आईटीआर फाइलिंग के लिए निर्धारित की गई विस्तारित डेडलाइन 15 सितंबर 2025 को समाप्त होगी। इससे पहले आईटीआर दाखिल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई 2025 थी। देश में एक सितंबर से सिल्वर हॉलमार्किंग लागू हो जाएगी। ग्राहकों के पास हॉलमार्क वाली चांदी या बिना हॉलमार्क वाली चांदी खरीदने के दोनों विकल्प होंगे। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने चांदी के आभूषणों के लिए हॉलमार्किंग की सुविधा देने का फैसला किया है। हालांकि, शुरुआत में यह स्वैच्छिक होगा।

एसबीआई कार्ड्स ने सितंबर से प्रभावी अपने क्रेडिट कार्ड नियमों में संशोधन किया है। 1 सितंबर से, लाइफस्टाइल होम सेंटर एसबीआई कार्ड, लाइफस्टाइल होम सेंटर एसबीआई कार्ड सेलेक्ट और लाइफस्टाइल होम सेंटर एसबीआई कार्ड प्राइम कार्डधारकों को डिजिटल गेमिंग प्लेटफॉर्म, व्यापारियों और सरकारी लेनदेन के माध्यम से की गई खरीदारी पर रिवॉर्ड पॉइंट नहीं मिलेंगे। सभी सीपीपी (कार्ड प्रोटेक्शन प्लान) एसबीआई कार्ड ग्राहकों को 16 सितंबर से उनकी रिन्यूएबल डेट के आधार पर ऑटोमेटिक रूप से अपडेट किए गए प्लान वेरिएंट में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। कार्ड प्रोटेक्शन प्लान तीन विकल्पों में उपलब्ध है, जिसमें क्लासिक, प्रीमियम और प्लैटिनम शामिल हैं। रिन्यूएबल की कीमतें क्लासिक के लिए 999 रुपए, प्रीमियम के लिए 1,499 रुपए और **शेष पेज 11 पर**

### लखनऊ की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, दो लोगों की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडंबा क्षेत्र के बेहटा गांव में रविवार को एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया और धमाके के साथ इमारत गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। धमाका इतना शक्तिशाली का था कि आसपास के करीब 5 मकानों को नुकसान पहुंचा है। आशंका जताई जा रही है कि कुछ और लोग मलबे में दबे हो सकते हैं। कुछ घायलों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। आनन-फानन में पुलिस को घटना की सूचना दी गई। साथ ही, स्थानीय लोगों की मदद से हादसे में घायल लोगों निकाला गया। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। अब तक दो लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।

## इंडिया

# भ्रम टूटता गया, ज्यों-ज्यों वोट अधिकार यात्रा बढ़ी



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

बिहार के सासाराम से 17 अगस्त प्रारंभ हुई पटना के गांधी मैदान तक की 16 दिवसीय वोट अधिकार यात्रा बहुत ही उत्साह और उमंग के साथ निकली जिसमें लालू यादव उनके सुपुत्र तेजस्वी यादव और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी थे । युवाओं की अच्छी भीड़ भी उसने देखी गई। लोगों को लगा कि बिहार में एक नया समीकरण तैयार हो रहा है लेकिन शीघ्र ही एक भ्रम टूटता सा चला गया खासतौर पर लालू यादव के जमाने में लालू बड़े भाई की भूमिका में और कांग्रेस को पिछलग्गु बनाकर रखे जाने की जो बात होती थी इस पर उल्टी हुई दिख रही है और जब पूर्णिया में पप्पू यादव इस यात्रा में शामिल हो गए तब राजद के तेजस्वी यादव जो अपने को मुख्यमंत्री घोषित करवाना चाह रहे थे और अति उत्साह में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री का उम्मीदवार बता रहे थे सकते में आ गए और उन्हें समझ में आ गया कि इस बार की बदली हुई कांग्रेस की चाल में फंस गए हैं। इस प्रकार वोट अधिकार यात्रा जो की बिहार में एक क्रांति लाने की मंशा से शुरू की गई थी दरभंगा में पीएम मोदी की मां को गाली बकने के बाद झटका खाने लगी और अब ऐसे मुकाम पर पहुंची है जब अंदर से भड़के हुए राजद के रुख पर बहुत कुछ निर्भर करता है जो अपने को अब अलग-थलग महसूस कर रहा है।राहुल गांधी और तेजस्वी यादव एकजुट होकर वोट अधिकार यात्रा कर रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी के नीति निर्धारकों और पीआर टीम के सुझावों के अनुसार कांग्रेस ने अपना पिछलग्गु वाली छवि बदलने की हिम्मत दिखाई है क्योंकि माना जा रहा है कि यू पी में अखिलेश का बिहार में लालू का और झारखंड में हेमंत का दामन थाम कर ही कांग्रेस की राजनीति चल रही है। ऐसे में तेजस्वी को मुख्यमंत्री घोषित नहीं करने वाले राहुल गांधी ने अपने एजेंडे पर यह यात्रा शुरू की। उन क्षेत्रों को प्रमुखता दी गई जहां मुस्लिम समुदाय का वर्चस्व है और अपनी मदद के लिए घोर सनातन विरोधी स्टालिन और रेवंत रेड्डी को बुलाया गया। यह मुस्लिम वोटरों को अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास था और वे सफल भी रहे। अगर गाली किसी हिंदू ने दी होती तो अब तक राहुल गांधी माफी मांग चुके होते। लेकिन मुस्लिम वोट बैंक को बचाने के लिए पूरी कांग्रेस पार्टी खड़ी हो गई। हद तो तब हो गई जब राजद के मना करने पर भी पूर्णिया में पप्पू यादव को शामिल करके कांग्रेस ने संकेत दे दिया है कि वह राजद को यादवों का नेता मानकर उसका वर्चस्व स्वीकार नहीं करेगा। फर्जी मतदाताओं के आरोप प्रत्यारोप के बीच चुनाव आयोग अपनी प्रक्रिया चला रहा है ऐसे में बिहार का प्रयोग और परिणाम देश की आगामी राजनीति पर असर डालेगा ही जिसमें बेदाग नीतीश कुमार की उपलब्धियां हैं और पूर्ववर्ती सरकारों के जंगल राज या कुशासन की तुलना में सुशासन बाबू का शासन है और आम आदमी पार्टी की तरह ईमानदारी और नए बिहार का सपना दिखाने वाले प्रशांत किशोर हैं। इसमें दिलचस्प बात यह है कि राजनीति के कुशल खिलाड़ी नीतीश कुमार ने पिछली बार की तरह मास्टर स्ट्रोक खेला है और सितंबर से हर परिवार में एक महिला को मिलेंगे 10 हजार रुपए की योजना शुरू कर दी है जिस कारण यात्रा में महिलाओं की भीड़ नहीं दिख रही।




एआई जेनरेटेड

# सितंबर में देश में सामान्य से अधिक बारिश की संभावना

### मौसम विज्ञान विभाग ने जारी की मासिक रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



देश के कई हिस्सों में बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को अपनी मासिक रिपोर्ट जारी की। इसमें सितंबर 2025 में सामान्य से अधिक बारिश की भविष्यवाणी की गई है। आईएमडी की मासिक वर्षा और तापमान आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर में पूरे देश में औसत मासिक बारिश सामान्य से अधिक (लंबी अवधि के औसत (एलपीए) का 109 प्रतिशत से अधिक) होने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1971-2020 के आंकड़ों के आधार पर सितंबर में देश में औसत बारिश लगभग 167.9 मिमी है।

आईएमडी की रिपोर्ट में कहा गया, भौगोलिक रूप से देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। हालांकि, पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के कुछ **शेष पेज 11 पर**



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार रविवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के ओटीसी ग्राउंड के निकट स्थित आवास पर जाकर वहां आयोजित गणेश पूजन उत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने विघ्नहर्ता श्रीगणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया और राज्यवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

## हथियार के बल पर महिला से चेन लूटकर अपराधी फरार



**रांची।** चुटिया पावर हाउस रोड में रहने वाली अन्नापूर्णा कर्मकार से अपराधियों ने हथियार के बल पर उनके गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। घटना शनिवार की है। अन्नापूर्णा कर्मकार ने चुटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में कहा है कि वह शनिवार की सुबह अपने घर के गेट के पास खड़ी थी। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधी पहुंचे। अपराधियों ने उनके घर के पास गाड़ी रोकी और कहा कि इधर-उधर मत देखिए रोड में देखिए। जैसे ही महिला रोड में देखी अपराधियों ने उनके गले से चेन छीन ली। महिला ने जब शोर मचाया तो अपराधियों ने पिस्टल निकाल लिया। महिला को गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद तेजी से फरार हो गया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के 'मन की बात'



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा पंडरा मंडल (रांची महानगर) कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम बहुत ही जनप्रिय और प्रेरणा देने वाला है। मन की बात में प्रधानमंत्री का संबोधन संपूर्ण भारत का एक समावेशी संबोधन होता है जिसमें हमारे देश के सभी ऐसे कर्णधार जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में अपने बल पर नए काम को गति देते हैं। ऐसे लोगों की जानकारी प्रधानमंत्री मन की बात में करते हैं। इसे हम सबों को प्रेरणा मिलती है स्वदेशी अभियान को आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री का आह्वान ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी वस्तु को अपनाए और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सब मिलकर प्रधानमंत्री के इस मुहिम को आगे बढ़ाएं।

कार्यक्रम में शुबेश पांडे, पायल सोनी, नेहा सिंह, संजीव चौधरी, प्रीतम साहू , मंटू केसरी, जसवंत मिश्रा, तुलसी गुप्ता, राजकुमार साहू, आलोक परमार, अशोक मुंडा, विनोद वर्मा, सोनी कुमारी, रवि मेहता सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## चुटिया में नकली जर्दा बेचते दुकानदार पकड़ाया, केस

**रांची।** धर्मपाल सत्यपाल लिमिटेड के प्रबंधक राम अवतार सिंह ने लक्ष्मी ट्रेडर्स के संचालक गुलाब जगनमल हासानी के विरूद्ध नकली जर्दा बेचने का आरोप लगाकार चुटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में कहा है कि उनकी कंपनी तुलसी (00) जर्दा बेचती है। चुटिया महावीर मंदिर के समीप स्थित लक्ष्मी ट्रेडर्स की ओर से उनकी कंपनी के नाम का इस्तेमाल कर जुर्दा बेचा जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस के सहयोग से उनकी कंपनी की टीम दुकान में गई। तलाशी के दौरान करीब पांच नकली जर्दा मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। इधर, पुलिस जांच में जुट गई है।

## मोरहाबादी में मार्निंग वॉक कर रही महिला से चेन छिनतई

**रांची।** मोरहाबादी रतन हाइट की रहने वाली पम्मी कुमारी से बाइक सवार अपराधियों ने उनके गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। घटना शनिवार की है। पीड़िता के पति पवन कुमार ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।


### राज्य में आज से लागू होगी नई उत्पाद नीति, बोले मंत्री योगेंद्र प्रसाद

# प्रीमियम ब्रांड के शराब सस्ते होंगे रेगुलर 10 से 20 रुपए होंगे महंगे

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में एक सितंबर यानी सोमवार से रांची सहित राज्यभर में नई उत्पाद नीति लागू हो जाएगी। नई नीति के तहत शराब की बिक्री निजी हाथों में चली जाएगी। मंत्रिपरिषद से नई शराब नीति पर स्वीकृति मिलने और दुकान आवंटन की टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद राज्य में शराब की बिक्री की जानी है। उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा है कि शराब के दाम में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई है। प्रीमियम बढ़ा है और 70 प्रतिशत वैट घटा है। प्रीमियम ब्रांड सस्ते हुए हैं और जो रेगुलर ब्रांड के शराब हैं, वे 10 से 20 रुपए महंगी हुई हैं।

उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों यथा दिल्ली, कोलकाता से आने वाली प्रीमियम ब्रांड की शराब की बिक्री से राज्य सरकार के राजस्व में पहले नुकसान होता था, वह अब नहीं होगा। उक्त राज्यों की तर्ज पर अब झारखंड में भी प्रीमियम ब्रांडों की शराब मिलेगी। ऐसे में नई व्यवस्था के बाद राजस्व में बढ़ोतरी होगी। मंत्री ने यह भी कहा कि रेगुलर ब्रांड के दाम में जो थोड़ा सा इजाफा हुआ है, उस पर विभाग द्वारा मंथन किया जा रहा है कि कैसे उपभोक्ताओं की जेब पर इसका ज्यादा असर नहीं पड़े। नई शराब नीति को एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए मंत्री ने कहा कि वैट घटाने से प्रीमियम ब्रांडों के दाम में कमी हुई है।



- भाजपा नेता प्रतिपक्ष के आरोपों उत्पाद मंत्री ने दी सफाई
- वैट घटाने से प्रीमियम ब्रांडों के दाम में कमी हुई

राजस्व बढ़ोतरी पर विभाग के स्तर पर की जा रही समीक्षा शराब दुकानों के आवंटन में अपनाई गई लॉटरी प्रक्रिया की पारदर्शिता और इससे राजस्व में हुई बढ़ोतरी के पूछे सवाल पर भी उत्पाद मंत्री ने अपनी बातों को रखा। उन्होंने कहा कि राजस्व बढ़ोतरी पर अभी विभाग के स्तर पर समीक्षा की जा रही है। करीब 7500 आवेदनकर्ता आए थे। आवेदनकर्ता द्वारा दी गई राशि में करीब 1000 करोड़ रुपए विभाग को मिले हैं। इसमें आवेदन शुल्क, दो प्रतिशत की जमा राशि आदि शामिल है। विभाग के स्तर पर अगले दो से तीन दिनों में यह समीक्षा की जाएगी कि कितनी राशि वापस करनी होगी। कितना एडजस्ट करना होगा। उसके बाद ही यह बताना संभव होगा कि विभाग को कितनी राशि राजस्व के रूप में मिली है। हालांकि मंत्री ने उम्मीद जताई है कि दुकानों की बंदोबस्ती के बाद विभाग को 1000 करोड़ रुपए तक का राजस्व मिलना तय है।

बाबूलाल के आरोपों पर भी मंत्री ने रखा पक्ष वहीं, भाजपा नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के लगाए आरोपों पर मंत्री ने कहा कि एसीबी द्वारा विभाग से जबरन फाइल नहीं लेकर गई है। अगर जबरदस्ती कोई फाइल ले जाएगा, तो विभाग उस पर एफआईआर जरूर करेगा। एसीबी ने चल रहे अनुसंधान के क्रम में सीज करके फाइल ले गई है। इसमें सामान्य और सरल प्रक्रिया को अपनाया गया है। ऐसे में भाजपा नेता को कोई चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

## हेमंत सोरेन वोट अधिकार यात्रा में शामिल होने आज जाएंगे पटना



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** बिहार की राजनीति में सोमवार को एक बड़ा राजनीतिक दृश्य देखने को मिलेगा। राजधानी पटना में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ वोट अधिकार यात्रा का समापन विपक्षी एकता के शक्ति प्रदर्शन में तब्दील होगा। इस रैली में झारखंड के मुख्यमंत्री और झामुमो अध्यक्ष हेमंत सोरेन मौजूद रहेंगे। झामुमो ने बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी सक्रिय भागीदारी का ऐलान किया है। पार्टी सीमावर्ती इलाकों में 10-15 सीटों पर दावा कर रही है, जहां उसका पारंपरिक प्रभाव माना जाता है। राजद ने भी सीट बंटवारे की बातचीत में झामुमो को शामिल करने पर सहमति दी है। हेमंत सोरेन की मौजूदगी न केवल गठबंधन की मजबूती का संकेत है, बल्कि बिहार में आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यक मतदाताओं को साधने की एक बड़ी रणनीति भी मानी जा रही है।

कांग्रेस से के राजू, केशव महतो, दीपिका पहुंची झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह वोट अधिकार यात्रा के समापन समारोह में शामिल होने के लिए रविवार को पटना पहुंच चुकी हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूरे बिहार के युवाओं में इस यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह है। यह साफ संकेत है कि बिहार बदलाव चाहता है और यह बदलाव केवल महागठबंधन की सरकार ही ला सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की पूरी राजनीति झूठ और फरेब पर आधारित है। कांग्रेस के संस्कार में किसी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करना नहीं है। भाजपा झूठ और प्रपंच के जरिए जनता को गुमराह करना चाहती है, लेकिन बिहार की जनता अब सच्चाई जान चुकी है।

## बिहार के युवा बदलाव के पक्ष में : दीपिका पांडेय सिंह



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह वोट अधिकार यात्रा के समापन समारोह में शामिल होने के लिए रविवार को पटना पहुंची। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूरे बिहार के युवाओं में इस यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह है। यह साफ संकेत है कि बिहार बदलाव चाहता है और यह बदलाव केवल महागठबंधन की सरकार ही ला सकती है।

मंत्री ने कहा कि भाजपा की पूरी राजनीति झूठ और फरेब पर आधारित है। कांग्रेस पार्टी का संस्कार कभी भी किसी को गाली देने का नहीं रहा। भाजपा झूठ और प्रपंच के ज़रिए जनता को गुमराह करना चाहती है, लेकिन बिहार की जनता अब सच्चाई जान चुकी है। उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार और उसके युवा अब निर्णायक बदलाव की ओर बढ़ चुके हैं और महागठबंधन की जीत तय है।

### बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री सोरेन को पत्र लिखकर लगाया आरोप

## रातों-रात हटाए गए शराब घोटाले के दस्तावेज

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में शराब घोटाले से जुड़े दस्तावेजों को रातों-रात हटाए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने रविवार को इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर मामले की जांच कराने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष मरांडी ने दावा किया है कि मंगलवार की रात एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने उत्पाद विभाग से भारी मात्रा में फाइलें उठाईं और उन्हें ट्रक पर ढोकर अन्य जगह पहुंचा दिया। यह काम राज्य पुलिस और एसीबी के महानिदेशक की देखरेख में हुआ है।



- नेता प्रतिपक्ष ने कहा, यह भ्रष्टाचार और घोटालों के सबूत मिटाने का प्रयास है

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पत्र में सवाल उठाया कि आखिर क्यों रात के समय उत्पाद विभाग से फाइलें ट्रक पर उठाकर अन्यत्र ले जाई गई? क्या यह कार्रवाई कुछ चुनिंदा अधिकारियों और राजनीतिक सरगनाओं को बचाने के उद्देश्य से की गई? मरांडी ने इसे सीधे-सीधे महत्वपूर्ण साक्ष्यों को नष्ट करने और संभावित ईडी-सीबीआई जांच से पहले भ्रष्टाचार और घोटालों के सबूत मिटाने का प्रयास बताते हुए चिंता व्यक्त की। नेता प्रतिपक्ष ने पत्र में मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा है कि एसीबी ने पूर्व में भी कुछ फाइलें उठा ली थीं, जिसके कारण शराब दुकानों के आवंटन में अड़चन पैदा हुई और संभावित राजस्व की हानि हुई। मरांडी का आरोप है कि यह कार्रवाई शराब घोटाले से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों और संचिकाओं को जानबूझकर नष्ट करने की कोशिश प्रतीत होती है, जिससे कुछ अफसर और सत्ताधारी भविष्य में बच सकें। भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि राज्य की जनता के हितों की रक्षा के लिए इस मामले में संवैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार से साक्ष्य नष्ट न होने पाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जनता को यह जानने का अधिकार है कि इस कार्रवाई के पीछे किसका इशारा था और किन्हें बचाने की कोशिश की जा रही है।

## शिबू सोरेन को भारत रत्न देने के प्रस्ताव पारित होना गर्व की बात : रिजवान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड विधानसभा सत्र के अंतिम दिन झामुमो नेता अकील अख्तर उर्फ रिजवान क्रांतिकारी ने विधानसभा के मुख्यमंत्री कक्ष में मुलाकात किया। उन्होंने विधानसभा से दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने के प्रस्ताव को पारित होने पर हर्ष व्यक्त किया। साथ ही राज्य में युवाओं-छात्राओं से जुड़ी समस्याओं तथा राज्य के अल्पसंख्यकों के समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सभी की समस्याओं को ध्यान में रख कर उसके निदान पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह आश्वासन दिया तथा आश्वस्त किया कि सरकार युवाओं व छात्रों के हितों के लिए प्रतिबध्द है और उनके लिए निरंतर कार्य कर रही है।



### पुष्पा सहाय 'गिन्नी' लिखित काव्य संग्रह

## 'सुनो न! मन की...का हुआ लोकार्पण




- केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने किया लोकार्पण

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने काव्य-संग्रह "सुनो न! मन की..." का लोकार्पण किया । इस किताब की लेखिका पुष्पा सहाय 'गिन्नी' एक जानी-मानी कवयित्री हैं और उनका ये दूसरा काव्य संग्रह है। पुस्तक लोकार्पण के कार्यक्रम में संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड रत्न डॉक्टर सुरिंदर कौर नीलम, महिला काव्य मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष सारिका भूषण, विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, उद्योगपति और समाजसेविका पूनम आनंद उपस्थित थीं। मौके पर पुष्पा सहाय ने लोगों के समक्ष रखा कि किस तरह एक-एक एहसास को पिरोकर कविताएं तैयार की गई हैं और अब ये काव्य- संग्रह के रूप में प्रकाशित हुई हैं। संजय सेठ ने पुष्पा सहाय को इस संग्रह के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। मौकेपर राजीव सहाय, सीमा सहाय, आशमा निलय, रंगोली सिन्हा, निर्मला कुमारी, राजलक्ष्मी, संजय अखौरी, अमरेश श्रीवास्तव, खुशबू बरनवाल उपस्थित थे।

**पहल** सरायकेला में हुई 'दिशा' की बैठक में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने दी जानकारी

# रांची में पहली बार आयोजित होगा डिफेंस एक्सपो

- चांडिल अनुमंडल अस्पताल में जल्द शुरू होगी डायलिसिस सेवा
- बैठक में शामिल हुए वरीय पदाधिकारी

नवीन मेल संवाददाता




- बैठक में योजनाओं की समीक्षा

**सरायकेला।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 19, 20 और 21 सितंबर को रांची में डिफेंस एक्सपो के आयोजन की जानकारी दी। यह बात उन्होंने सरायकेला के जिला समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित दिशा कार्यक्रम के दौरान कही।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम पहली बार रांची हो रहा है, जिसमें झारखंड के एमएसएमई भी डिफेंस सेक्टर में आएंगे और सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त करेंगे। इसमें डिफेंस सेक्टर के बड़े-बड़े अधिकारी भी शामिल होंगे। जिसमें उन्हें सभी प्रकार की जानकारी दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने झारखंड के उद्यमियों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

केंद्रीय मंत्री की ओर से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, विद्युत, खाद्य आपूर्ति, पेयजल एवं स्वच्छता, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, केसीसी, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पथ निर्माण समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिन योजनाओं की प्रगति धीमी पाई गई, उनमें सुधारात्मक कदम उठाते हुए उन्हें निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया गया है। सड़क योजनाओं में अनियमितता की शिकायत की जांच 15 दोनों के अंदर उपायुक्त को करने का निर्देश जारी किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने चांडिल अनुमंडल अस्पताल में डायलिसिस सेवा जल्द प्रारंभ होने के लिए निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही चांडिल का अंडरपास, दो माह के अंदर पूरा होने का भी आश्वासन दिया है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि बैठक के दौरान पीएमजीएवाई, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, पीडब्लूडी सड़क योजनाओं में अनियमिता की शिकायत मिली है, उन्होंने कहा कि 15 दिनों के अंदर उपायुक्त को सभी मामलों की जांच करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

दरअसल सरायकेला में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक हुई। बैठक में खरसावां विधायक दशरथ गागराई, इचागढ़ विधायक सविता महतो, उपायुक्त नितिश कुमार सिंह, एसपी मुकेश लुनायत, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, उप विकास आयुक्त रीना हांसदा समेत विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए।

### नवरात्रि से पूर्व खराब ट्रांसफार्मर बदलने के निर्देश

इधर, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि 22 सितंबर से नवरात्र शुरू होने वाला है। नवरात्र से पूर्व सभी गांव- देहात में खराब ट्रांसफार्मर बदलने के निर्देश दिया गया है ताकि नवरात्र के दौरान नियमित रूप से सभी लोगों को बिजली आपूर्ति कराया जा सके। इस दौरान स्वच्छता भी बरकरार रखने के लिए विभाग को निर्देश दिया गया है क्योंकि 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई जाएगी, इसलिए स्वच्छता हर हाल में बरकरार रहनी चाहिए।

## भाजपा महिला मोर्चा आज निकालेगा आक्रोश मार्च

- कांग्रेस कार्यालय के सामने धरना भी देगी
- पीएम की मां पर अभद्र टिप्पणी का मामला

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** बिहार में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी की मां को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ झारखंड प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा सोमवार (01 सितंबर) को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के समक्ष धरना देगा। इसे लेकर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती सिंह ने रविवार को रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक के बाद भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि बिहार के दरभंगा में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के मंच से जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत मां के लिए अभद्र शब्द बोले गए, उससे न केवल भाजपा नेता और कार्यकर्ता आक्रोशित हैं, बल्कि देश की आम जनता और महिलाएं सभी मर्माहत हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा सोमवार को जयपाल सिंह स्टेडियम के पास से श्रद्धानंद रोड स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय तक आक्रोश मार्च निकालेगी। यह आक्रोश मार्च प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सामने एक विरोध सभा में तब्दील हो जाएगा। आरती सिंह ने कहा कि राहुल गांधी सिर्फ झूठ की राजनीति करते हैं। संवैधानिक संस्थाओं पर बेबुनियाद आरोप लगाकर दुनिया में देश की छवि धूमिल करने वाले राहुल गांधी को पीएम की मां के लिए कहे गए अपशब्दों के लिए देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

### नागरमल मोदी सेवा सदन का 68वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक संपन्न

# चिकित्सक भगवान के स्वरूप हैं और सेवा सदन एक मंदिर है : ओमप्रकाश केजरीवाल

**● जन समुदाय ने सेवा सदन की सेवा भावना की सराहना की और पूरी टीम को बधाई दी।**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नागरमल मोदी सेवा सदन अस्पताल का 68वां स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष, सेवा भारती झारखंड, ओमप्रकाश केजरीवाल ने अध्यक्ष अरुण छावछरिया एवं मानद सचिव आशीष मोदी के साथ सदन का परिभ्रमण किया। समारोह की शुरुआत ओम मंत्रोच्चारण एवं अपराजिता कुमारी की गणेश वंदना से हुई। परिचारिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि का स्वागत पूर्व अध्यक्ष राजकुमार केडिया ने पौधा भेंट कर किया। समारोह का संचालन उपाध्यक्ष रेखा जैन एवं सह सचिव वेद प्रकाश बागला ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सह सचिव ललित केडिया ने प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य भागचंद पोद्दार, गोवर्द्धन गाड़ोदिया, चंडी प्रसाद डालमिया, नवनीत मोदी, प्रदीप नारसरिया, वरुण जालान सहित अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनील रूंगटा, डॉ. रमण कुमार, डॉ. अंजु कुमार, डॉ. अरविंद सिंह एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




### उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ प्रवीण मेहरा को किया गया सम्मानित

इस अवसर पर अध्यक्ष ने अस्पताल के विकास व सेवाओं पर प्रकाश डाला और कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति से कोई भी कार्य संभव है। मानद सचिव ने बताया कि शीघ्र ही मात्र 500 रुपए में डायलिसिस सेवा प्रारंभ की जाएगी। कार्यक्रम में सेवा सदन संवाद पत्रिका का लोकार्पण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया, जिसकी जानकारी संपादक आलोक तुलस्यान ने दी। सह सचिव वेद प्रकाश बागला ने समाज सुधारक नागरमल मोदी के 1953 के सार्वजनिक अभिनंदन का वाचन कर सभी को भावुक कर दिया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए चिकित्सक डॉ. प्रवीण मेहरा तथा कर्मचारियों कुमार नीतिन, शांति टोप्पो, अंबेश्वरी, रंजीत गाड़ी व सोमनाथ महतो को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि "चिकित्सक भगवान का स्वरूप हैं और सेवा सदन एक मानव मंदिर है, जहां सच्ची सेवा के जरिए समाज को लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सरावगी, अजय मारू और राजकुमार केडिया ने शॉल, मेमेन्टो व नागरमल मोदी जी का डाक टिकट भेंट कर सम्मानित किया।

### श्री श्याम महोत्सव का चौथा दिन

# भजनों की धुन पर भक्त झूमने को हुए मजबूर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मंडल के 58 वें वार्षिक श्री श्याम महोत्सव के रविवार को चौथे दिन था। अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम प्रभु का प्रातः में मंगल आरती के पश्चात नवीन वस्त्र व अत्यंत मनमोहक श्रृंगार किया गया। प्रातः 8 बजे से 250 महिला एवम पुरुष द्वारा सुन्दर कांड का सस्वर पाठ किया गया तत पश्चात 11 बजे से स्थानीय भजन मंडली श्री हनुमान मंडल , श्री शिव भक्त मंडल ने एक से बढ़ कर एक भजनों की गंगा श्री श्याम प्रभु के चरणों में अर्पित किया। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को भक्तों द्वारा 501 सवामणी का भोग अर्पित किया गया साथ ही दो हजार भक्तों के सवामणी का पूर्ण प्रसाद ग्रहण किया। चंडीगढ़ से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक गुरप्रीत धारीवाल के भजनों की लय पर श्याम भक्त झूमने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम के अंत में श्याम मंडल के मंत्री धीरज बंका ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा श्री श्याम महोत्सव श्री श्याम मंडल के अधिकृत यू ट्यूब चैनल पे प्रसारण किया गया। रात्रि 10 बजे श्री श्याम प्रभु का महाआरती कर 58 वें श्री श्याम महोत्सव का समापन किया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में नितेश लाखोटिया, लल्लू सारस्वत, महेश सारस्वत, लड्डू सारस्वत, जितेश अग्रवाल, विजय शंकर साबू, अरुण धनुका, अजय रूंगटा, कुणाल जलान, मनोज ढांढनीयां, प्रियांश पोद्दार का विशेष सहयोग रहा।

# संत जेवियर्स कॉलेज में शहरी हरित स्थल पर जागरुकता कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- **शहरी हरित स्थलों के महत्व पर जागरूकता बढ़ाना**
- **रंगोली, मॉडल निर्माण और फैशन शो का आयोजन**
- **पैनल में शहरी हरित स्थलों पर सुझाव और अनुभव साझा किए गए**
- **रंगोली, मॉडल निर्माण और फैशन शो में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया**

संत जेवियर्स कॉलेज के शिक्षा विभाग के इको क्लब धरामीत ने- शहरी हरित स्थल के महत्व पर दो दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके तहत अंतर्विभागीय रंगोली, मॉडल निर्माण और फैशन शो में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रविवार को समापन समारोह में मुख्य अतिथि साइंटिफिक और फॉरेंसिक प्रयोगशाला के उप निदेशक डॉ अमित कुमार व विशिष्ट अतिथि कॉलेज के रजिस्ट्रार और ग्रीन कैंपस कमेटी के अध्यक्ष डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग और प्रो शालिनी मिंज ने पैनल परिचर्चा में भाग लिया। इसमें वक्ताओं ने- शहरी हरित स्थल के महत्व पर अपने अनुभव और सुझाव साझा किए।

सत्र का संचालन धरामीत क्लब की संरक्षका डॉ नंदिता पांडेय ने किया। धरामीत सदस्यों ने थीम के आधार पर नृत्य, नाटक व गायन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ फादर फ्लोरेंस पूर्ति, डॉ अनुपमा भार्गव, डॉ नीलिमा ज्योत्सना टोप्पो, डॉ सुधांशु सिरिल कुजूर, प्रो सुधा रानी खलखो, प्रो पंकज कुमार, प्रो जगबंधु महतो, डॉ विक्रम बहादुर नाग, प्रो कविता टोपनो, प्रो रूमा भट्टाचार्य व प्रो शिल्पा किंडो उपस्थित थे। कार्यक्रम में धरामीत के- शुभम, तृषा, अंजली, अपर्णा, इला, करन, रितिक, हरिओम, रवि, सुप्रिया, विद्या, दीपा, शाइनी, हेमा, नेहा, बुशरा, मिस्बा, सिमरन, निशा का अहम योगदान रहा।

### ऑनलाइन पेमेंट का झांसा दे दुकानदार से 2.70 लाख ठगे केस दर्ज

**रांची।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के न्यू पोखरटोली निवासी दुकानदार अंकित कुमार ने फर्जी ऑनलाइन पेमेंट के जरिये 2.70 लाख ठगने के आरोप में थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने कृष कुमार, गोलू कुमार, आयुष कुमार और हर्ष कुमार को आरोपी बनाया है। आरोप लगाया कि पिछले नौ माह से कुछ युवक उसकी दुकान से प्रतिदिन हजारों रुपए का चाय-नाश्ता समेत अन्य सामान ले रहे थे। भुगतान के बदले फर्जी यूपीआई ऐप के जरिए पेमेंट स्क्रीनशॉट दिखा देते थे। इन्हीं युवकों में से एक के साथ आए एक शख्स ने ही इसकी जानकारी दी। उन्होंने जब पिछले पेमेंट की जांच की तो ठगी का पता चला। पकड़े जाने पर युवकों ने पैसे देने की बात कही। लेकिन इनके अभिभावकों ने पैसे देने से इनकार कर दिया और हत्या की धमकी दी।

# राज्यस्तरीय पेंटिंग, क्विज व भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय खेल दिवस पर स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग की ओर से झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा जिला उत्कृष्ट विद्यालय, रांची में पहली बार राज्यस्तरीय पेंटिंग, क्विज और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राज्य के सभी जिलों से चयनित 144 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि मनोज कुमार सचिव, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, निदेशक शेखर जमुआर व राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का परिणाम पेंटिंग (बालिका वर्ग): प्रथम ब्यूटी सेन (धनबाद), द्वितीय असभ्या कुमारी (रांची), तृतीय सुलेखा कुमारी (रामगढ़) पेंटिंग (बालक वर्ग): प्रथम कृष्ण कुमार (रामगढ़), द्वितीय अनुराग लोहारा (रांची), तृतीय सूरज कुमार (पलामू) भाषण (बालिका वर्ग): प्रथम साक्षी प्रिया (देवघर), द्वितीय जानवी (पूर्वी सिंहभूम), तृतीय निधि कुमारी (पलामू) भाषण (बालक वर्ग): प्रथम आकाश नंदी (प सिंहभूम), द्वितीय आदित्य पाण्डेय (देवघर), तृतीय चंदन दास (चतरा) क्विज (बालिका वर्ग): प्रथम खुशनुमा परवीन (रामगढ़), द्वितीय मीरा कुमारी (बोकारो), तृतीय सृष्टि पासवान (लोहरदगा) क्विज (बालक वर्ग): प्रथम रोहित उरांव (गुमला), द्वितीय लव कुश यादव (रामगढ़), तृतीय मयंक कुमार (हजारीबाग) । प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 5 के बच्चों ने खेल से स्वास्थ्य विषय पर पेंटिंग बनाई, कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने ओलंपिक का इतिहास व भारत का प्रदर्शन विषय पर क्विज़ में हिस्सा लिया, वहीं कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने मेजर ध्यानचंद के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

### चुटिया थाना क्षेत्र से स्नैचिंग और मोबाइल चोर गिरोह का भंडाफोड़

# मोबाइल खरीदार सहित पांच चोर चढ़े पुलिस के हत्थे, भेजे गए जेल

**नवान मेल संवाददात। रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र से स्नैचिंग और मोबाइल चोर गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करते हुए स्नैचिंग के मोबाइल खरीदार सहित चोर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। 5 आरोपियों के पास दो दर्जन मोबाइल मिले है।

**● 5 आरोपियों के पास से 2 दर्जन मोबाइल बरामद**

### लगातार बढ़ रही थी छिनतई की घटना

रांची के चुटिया थाना क्षेत्र में मोबाइल चोरी और स्नैचिंग की घटनाएं लगातार बढ़ रही थीं। शिकायतों के बाद पुलिस ने एक विशेष टीम बनाकर जाल बिछाया और आखिरकार इस गिरोह का खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस कार्रवाई में 5 मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया है और 24 चोरी किए गए मोबाइल बरामद किए हैं। राजधानी के आसपास लगातार छिनतई और मोबाइल चोरी की खबर पुलिस को मिल रही थी, इस वजह एक विशेष टीम का गठन किया गया और आरोपियों तक पुलिस पहुंची।



### गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी

ये चोर स्नैचिंग के लिए बाइक का इस्तेमाल करते थे जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक दुकानदार भी शामिल है, जो इन चोरी के मोबाइल को खरीदता और आगे बेचता था। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। चुटिया थाना पुलिस की इस सफलता से इलाके में कुछ राहत की उम्मीद ज़रूर बनी है। राजधानी में चोर और छिनतई गिरोह में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह में शामिल अन्य अपराधियों की तलाश तेज कर दी गई है। गिरोह के सदस्य जिनकी हुई गिरफ्तारी हुई उनमें आदित्य सिंह, विकास कुमार, कुणाल महतो उर्फ कुणाल रावत, सौरभ चौधरी व अमन कुमार शामिल है।

### आज / कल




# नीलम बीरूली की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित, लोगों ने किया याद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय जतरा महोत्सव की संस्थापक स्व. नीलम बीरूली की स्मृति में रविवार को मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका के समीप श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों, महिला समूहों एवं युवाओं ने उनकी आत्मा की शांति की कमाना की। इस अवसर पर उपस्थित जन समुदायों ने नीलम बीरूली के संघर्ष, उनके सामाजिक कार्य तथा आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को बचाने में दिए गए योगदान को याद किया। सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और यह संकल्प लिया कि नीलम बीरूली के अधूरे सपनों को साकार करने के लिए समाज एकजुट होकर कार्य करेगा। इस अवसर पर माला कुजूर, दीप्तराज बेदिया, राहुल तिर्की, अंतू तिर्की, अजय टोप्पो, संगीता शीतल तिर्की, मुक्ति बिरुलि, एलेक्स, अनिल उरांव, सोनू खलको, मुन्ना टोप्पो, रवि टोप्पो, ब्रजकिशोर बेदिया, गोविन्द टोप्पो, रवि, आलोका कुजूर, चंद्रिका बिरुली, विकास मिंज, एलिना होरो, उमेश मुंडा, करण नायक, अमित मुंडा, अविनाश बाडा, दीपक मुंडा, अलीशा गौतम, मानसिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।



# विश्वविद्यालय वोकेशनल शिक्षक संघ ने लगाया भेदभाव का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्वविद्यालय वोकेशनल शिक्षक संघ के सदस्यों ने रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की।जिसमें शिक्षकों ने कहा कि वे लंबे समय से स्थायीकरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में सरकार या विभाग की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जल्द ही मुख्यमंत्री और राज्यपाल को फिर से ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि इसके बाद भी मांगों पर सुनवाई नहीं होती है तो शिक्षक सड़क पर उतरकर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग और राज्य सरकार को कई बार लिखित ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही राजभवन तक बार-बार गुहार लगाई गई है, लेकिन अब तक उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हम वर्षों से विद्यार्थियों को पढ़ा रहे हैं, लेकिन अब भी कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर ही हमें काम कराया जा रहा है।



### आंदोलन की दी चेतावनी

### क्या हैं मुख्य मांगें

1. सभी वोकेशनल शिक्षकों का स्थायीकरण हो।
2. नियमित शिक्षकों की तर्ज पर मेडिकल, अवकाश और अन्य सुविधाएं मिले।
3. उचित और सम्मानजनक मानदेय मिले।
4. उच्च शिक्षा विभाग में नीति स्तर पर सुधार हो और समान अवसर मिले।
5. सरकार की जिम्मेदारी

### विद्यार्थियों पर असर

शिक्षक संघ ने कहा कि सबसे ज्यादा विद्यार्थी आज वोकेशनल कोर्स में पढ़ाई कर रहे हैं और इन्हीं कोर्स से सीधे नौकरियां भी मिल रही हैं। इसके बावजूद इन कोर्सों से जुड़े शिक्षकों की अनदेखी करना अन्याय है। उन्होंने कहा कि अगर शिक्षकों की स्थिति ही ठीक नहीं रहेगी तो छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे मिलेगी।संघ से जुड़े शिक्षकों ने चेतावनी दी कि लगातार उपेक्षा के कारण शिक्षक अब आंदोलन की राह पकड़ने को मजबूर हैं। यदि उनकी मांगों पर सरकार जल्द पहल नहीं करती है, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन शुरू करेंगे। शिक्षक संघ का कहना है कि वोकेशनल शिक्षा आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। राज्य में हजारों विद्यार्थी इन कोर्सों से पढ़ाई कर रहे हैं और नौकरी पा रहे हैं। ऐसे में शिक्षकों की उपेक्षा करना न केवल उनके भविष्य के साथ अन्याय है, बल्कि विद्यार्थियों और राज्य के शिक्षा तंत्र के साथ भी खिलवाड़ है।

### सरकार पर लगाया भेदभाव का आरोप

बैठक में शिक्षकों ने बताया कि वे नियमित शिक्षकों के बराबर कार्य कर रहे हैं। पढ़ाई-लिखाई से लेकर परीक्षा संचालन तक सभी जिम्मेदारियां निभाते हैं। इसके बावजूद उन्हें बराबरी की सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। न तो मेडिकल की सुविधा उपलब्ध है, न छुट्टियां मिलती हैं और न ही उचित मानदेय दिया जाता है। शिक्षकों ने कहा कि जब उनसे काम और जिम्मेदारियां पूरी तरह ली जाती हैं, तो सुविधाएं भी समान मिलनी चाहिए। नियमित और कॉन्ट्रैक्ट शिक्षकों के बीच इस तरह का भेदभाव शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करता है।



### पिठौरिया में चार दिवसीय गणपति उत्सव हुआ समापन

## गाजे-बाजे और जयकारों के बीच गणपति बप्पा की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

नवीन मेल संवाददाता



**पिठौरिया।** पिठौरिया में चार दिवसीय गणपति उत्सव श्रद्धा और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ। भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद शनिवार को शोभायात्रा निकालकर भक्तों ने गाजे-बाजे और जयकारों के बीच गणपति बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन किया। पूरे चार दिनों तक पूजा पंडाल में भक्ति का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर दर्शन और प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, विसर्जन यात्रा में महिलाएं, पुरुष और बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए और "गणपति बप्पा मोरया" के जयघोष से पूरा इलाका गूंज उठा। गणपति विसर्जन के साथ ही चार दिवसीय धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। आयोजन करता अध्यक्ष कृष्णा जायसवाल सचिव आकाश सोनी, कोषाध्यक्ष विकास लहेरी कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन शर्मा सह-सचिव अभिषेक जयसवाल, सह-कोषाध्यक्ष शुभम सोनी, महामंत्री अम्बर केशरी, राजेश कुमार साहु, विजय सोनी (विक्की), समिति के संरक्षक अनिल केशरी,भरत प्रसाद सोनी, विशेश्वर जयसवाल,शंकर साहु, प्रदीप सोनी, जयराम महली, पंचम साहु, अमित वर्मा, सुनिल साहु, कृष्णा चौरसिया, श्रवण गोप, जितेन्द्र साहु (जीतु), मंटु गुप्ता, कृष्णा महतो, शंकर महतो, शक्ति जयसवाल, राजेश महतो, रघुवर साहु, शावर मल शर्मा, संतोष महतो, गोपाल साहु, उपाध्यक्ष पंकज साहु, रिषभ मिश्रा, दुर्गा गुप्ता, शिव जयसवाल, इंद्रजीत महतो, आनंद जयसवाल, संजय महतो, मधुसुदन , राजेश कुमार साहु, विजय सोनी (विक्की), संदीप साहु, संगठन मंत्री हर्ष जयसवाल, प्रदुमन साहु आदि मौजूद थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से हिंडालको कर्मी की मौत

**मुरी।** रविवार देर शाम गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन के चपेट में आने से हिंडालको कर्मी सूरज प्रकाश दुबे का दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार वह मुरी स्टेशन के पास रेलवे पटरी को पार कर रहे थे इसी बीच वह ट्रेन के चपेट में आ गए आनन फानन में उसे सिंगपुर नर्सिंग होम मुरी ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### संगठन सृजन के लिए कांग्रेस ने बनाए सात पर्यवेक्षक

**रांची।** संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी के। राजू के निर्देश पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने जिला अध्यक्षों की चयन प्रक्रिया का नेतृत्व करने के लिए प्रदेश कांग्रेस के सात नेताओं को सात जिला का पर्यवेक्षक नियुक्ति किया है। ये सभी पर्यवेक्षक एआईसीसी द्वारा नियुक्त किए गए।

## भूतनगर चेहल्लुम मेला की लाठी खेल प्रतियोगिता में आठ टीमें रही अव्वल



**खलारी।** चेहल्लुम मेला के अवसर पर खलारी के भूतनगर मैदान में आयोजित लाठी खेल प्रतियोगिता में क्षेत्र की 40 टीमों ने हिस्सा लिया। जबरदस्त मुकाबले के बीच आठ टीमें संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहीं। वहीं 15 टीमों को द्वितीय तथा तीन टीमों को तृतीय स्थान हासिल हुआ। अन्य सभी प्रतिभागी टीमों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दलों में जिदो, प्रयागो, हरिल कुम्बा टोली, चांदनी चौक आकाशी टंगर टोली, ब्लैक कमांडो सरगातु, जोजरो, मदरसा चौक उदरंगी तथा मस्जिद चौक सुरसा की टीमें शामिल रहीं। द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वालों में कर्बला चौक हिरही, रहमतनगर भुजनिया, नन्हा असगर टिगरा लाहरदगा, षेरे हिन्द कसुमडीह, मासूम अखाड़ा सेरेगहातु, मदरसा चौक विंदा शरीफ, हुसैनी अखाड़ा सरगातु, रहमतनगर भवरौव, कर्बला चौक उदरंगी,, ईदगाह मोहल्ला टिगरा, मिषन चौक नवाहाड़, चान्हो सुकरहुटु, वेशीला प्रेमनगर (रांची), हुसैनी अखाड़ा लोहरदगा, टिगरा उपर मोहल्ला शामिल रहे। तृतीय पुरस्कार हुसैनी क्लब चंदवा, चांदनी चौक टागर टोली तथा मुरकुनी टांगर बस्ती की टीमों को दिया गया। ज़िप सदस्य शाल्या परवीन व झामुमो युवा नेता औरंजेब खान ने पुरस्कार वितरण किया।

## न्यूज बॉक्स

### पिठौरिया नया तालाब से युवक का शव 27 घंटे बाद बरामद



फाइल फोटो

**पिठौरिया ।** पिठौरिया थाना क्षेत्र के नया तालाब चौक स्थित तालाब में डूबे युवक का शव लगभग 27 घंटे बाद बरामद कर लिया गया। शुक्रवार शाम डूबे युवक की तलाश में एनडीआरएफ और पिठौरिया पुलिस की टीम लगातार अभियान चला रही थी। अंततः शनिवार देर रात शव को पानी से बाहर निकाला गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। मृतक की पहचान सुमित खाखा (23 वर्ष), पिता रघु खाखा के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुमित नशे की हालत में तालाब में नहाने गया था, इस दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना से परिजन और स्थानीय लोग गमगीन हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नव प्राथमिक विद्यालय व लैम्पस बलथरवा में हुई चोरी




**खलारी।** नव प्राथमिक विद्यालय बलथरवा तथा बलथरवा लैम्पस में शनिवार रात चोरी हो गई। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपनाथ मुंडा तथा लैम्पस अध्यक्ष छोटू पाहन ने खलारी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को दी गई सूचना में बताया गया है कि प्रधानाचार्य शनिवार अपराह्न तीन बजे विद्यालय बंद होने के उपरांत घर चले गए थे। रविवार सुबह ग्रामीणों ने फोन पर सूचना दिया कि स्कूल का ताला टूटा हुआ है। सूचना पाकर विद्यालय पहुंचने पर पाया कि स्कूल का मोटर पम्प, 2 स्टार्टर, 4 पंखा, 40 मध्यान्ह भोजन की थानी, दो बोरा चावल की चोरी हो गई थी। आलमीरा का ताला तोड़कर पंजी को भी क्षतिग्रस्त किया गया है। वहीं छोटू मुंडा ने बताया कि लैम्पस से एक मोटर पम्प, एक स्टार्टर व तार की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई है।

### आठ कारों से ब्लैक फिल्म हटाई गई




**रातू।** रांची में गाड़ियों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाने वाले लोगों के खिलाफ रांची ट्रैफिक पुलिस अब सख्त रवैया अपना रही है। इस अभियान के तहत पंडरा ट्रैफिक थाना प्रभारी सुनील कुमार गौड़ के नेतृत्व में शनिवार को रातू के तिलता ओवर ब्रिज के पास लगभग 8 कार के ब्लैक फिल्म हटाया गया एवं संबंधित वाहन के चालक से एक - एक हजार रूपए का जुर्माना भी वसूला गया। अभियान के तहत आम से लेकर खास सभी वाहनों के शीशे में लगे ब्लैक फिल्म को हटाया गया।

### करम पूर्व संध्या कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री चमरा लिंडा



**रांची। रातू राजा तालाब स्थित पड़हा भवन मैदान में करम पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, युवा नेता ओम शंकर गुप्ता ओर पूर्व जिला परिषद सदस्य अमर उरांव सहित रातू क्षेत्र के लगभग 200 अखड़ा के लोग शामिल होकर आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया। युवा नेता ओम शंकर गुप्ता ने कहा कि करम पर्व हमारे आदिवासी समाज की पहचान है । इस दिन हम करम देवता की पूजा करते है ओर सुख समृद्धि ओर अच्छी फसल की कामना करते हैं। यह त्योहार हमें अपनी संस्कृति ओर परंपरा को संजोकर रखने की प्रेरणा देता है। करम पर्व हमें बताता है कि पेड़-पौधे सिर्फ हमारे लिए जरुरत ही नहीं बल्कि जीवन के रक्षक है। आइये हम सब मिलकर यह संकल्प ले की अपनी परंपराओं का सम्मान करेंगे। प्रकृति की रक्षा करेंगे ओर समाज मे भाईचारा ओर एकता का संदेश फैलाएंगे।**

### रांची ज़िला जमीयत उलेमा का चुनाव संपन्न

## मौलाना अब्दुल कय्यूम कासमी अध्यक्ष व हाजी शाह उमैर महासचिव चुने गए



**चान्हो।** जमीयत उलेमा हिंद और जमीयत उलेमा झारखंड के निगरानी में जमीयत उलेमा जिला रांची के नए पदाधिकारियों का चुनाव रविवार को मदरसा मदीनतुल उलूम टांगर में संपन्न हुई। चुनावी बैठक की अध्यक्षता जमीयत उलेमा झारखंड के महासचिव हजरत मौलाना डॉ. असगर मिस्बाही ने की और संचालन हाफिज अब्दुल अजीज ने किया। इस अवसर पर जिला भर से बड़ी संख्या में उलेमा, इमामों और जमीयत के सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से हजरत मौलाना अब्दुल कय्यूम कासमी साहब को अध्यक्ष और अलहाज शाह उमैर साहब को महासचिव चुना गया। हाजी मुहम्मद एहसान को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा चार उपाध्यक्ष, छह उप सचिव, चार संरक्षक और एक मीडिया प्रभारी का भी चुनाव किया गया। उपाध्यक्षों में हजरत मौलाना कारी अंसारुल्लाह कासमी शहर रांची क्षेत्र, हजरत मौलाना शहाबुद्दीन कासमी कांके क्षेत्र, हजरत मुफ्ती उजैर कासमी चान्हो क्षेत्र और अल्हाज मोइन साहब इटकी क्षेत्र से चुने गए। उप सचिवों में मौलाना डॉ. जाहिद इकबाल बलसुकरा क्षेत्र, हाफिज तजममूल बिजोपारा क्षेत्र, मौलाना मंसूर मजाहिरी कांके क्षेत्र, मौलाना तनवीर मांडर क्षेत्र, मौलाना नजमुद्दीन कडरू क्षेत्र और मौलाना अलीमुद्दीन नगरी क्षेत्र से चुने गए। संरक्षकों में हाजी मुस्लिम केसा, मौलाना अब्दुल कय्यूम अल्वी, मुफ्ती सलमान कासमी और मौलाना नूरुल्लाह हबीब नदवी चुने गए। पत्रकार आदिल रशीद को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक के रूप में महासचिव हजरत मौलाना डॉ. मो असगर मिस्बाही, लातेहार जिले के महासचिव मुफ्ती अब्दुल वाजिद चतुर्वेदी, कार्यकारिणी सदस्य हाजी जहीर साहब, कार्यकारिणी सदस्य मुफ्ती शोएब साहब शामिल हुए।

### भगवान गणपति का उत्सव अंग्रेजों के खिलाफ जन जागरण का अभियान बना था

# गणेश पूजा की शुरुआत बाल गंगाधर तिलक ने की थी : रघुवर

नवीन मेल संवाददाता

- **गणेशोत्सव के पांचवें दिन 751 किलो दूध से बने खीर का महाप्रसाद का भोग लगाया गया**



**बेड़ो।** गणेश जी की पूजा का सार्वजनिक रूप से पहली बार बाल गंगाधर तिलक ने शुरू किया। तब हमारा देश गुलाम था। यह राष्ट्रीय जागरण का उत्सव बना। बाल गंगाधर तिलक ने तब पंडाल से ही उद्घोषणा किया था कि स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हम इसे लेकर रहेंगे। भगवान गणपति का उत्सव अंग्रेजों के खिलाफ जन जागरण का अभियान बना। यह तब महाराष्ट्र में शुरू हुआ धीरे-धीरे देश के अन्य भागों में फैलता गया। उक्त बातें बेडो.में श्री राधे कृष्ण यूथ संगम गणेश पूजा आयोजन समिति बेडो. के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय गणेशोत्सव के दौरान बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने कही। गणेशोत्सव के पांचवें दिन 751 किलो दूध से बने खीर का महाप्रसाद का भोग लगाया गया। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने बतौर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हटिया के विधायक नवीन जायसवाल सहित राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य एवं पूर्व मेयर आशा लकड़ा ने श्री सिद्धिविनायक भगवान गणपति बप्पा के पूजनोत्सव में हिस्सा लिया। उन्होंने गणपति बप्पा की महाआरती की और पूजन अनुष्ठान में हिस्सा लिया। उनके साथ भाजपा नेता सन्नी टोप्पो और पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने भी गणपति की आरती किया और पूजा अनुष्ठान में भाग लिया।इस मौके पर रघुवर दास ने कहा कि मैं कामना करता हूं कि हमारा देश हमारा राष्ट्र निर्विघ्न रहे। विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी सबका कल्याण करें। इस मौके पर श्री राधे कृष्ण यूथ संगम एवं आयोजन समिति के सभी कार्यकर्ताओं ने रघुवर दास का भव्य स्वागत किया। इसके पूर्व प्रातःकालीन आवाहित देवी देवताओं का पूजन, श्री सिद्धिविनायक जी का पूजन एवं संध्या में महाआरती का आयोजन किया गया। इसके साथ 151 किलो का लड्डू और 751 लीटर दूध से बने खीर के महाप्रसाद का भोग लगाया गया। मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, समाजसेवी नवदीप कुमार महतो, भाजपा बेड़ो मंडल के अध्यक्ष बलराम सिंह, पूर्व प्रमुख धनंजय कुमार रॉय, रामनारायण भगत, महादेव कुजूर, मनोज कुमार साहु सहित दर्जनों लोग कार्यक्रम में उपस्थित हुए। पूजा अनुष्ठान को सफल बनाने में अंकित कुमार सोनी आदि मौजूद थे।

### सीयूजे में करम पूर्व संध्या का आयोजन

## करम पूजा प्रकृति की पूजा है : प्रो. क्षिति भूषण दास

नवीन मेल संवाददाता

- **कुलपति ने पारंपरिक पूजन और मांदर बजाकर की कार्यक्रम की शुरुआत**



**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के ट्राइबल स्टूडेंट्स कल्चरल एसोसिएशन - टीएससीए के तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में करम पूर्व संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति, प्रो. क्षिति भूषण दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कुलपति ने कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक पाहन पूजा से की। पाहन ने भेलवा पूजा और झंडा रोपण करके सभी के उपस्थिति में पूजा संपन्न कराई। पूजा उपरान्त सारे मेहमानों का स्वागत गमछा पहना के किया गया। कुलपति को ऊरांव समाज के पारंपरिक तरीके से गमछा और पगड़ी पहना के स्वागत किया गया। डीन, स्टूडेंट वेलफेयर, डॉ अनुराग लिंडा ने गमछा और आदिवासी चित्र देकर कुलपति का स्वागत किया। कुलपति ने विद्यार्थियों और प्राध्यापकों के साथ आदिवासी पारंपरिक नृत्य किया और मांदर भी बजाया। मौके पर कुलपति ने कहा कि करम पूजा प्रकृति की पूजा है जिसमें हम सब आदिवासी और अन्य समुदाय के लोग उससे जुड़कर अपनी पहचान और अस्मिता पर हमेशा गर्व करना चाहिए। अपनी संस्कृति के साथ साथ दूसरे की संस्कृति का भी पूर्ण सम्मान करना चाहिए, क्योंकि हम सब एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। आदिवासी कहानी के अनुसार कर्म और धर्म एक साथ रहते हैं, हमें अपने अपने कर्म और धर्म को अपनाते हुए अपना कर्म करते हुए विश्वविद्यालय को निरंतर आगे लेकर जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत जब हम करम और सरहुल जैसे प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण संबंधित उत्सव, पाठ्यक्रम में डालेंगे तो उसको हर तरफ और उचित सम्मान मिलेगा। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू, डॉ. अनुराग लिंडा, डॉ. रमेश उरांव, डॉ. सीमा ममता मिंज, डॉ. निर्मली बोरदोलोई, डॉ. कंचन लाकड़ा, डॉ. बैरागी माल्लिक, चीफ प्रॉक्टर, डॉ अमरेंद्र कुमार, डॉ. एंजेल नाग और डॉ सुदर्शन यादव सहित कई प्राध्यापक उपस्थित थे।

### रैयत विस्थापित मोर्चा का धरना आठ को

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा द्वारा रैयत विस्थापितों की समस्याओं को लेकर 8 सितम्बर को डकरा परियोजना कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया जाएगा। इस संबंध में डकरा शाखा अध्यक्ष सुनील यादव ने परियोजना पदाधिकारी को पत्र सौंपा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि डकरा खदान के लिए जिन रैयतों ने अपनी जमीन दी, उनके विस्थापित गांवों में अब तक कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। बिजली, सड़क, पानी, स्कूल, स्कूल बस और चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। शाखा सचिव श्यामजी महतो ने बताया कि कई रैयतों की जमीन अधिग्रहण कर ली गई, लेकिन अब तक उन्हें न तो नौकरी मिली, न मुआवजा, न ही पुनर्वास। यहां तक कि आजीविका सुनिश्चित करने के लिए भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। मोर्चा पदाधिकारियों का कहना है कि देश की ऊर्जा आपूर्ति बढ़ाने के लिए रैयतों ने अपनी जमीन दी।

### लोक सेवा समिति की 34वीं वर्षगांठ पर विशेष कार्यक्रम

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह को दी गई श्रद्धांजलि




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** लोक सेवा समिति की स्थापना के 34 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में समाज की विविध विभूतियों और संस्थानों को सम्मानित किया गया। यह अवसर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं 'झारखंड रत्न' दिशोम गुरु शिबू सोरेन और वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह को श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित है। मौके पर लोक सेवा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद ने कहा कि समाज के लिए सेवा का यह 34 वर्षीय सफर अनेक विभूतियों और साथियों के सहयोग से संभव हो पाया है। इस वर्षगांठ पर हम उन सभी महान विभूतियों को सम्मानित कर रहे हैं, जिन्होंने अपनी कर्मभूमि से समाज को नई दिशा दी है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू प्रमंडल के डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि नशा पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है इससे बचाव तभी होगा जब परिवार जागरूक होगा। हमसब को इससे बचना है और नई पीढ़ी को बचाना है। उन्होंने कहा हमसब गुलदस्ते के फूल के समान हैं, मिलकर रहेंगे तभी खूबसूरत लगेंगे। तभी हमसब का विकास होगा और तभी सर्वांगीण विकास का सपना साकार होगा। मौके पर अमानत अली अंसारी, चंचल भट्टाचार्य, प्रो हरविंदर सिंह, महादेव टोप्पो, बिरसा मुंडा के पोते बुधराम मुंडा, प्रो यासीन कासमी, मुकर्रम मदनी समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

### 'कर्मोत्सव' के सांस्कृतिक कार्यक्रम में डॉ अरूण उरांव हुए शामिल



**मांडर।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद एवं कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला द्वारा संयुक्त रूप से मांडर में आयोजित करम पूर्व संध्या 'कर्मोत्सव' पर छात्रों एवं अभिभावकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्रों ने शिक्षा का महत्व , भाषा एवं लोक परंपरा के संरक्षण तथा नशा , डायन बिसाही जैसे कुरीतियों पर दमन जैसे गंभीर विषयों पर संवाद किया। ईमानदार एवं सशक्त नेतृत्व की बुनियाद तिभाशाली छात्रों के बीच देखी गई। आयोजक डॉक्टर अरुण उरांव ने सभी को करम की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### प्रदर्शन | दलादली चौक पर विदेशी शराब दुकान खोलने का विरोध

# स्थानीय लोगों ने निकाला मशाल जुलूस

नवीन मेल संवाददाता

- **मुख्य चौराहे से 500 मीटर हटकर किनारे में शराब की दुकान खोलने की मांग**




**रांची।** रातू प्रखंड अंतर्गत रिंग रोड दलादली चौक पर विदेशी शराब दुकान पुनः खोलने के विरोध में स्थानीय लोगों ने मशाल जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल लोग शराब दुकान खुलने के विरोध में नारेबाजी कर रहे थे। मशाल जुलूस में शामिल लोग प्रशासन तथा झारखंड सरकार से इस मुख्य चौक पर शराब दुकान नहीं खोलने की मांग कर रहे थे। लोगों का कहना है की मुख्य चौराहे से 500 मीटर की दूरी पर किनारे हटकर शराब की दुकान खोली जाए। अति व्यस्त इस चौक पर शराब की दुकान होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोग यहां खुलेआम बैठकर शराब का सेवन करते हैं, एवं लोगों को रेकी भी करते हैं, साथ ही उक्त मार्ग से आने-जाने वाले महिलाएं, छात्राएं को भी को बुरी नजर से देखते हैं। विगत वर्ष माकपा के वरिष्ठ नेता सुभाष मुंडा की हत्या इसी चौक पर अपराधियों ने कर दी थी। इस घटना से गुस्साए लोगों ने शराब दुकान में तोड़फोड़ भी की थी। तब से यह शराब दुकान बंद थी। किंतु, अब पुनः शराब दुकान खोले जाने से स्थानीय लोगों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। पूर्व प्रखंड प्रमुख सुरेश मंडा, नगरी प्रखंड प्रमुख मधुवा कच्छप, राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, समाजसेवी अभिषेक मिश्रा रामभरोस महतो, सुधीर महतो, अजय राय, बालू भगत, रामाशीष शर्मा, अशोक दुबे, बिरसू मुंडा, रितेश सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि स्थानीय लोग किसी भी कीमत पर दलादली चौक पर शराब दुकान नहीं खुलने देंगे।

### लाकेंद्रीय आदिवासी सरना आश्रम में करम पूर्व संध्या दो को

## आयोजन समिति के अध्यक्ष बने संतोष तिर्की



नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग।** केंद्रीय आदिवासी सरना आश्रम गढ़डीपा सरसा में आगामी दो सितंबर को करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया है। सफल आयोजन एवं कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से विधायक प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया संतोष तिर्की को अध्यक्ष चुन लिया गया। जबकि मुनेंद्र लोहरा को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष बनाया गया। कमेटी ने देवगांव और लतरातु पंचायत के प्रमुख लोगों को कार्य समिति के सदस्य के रूप में रखा गया। जिसमे ग्राम प्रधान तिगरा झुबला पाहन, करमा उरांव ग्राम प्रधान देवगांव को कमेटी का केंद्रीय सदस्य बनाया गया।

### रामगढ़ कैंट में दशहरा समिति की हुई बैठक

**रामगढ़।** रविवार को बिजुलिया तालाब रोड स्थित बंधन बैंक्वेट हॉल के सभागार में रामगढ़ कैंट दशहरा समिति के तत्वधान में फुटबॉल ग्राउंड रामगढ़ में आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम को लेकर समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष दीपक सोनकर ने एवं मंच संचालन समिति के महासचिव नमेंद्र चंचल ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन महासचिव शिवकुमार महतो ने दिया। बैठक में मनचस्थ्य संरक्षक रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,अनमोल सिंह आदि मौजूद थे।

### विश्वविद्यालय जिला स्तरीय विभिन्न खेलों का हुआ आयोजन

# मेजर ध्यानचंद का खेल के प्रति समर्पण व उत्साह हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं : कुलाधिपति

नवीन मेल संवाददाता

- **खेल केवल शारीरिक विकास का नहीं बल्कि मानसिक संतुलन और अनुशासन का आधार है। विजेता एवं उपविजेता सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर समानित किया**



**रामगढ़।** विगत शनिवार को खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड रांची के पत्रांक 449 के आलोक में राष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खेल मैदान में जिला स्तरीय विभिन्न खेलो का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों ने मेजर ध्यानचंद के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, डीएसओ, रामगढ़ संजीव कुमार, डीएससी विकाश कुमार गोप ,टूरिज्म स्पेशलिस्ट सत्यम जी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने राष्ट्रीय खेल दिवस की हार्दिक बधाई दिए और उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद का खेल के प्रति समर्पण ,उत्साह और देश प्रेम की भावना हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का नहीं बल्कि मानसिक संतुलन और अनुशासन का आधार है। साथ ही पूरी उत्साह के साथ खेल की चुनौती में भाग लिया। जिसमें विजेता एवं उपविजेता सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर समानित किया। बालक फुटबॉल का फाईनल मुकाबला- राधा गोविन्द पब्लिक स्कूल, बनाम आदिवासी क्लब,रामगढ़ के बीच खेला गया जिसमें आदिवासी क्लब विजेता रहे। बालिका वर्ग का फाईनल खेलो इंडिया प्रशिक्षण केन्द्र, रामगढ़ बनाम चिकोर के बीच खेला गया जिसमे चिकोर 1-0 से विजेता रहे। मटका दौड़ में प्रथम बीना कुमारी द्वितीय आकांक्षा कुमारी तृतीय रूपा कुमारी, बालक स्वीमिंग में प्रथम कमलेश कुमार, द्वितीय सुरज कुमार तृतीय प्रिन्स कुमार, बालिका वर्ग में प्रथम भारती कुमारी, द्वितीय संजू कुमारी, तृतीय अम्रता कुमारी, योगा में प्रथम सुरज कुमार, द्वितीय मो० अकिल, तृतीय निखील कुमार, बालिका वर्ग में प्रथम पुनम कुमारी, द्वितीय सरैया तृतीय पम्मी कुमारी, बालक वर्ग बुशू प्रथम रामकुमार, द्वितीय सौरभ कुमार, तृतीय विनय कुमार, बालिका वर्ग में प्रथम स्थान खुशी कुमारी, द्वितीय मदीरा कुमारी, तृतीय प्रिति कुमारी रहें।

### दुर्गा पूजा को लेकर मासीपीढ़ी में बैठक का हुआ समापन

## दशरथ प्रसाद अध्यक्ष व दिलीप कुमार बने उपाध्यक्ष



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम मासीपीढ़ी में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। इस निमित बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा को हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया। पूजा के समय श्रद्धालुओं का अच्छी तरह से ध्यान रखना है और चोर उच्कों पर ध्यान रखना हम सभी दायित्व है। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष दशरथ प्रसाद एंव उपाध्यक्ष दिलीप कुमार को बनाया गया। साथ ही सचिव पिन्टू कुमार, कोषाध्यक्ष राजकुमार मंडल, उपकोषाध्यक्ष विवेक कुमार को बनाया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पूजा में किसी भी प्रकार का कदाचार करते हुए कोई पकड़े गए तो उस व्यक्ति पर सामजिक व कानून कारवाई किया जाएगा। वहीं उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से पूजा के लिए सहयोग राशि जमा करने का निर्णय लिया। बैठक में बैजनाथ मंडल, बालगोबिन्द प्रसाद, योगेश्वर चौधरी, पिन्टू मंडल, संजय रविदास, रीतलाल प्रसाद, दुखन माहतो, नारायण माहतो, सकलदेव राम,जीतन माहतो, रंजीत मंडल, परमेश्वर मंडल समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

## पूर्व शिक्षा मंत्री के द्वादश कर्म में शामिल हुए आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधि



**बरकट्ठा।** भारत जकात मांझी परगना महल के जिला अध्यक्ष रामजी बेसरा और सचिव मनोज मुर्मू ने झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय रामदास सोरेन के द्वादशकर्म में शामिल होने जमशेदपुर के घोड़ाबांध स्थित आवास पहुंचकर दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। इस निमित्त रामजी बेसरा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि स्वर्गीय रामदास सोरेन को सबसे ज्यादा उनकी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के लिए याद किया जाता है। झारखंड सरकार में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री के रूप में उन्होंने राज्य में शिक्षा के सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उनका मानना था कि शिक्षा ही आदिवासी और गरीब समुदायों के जीवन में बदलाव ला सकती है।

## ईद मिलादुन्नबी को लेकर रसोइया धमना में पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित



**बरही।** पैगंबर हजरत मोहम्मद (स.) की पैदाइश के अवसर पर ईद मिलादुन्नबी को लेकर रविवार को पंचायत स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक मदरसा अजीजिया जेया उल उलूम, रसोइया धमना बरही में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर हाजी सज्जाद अंसारी ने की जबकि संचालन मास्टर मो. अख्तर ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 5 सितम्बर को ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जाएगा। यह जुलूस सुबह 7:30 बजे मदरसा अजीजिया से निकलेगा। जुलूस अंसारनगर, छोटकी बरही, मदीना नगर, वर्सिया नगर, रसोइया धमना और लश्करी समेत पंचायत के सभी गाँवों से होकर गुजरेगा। जुलूस का उद्देश्य अमन-शांति, मिल्लत और भाईचारे का पैगाम फैलाना होगा। कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12 बजे तक सभी लोग पुनः मदरसा अजीजिया परिसर में एकत्रित होंगे। वहां सलाम पेश किया जाएगा और सामूहिक दुआ आयोजित होगी। बैठक में ईद मिलादुन्नबी के शांतिपूर्ण और सफल आयोजन को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। सभी उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे और शांति व भाईचारे का संदेश दिया जाएगा। बैठक में अब्दुल रज्जाक, मो. खलील, मो. तबरेज अंसारी, मो. तौकीर रजा, मो. हाकिम, मो. तस्लीम, मो. सेराज, मो. नईम, मो. समसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हजारीबाग की दो छात्राओं को पुरस्कार देकर किया जाएगा सम्मानित

**हजारीबागा।** रांची के प्रोजेक्ट भवन में राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह का आयोजन दो सितंबर को किया जाएगा। इसमें सीबीएसइ, जैक बोर्ड से मैट्रिक तथा 12वीं की वार्षिक परीक्षा 2025 में राज्य स्तर पर टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में हजारीबाग जिले के दो विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें इंदिरा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से मैट्रिक पास छात्रा गीतांजलि को पुरस्कार दिया जाएगा। जैक बोर्ड की माध्यमिक वार्षिक परीक्षा में गीतांजलि ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त की थी। सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस का दर्जा प्राप्त जिला स्कूल की छात्रा डॉली कुमारी को भी पुरस्कृत किया जाएगा। सीबीएसइ बोर्ड से संबद्धता प्राप्त इस स्कूल की छात्रा डॉली ने कॉमर्स 12वीं की परीक्षा में स्टेट टॉपर बनी थी।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया जिला कार्यालय का निरीक्षण

# रामगढ़ जिलाध्यक्ष चयन की प्रक्रिया जारी, शीघ्र होगी घोषणा : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता

- **उन्होंने कार्यकर्ता व पदाधकारियों ने से कहा कि पार्टी को और मजबूत बनाना है ताकि आने वाले समय में बड़ी पार्टी बनकर उभरे**



**रामगढ़ ।** रामगढ़ जिलाध्यक्ष चयन की प्रक्रिया जारी है। जब निर्णय होगा तो सभी को इस सम्बन्ध जानकारी दे दी जाएगी। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को कही। श्री मरांडी हथमारा पोचरा स्थित भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे थे। बाबूलाल मरांडी देवघर में युवा मोर्चा का सम्मेलन में भाग लेने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान जिला कार्यालय में रूककर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इधर अचानक बाबूलाल मरांडी के जिला कार्यालय पहुंचने की सूचना के बाद पार्टी के नेता व कार्यकर्ता पार्टी जिला कार्यालय पहुंचे। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा को राज्य के अंदर एक नई सोच के साथ मजबूत किया जा रहा है। जिससे आने वाले दिनों में कार्यकर्ताओं के अंदर एक नई उर्जा आएगी। उन्होंने कार्यकर्ता व पदाधकारियों ने से कहा कि पार्टी को और मजबूत बनाना है ताकि आने वाले समय में बड़ी पार्टी बनकर उभरे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को दम भरते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के असल रीढ़ होते हैं उनके बिना कुछ नहीं हो सकता है। सरकार बनाना और हटाने कार्यकर्ताओं का ही काम है। बाद में श्री मरांडी ने कार्यालय के रख-रखाव एवं विधि-व्यवस्था संबंधी कई आवश्यक जानकारियां ली। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, जगेश्वर प्रजापति, राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, मनोज गिरी, विनोद प्रसाद, रोहन लाल आदि उपस्थित थे ।

## विष्णुगढ़ की बेटी ने नीट पीजी परीक्षा में पाई सफलता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ की बेटी डॉ स्वाति रानी ने नीट पीजी की परीक्षा में सफल होकर पूरे प्रखंड के साथ जिले का नाम भी रौशन किया है। उन्हें ऑल इंडिया 5800 रैंक प्राप्त हुआ है। डॉ स्वाति रानी झारखंड के टॉप मेडिकल कॉलेजों में शुमार रिम्स, रांची से 2018 बैच की एमबीबीएस छात्रा रही हैं। उन्होंने बताया कि उनका सपना एमएस डॉक्टर बनना है। डॉ स्वाति रानी स्वाति रानी के पिता प्रखंड के जाने-माने शिक्षक हैं। जो फिलहाल पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। डॉ स्वाति रानी की छोटी बहन भी एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। वह वर्ष 2021 में नीट यूजी में झारखंड टॉपर बनी थी। फिलहाल वह देश के प्रतिष्ठित एमबीबीएस कॉलेज बीएमएमसी सफदरजंग हॉस्पीटल दिल्ली में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं। डॉ स्वाति रानी के नीट पीजी में सफल होने पर पूरे शिक्षकगणों, परिजनों समेत उनके गांव एवं प्रखंड में खुशी की लहर है। शौण्डिक समाज ने भी उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### सरना स्पॉर्टिंग क्लब झंड़वाटांड़ के तत्वाधान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

# जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया टूर्नामेंट का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत अंतर्गत सरना स्पोर्टिंग क्लब झंड़वाटांड़ के तत्वावधान में करमा पर्व के अवसर पर बड़की टांड़ मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन संयुक्त रूप से भारत जकात मांझी परगना महल के जिला अध्यक्ष रामजी बेसरा, जिला सचिव मनोज मुर्मू, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि शमीम अंसारी तथा शिक्षक संजुल मुर्मू, शिक्षक महादेव मुर्मू के द्वारा फीता काट कर किया गया। टूर्नामेंट के आयोजन के लिए अध्यक्ष साहेबराम सोरेन, सचिव राजू किस्कू, कोषाध्यक्ष गणेश मुर्मू, उपसचिव शिबू मुर्मू एवं सदस्य बासुदेव मरांडी बाबूलाल मरांडी, दुलारचंद मरांडी , सुरेन्द्र मरांडी, संजय, महेश ,अरुण वगैरह का काफी सहयोग रहा। उद्घाटन मैच में मेरमगढ़ा वर्सेज लुकुईया के बीच खेला गया जिसमें मेरमगढ़ा की टीम 2-1 से विजय हासिल की। वहीं जानकारी देते हुए राम जी बेसरा ने बताया कि इसमें 12 या 14 टीम के भाग लेने की संभावना है और फाइनल मैच करमा पूजा के दिन खेला जाएगा।

## भैरवा जलाशय में मछली पकड़ने के दौरान नाव पलटी, एक की मौत

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के बरियातु पंचायत के नावाडीह गांव निवासी रामचरण महतो पिता स्व छेदी महतो 46 वर्ष की विगत शनिवार को भैरवा जलाशय में मछली पकड़ने के दौरान नाव पलटने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। प्रत्येक दिन की तरह वह स्थानीय तौर पर निर्मित नाव को लेकर मछली पकड़ने के लिए भैरवा जलाशय गया हुआ था। सुबह 8.30 बजे लगभग डैम के बीचों बीच पहुंच कर फंसा जाल से मछली पकड़ने में मगन था। इसी दौरान उसके नाव में पानी भरना शुरू हो गया, जिसका उसे पता भी नहीं चला।

## न्यूज बॉक्स

### घरेलू विवाद को लेकर तीन मंजिला इमारत से गिरकर महिला गंभीर रूप से हुई घायल

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में रहने वाली एक महिला कि तीन मंजिला इमारत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। रविवार की सुबह बरकट्ठा निवासी कंचन देवी 22 वर्ष पति शंकर राम घरेलू विवाद को लेकर सरकारी आवास की छत से नीचे कूद पड़ी। जिसे इलाज के लिए परिजन तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा ले गये। जहां से चिकित्सक ने उसकी नाज़ुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया। हजारीबाग में भी उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए रिम्स रांची भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि कंचन देवी अपनी सास जो बरकट्ठा प्रखंड कार्यालय में स्वीपर का काम करतीं थीं ,के साथ एक क्वाटर में रहती थी। कंचन देवी ने घरेलू लड़ाई झगड़े के बाद यह कदम उठाया है।

### भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच भारी तनाव मामले को लेकर थाने में दिया गया आवेदन

**बरकट्ठा।** घंघरी गांव में भूमि विवाद के मामले में दो पक्षों के बीच भारी तनाव होने का मामला प्रकाश में आया है. इस बाबत ग्राम बरकट्ठा निवासी नसीम खान, आबिद खान ,मेराज खान ने 30 अगस्त को बरकट्ठा थाना में आवेदन दिया था. जिसके बाद बरकट्ठा थाना पुलिस के द्वारा कोई संज्ञान नही लेने से दो पक्षों के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है. नसीम खान ने दिये गये आवेदन में लिखा है कि खाता नंबर 13 प्लॉट नंबर 884 रकवा 3.41 एकड़ मधे रकवा 8 डीसमील भूमि हमलोगों की खरीदगी से हासिल है. जिसका डीड नंबर 19930/1972 के द्वारा हमारे पूर्वज अजीम खान वगैरह के नाम से अब तक दखल कब्जा कायम है. उक्त भूमि पर ग्राम घंघरी के ही कुछ दबंग प्रवृति के लोग जबरन पीलर खड़ा कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं. जिसपर इसके पूर्व भी दोनों पक्षों के बीच काफी खून खराबा और दर्जनों लोग गंभीर हो चुके हैं. इसके बावजूद भी दुसरे पक्ष के लोग जबरन दो दिनों से ताबड़तोड़ काम करवा रहे हैं. जिसका काम बंद करवाने के लिए पहले पक्ष के लोग थाना का चक्कर लगा रहे हैं. इस बाबत थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने बताया कि गश्ती दल को भेजा गया है और मामले की छानबीन की जा रही है।

### श्री दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन 'उत्तम शौच धर्म' की हुई पूजा



**रामगढ़।** उत्तम शौच धर्मः शौच का अर्थ पवित्रता उज्ज्वलता है। जो अपने आत्मा को देह से भिन्न ज्ञानोपयोग- दर्शनोपयोगमय, अखंड, अविनाशी, जन्म-जरा-मरण रहित, तीन लोकवर्ती समस्त पदार्थों का प्रकाशक सदाकाल अनुभव करता है, ध्याता है उसे शौच धर्म होता है। यह बात रविवार को श्री दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन श्री दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने कही। उन्होंने कहा की मन को मायाचार, लोभादि से रहित उज्ज्वल करने से शौचधर्म होता है। शुचि का अर्थ पवित्रता-उज्ज्वलता है। जिसका आहार-विहार आदि समस्त प्रवृत्ति हिंसा रहित हो, हिंसा के भय से यत्नाचार सहित हो, अन्य के धन में इक्षा रहित हो, अन्य की स्त्री में वाञ्छा कभी स्वप्न में भी नहीं हो, वहीं उज्ज्वल आचरण का धारक है, उसको ही जगत पूज्य माना जाता है। लोभी धर्म, अर्थ, काम को नष्ट करके ,कुमरण करके दुर्गति में चला जाता है।लोभी धर्म, अर्थ, काम को नष्ट करके, कुमरण करके दुर्गति में चला जाता है। लोभी के हृदय में सदगुणों को कोई स्थान नहीं रहता है।लोभी को इस लोक में तथा परलोक में अचिन्त्य क्लेश व दुःख प्राप्त होता है, अतः शौचधर्म का धारण करना ही श्रेष्ठ है।

### नवीन प्रकाश पांडे को एसपी ने रामगढ़ थाना प्रभारी बनाया



**रामगढ़।** पुनि नवीन प्रकाश पांडे को एसपी अजय कुमार द्वारा रामगढ़ थाना प्रभाारी बनाया गया है। इसको लेकर एसपी कार्यालय से 30 अगस्त को अधिसूचना जारी हो गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार नवीन प्रकाश पांडे से रामगढ़ थाना प्रभारी के रूप में योगदान देने को कहा गया है।

### सड़क पर अतिक्रमण के कारण जाम से राहगीर व स्कूली बच्चे होते हैं ज्यादा परेशान

**हजारीबाग ।** हजारीबाग के कांग्रेस ऑफिस रोड पर अतिक्रमण, जाम और गंदगी की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। सुबह और दोपहर के समय यहां का हाल बेहाल रहता है, जब गाड़ियों की लंबी कतारों में लोग फंसे नजर आते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर सब्जी विक्रेताओं और टोटो चालकों की भीड़ से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। इसके अलावा गंदगी और नियमित जलापूर्ति की कमी ने स्थिति को और बदतर बना दिया है। हिन्दुस्तान के बोले हजारीबाग कार्यक्रम में लोगों ने अपनी समस्याएं साझा की। हजारीबाग । शहर की प्रमुख सड़कों में शामिल कांग्रेस ऑफिस रोड पर जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल रूप लेती जा रही है।

सुबह और दोपहर के समय यहां का नज़ारा ऐसा होता है कि गाड़ियों की लंबी कतारें लग जाती हैं और लोग घंटों तक फंसे रहते हैं। ऑफिस जाने वाले कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के छात्र और आम राहगीर सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। लोगों का कहना है कि ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो चुकी है और स्थिति बिगड़ती ही जा रही है। स्थानीय निवासियों का साफ आरोप है कि सड़क पर सब्जी विक्रेताओं के बैठ जाने से जाम की समस्या बढ़ती है। ये सब्जी विक्रेता न केवल सड़क का आधा हिस्सा घेर लेते हैं बल्कि खरीदारों की भीड़ भी सड़क र रुक जाती है, जिससे गाड़ियों का गुजरना मुश्किल हो जाता है।

### हजारीबाग के एक मात्र संस्कृत विद्यालय ने पूरी तरह दम तोड़ा

**हजारीबाग।** जिले का एक मात्र राजकीय संस्कृत उच्च विद्यालय पूरी तरह से दम तोड़ दिया है। जिला स्कूल छात्रावास परिसर में संचालित इस विद्यालय की उपेक्षा कई साल से हो रहीं थी। संस्कृत माध्यम से पढ़ाई करने के वाले छात्र-छात्राओं के लिए एक मात्र स्कूल था। स्कूल बंद होने के बावजूद कोई भी संबंधित शिक्षा पदाधिकारी इसे बंद कहने को तैयार नहीं है। दरअसल, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की संचिका में भले ही यह विद्यालय खुला हुआ है किंतु जमीनी स्तर पर यह बंद पड़ा है। इस स्कूल में प्राचार्य का पद वर्षो से रिक्त है। स्कूल में एक भी शिक्षक पदस्थापित नहीं है। छात्र-छात्राओं का नामांकन भी नहीं है। हालांकि एक लिपिक इस स्कूल में प्रतिनियुक्त है जो कोई पत्र आने पर उसे रिसिव करता है। बताया जाता है कि कई वर्षो तक इस विद्यालय में सिर्फ परीक्षा फॉर्म भरने का कार्य होता था। शिक्षक नहीं होने से पढ़ाई नहीं होती थी। संस्कृत माध्यम से पढ़ाई करने में छात्र-छात्राओं की इच्छा में कई वर्षो से कमी आई है। हालांकि सरकार भी इस स्कूल को अपने भरोसे छोड़ दिया। इस स्कूल में पदस्थापित शिक्षक धीरे-धीरे रिटायर होते गये और उनके जगह पर नियुक्ति नहीं हुई। कई वर्षो तक हालात में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### अधिकार की मांग | झारोटेफ की बैठक में महा सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान

# सरकार कर्मचारियों की मांग पूरी करे : डॉ सुनील

- **केंद्रीय कर्मचारियों की भांति हम झारखंड के कर्मचारियों को भी शिशु शिक्षण भत्ता प्राप्त हो साथ ही हमारी अन्य मांगों को पूरी की जाए**




रामगढ़। रविवार को झारोटेफ के बोकारो जिला अंतर्गत मां अंबे गार्डन सेक्टर 2 इकाई में जिला स्तरीय कर्मचारी शक्ति समागम का आयोजन प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार किया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश कमेटी के प्रदेश उप महासचिव डॉ सुनील कुमार कश्यप उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि हम कर्मचारियों के अधिकार को सरकार को देना होगा। कर्मचारियों से डॉ कश्यप ने आह्वान किया कि हम कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति उम्र सीमा 62 साल हो, केंद्रीय कर्मचारियों की भांति हम झारखंड के कर्मचारियों को भी शिशु शिक्षण भत्ता प्राप्त हो साथ ही हमारी अन्य मांगों को पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि झारोटेफ के अह्वान पर 21 सितंबर को मोरहाबादी मैदान में कर्मचारी संकल्प महा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में झारखंड के 24 जिला से कर्मचार शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि आप भी अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में उपस्थित हो ताकि हम सभी को हमारा अधिकार मिले। जब तक सभी मिलकर सरकार पर दबाव नहीं बनाएंगे तब हमलोगों का अधिकार नहीं मिलेगा। इसलिए सभी को एकजुट होकर सरकार से अपनी मांगों को पूरी करानी है। उन्होंने कहा कि विशिष्ट अतिथि के रूप में सरायकेला के बृजमोहन यादव उपस्थित हुए। उन्होंने भी कर्मचारियों से आह्वान किया आपकी शक्ति आपकी उपस्थिति ही हम सभी की मांग पूरी कराएगी। वहीं, विशिष्ट अतिथि गंगासागर ने कर्मचारियों को कहा कि झारोटेफ ही एक ऐसी संस्था है जो कर्मचारियों के हित की लड़ई लड़ती है। कार्यक्रम का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने और संचालन आशुतोष कुमार ने किया। संजय कुमार ने कहा 21 सितंबर के महा सम्मेलन को सफल बनाने के लिए हम सभी ने संकल्प ले लिया है। मौके पर कई कर्मचारी मौजूद थे।

## ध्वजारोहण कर दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण कार्य शुरू किया

**गिद्दी।** गिद्दी दुर्गा पंडप के समीप रविवार को बजरंगबली के ध्वजारोहण कर श्री दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण कार्य शुरू किया गया। पंडित सुबोध पांडेय ने विधिवत्त पूजा अर्चना कर बजरंगबली का ध्वजारोहण कराया। इसके बाद महेश टेंट हाउस गिद्दी के कारीगरों ने दुर्गा पूजा के पंडाल निर्माण का कार्य प्रारंभ किया। इस बार बेहतर तरीके से पूजा मनाया जाएगा। सुरक्षा के रहेंगे बेहतर इंतजाम। इस अवसर पर गिद्दी दुर्गा पूजा कमेटी के सचिव रंधीर कुमार सिंह, सह सचिव बसंत राम, विजय कुमार, गिरजा सिंह, धनंजय मिश्रा, बबलू सिंह, उपेंद्र सिंह संतोष सिंह, लोकेश सोनी, सूरज चंद्र गोस्वामी, बबलू पांडेय, महेश प्रजापति उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक, डीसी ने दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा की अध्यक्षता में रविवार को स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 15वें वित्त आयोग एवं आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की स्थिति की जानकारी ली गई और कई आवश्यक निर्देश दिए गए।स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि 15वें वित्त आयोग की अवधि 2021-22 से 2025-26 में 25 स्वास्थ्य उपकेंद्र और 01 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण की स्वीकृति मिली है। इनमें से 09 उपकेंद्र पूर्ण हो चुके हैं तथा 16 के लिए निविदा प्रकाशित की जा चुकी है। इसी योजना के तहत नगर परिषद द्वारा 01 अर्बन हेल्थ वेलनेस सेंटर का निर्माण कार्य पूरा किया गया है जबकि एक अन्य के लिए स्थल चयन जारी है। इसके अतिरिक्त 04 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट स्वीकृत हैं, जिनमें 02 संचालित और 02 निर्माणाधीन हैं।आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना के तहत अब तक 38 स्वास्थ्य उपकेंद्र, 05 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट एवं 01 इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेट्री के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इनमें से 31 उपकेंद्र पूर्ण होकर हस्तांतरित हो चुके हैं, 03 का निर्माण पूरा है और 04 का कार्य प्रगति पर है। 05 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट में से 01 पूर्ण हुआ है जबकि 04 निर्माणाधीन हैं। वहीं, सदर अस्पताल परिसर में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेट्री का निर्माण प्रारंभ हो चुका है। उपायुक्त ने सभी कार्यों को समय पर पूर्ण कर शीघ्र स्वास्थ्य विभाग को सौंपने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए कहा कि टाइल्स सहित सभी सामग्री उच्च मानक की होनी चाहिए। बैठक में उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अमृत मिंज, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश में कारामंडल का किया औचक निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा ने रविवार को सिमडेगा मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल की व्यवस्था,स्वच्छता,सुरक्षा और बंदियों के हित में चलाई जा रही गतिविधियों का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण में मुख्य रूप से जेल किचन,बैरक,जेल अस्पताल,वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष,कियोस्क कक्ष,मुलाकात कक्ष और उद्यमिता कक्ष शामिल रहे। पीडीजे ने भोजन की गुणवत्ता,अनाज की स्थिति और बंदियों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी जानीं। पीडीजे ने जेल में लग रहे विजिटर इंटरकॉम मशीन के बारे जानकारी ली। इस पर जेल अधीक्षक ने बताया कि यह मशीन 15 दिनों में चालू हो पाएगा। न्यायाधीश सिन्हा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार को निर्देश दिया कि योग्य मामलों में उच्च न्यायालय में अपील हेतु बंदियों को निःशुल्क निर्णय प्रति उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे बंदियों की सूची तैयार कर प्राधिकार को सौंपी जाए जिन्हें कोर्ट से जमानत मिली है,परंतु जमानतदार के नहीं आने के कारण वे जेल से रिहा नहीं हो सके हैं। निरीक्षण के अंत में न्यायाधीश ने कहा कि जेल एक सुधारगृह है और यहां बंदियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## न्यूज बॉक्स

### बानो-कोलेबिरा में संत मोनिका दिवस धूमधाम से मनाया गया

**बानो।** प्रखंड के जीतूटोली पल्ली और कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ पल्ली में रविवार को संत मोनिका दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। लचरागढ़ आरसी मिशन चर्च में विशेष मिस्सा पूजा आयोजित हुई, जिसका नेतृत्व फादर एरिक जोसेफ कुल्लू ने किया। उनके साथ फादर राजेश केरकेट्टा, फादर राफयल केरकेट्टा और फादर क्लेमेंट लकड़ा ने भी धर्मविधि संपन्न कराई। इस दौरान विभिन्न मंडलियों द्वारा गीत-संगीत प्रस्तुत किए गए। फादर एरिक ने माताओं को धैर्य, क्षमा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में अर्चना मधु बागे ने संत मोनिका की जीवनी पर प्रकाश डाला।वहीं जीतूटोली कैथोलिक चर्च में फादर अरविंद खाखा द्वारा पवित्र मिस्सा सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर माताओं के सम्मान में विशेष आयोजन हुए। युवा संघ, कैथोलिक सभा और विद्यालय शिक्षकों ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

### बोलोरो वाहन से पांच प्रतिबंधित मवेशी बरामद, एक पशु तस्कर गिरफ्तार

**सिमडेगा।** एसपी एम अर्शी को मिले गुप्त सूचना के आधार पर सदर थाना की पुलिस ने एक बोलेरो वाहन से पांच प्रतिबंधित मवेशी बरामद करते हुए एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है। सदर थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक ने बताया कि एसपी के निर्देश पर रविवार की देर रात खूंटीटोली के समीप वाहन चेकिंग अभियान



चलाया गया था। अभियान के क्रम में एक बोलेरो वाहन पुलिस को देखकर काफी तेजी से वहां से भागने लगा। उसके बाद पुलिस ने पीछा करते हुए बीरू के समीप बोलेरो को रोकने में सफलता पाई। इसी क्रम में वाहन में सवार दो व्यक्ति भागने लगे, जिसके बाद पुलिस के द्वारा भाग रहे एक व्यक्ति को पकड़ा गया। जिसकी पहचान से सिसई थाना क्षेत्र निवासी शमशाद अंसारी के रूप में की गई है। वहीं बोलेरो से पांच प्रतिबंधित मवेशी बरामद किया गया। पुलिस ने बोलेरो वाहन एवं प्रतिबंधित मवेशी को जब्त करते हुए जांच शुरू कर दी है। फरार व्यक्ति की गिरफ्तारी के लिए भी छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

### हॉकी टूर्नामेंट में ओडिशा की टीम विजेता व कुंदूरमुंडा की टीम उप विजेता रही

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के अवगा हाई स्कूल मैदान में पुलिस पब्लिक फुटबॉल एवं हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच संपन्न। इस मौके पर समिति के द्वारा अतिथियों एवं खिलाड़ियों का गीत-संगीत के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद हॉकी फाइनल मैच सागजोर ओडिशा एवं कुंदूरमुंडा के बीच खेला गया। जिसमें जिसमें ओडिशा के टीम विजयी रहा। विजेता एवं उप विजेता टीम को अतिथियों द्वारा खस्सी पुरस्कार के रूप में दिया गया। जबकि अन्य टीम को सांत्वना पुरस्कार जर्सी आदि दिया गया। अतिथि के रूप में थाना प्रभारी देवीदास मुर्मू, प्रखंड प्रमुख सुनीता केरकेट्टा, उप प्रमुख आमंत्रण मांझी, सांसद प्रतिनिधि सुनील टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि रोशन बारला, जैनुल अंसारी, रामदयाल प्रसाद, छोटे खलखो, बरुन खलखो उपस्थित थे। जबकि पुलिस-पब्लिक खेल प्रतियोगिता आयोजन समिति के मेरतल खलखो, रामप्रसाद सिंह, गोइंदा खलखो, जोगेंद्र मांझी, कोमल केरकेट्टा, नारायण साव, राजू प्रसाद, ललित साहू, दिनेश मांझी, शुद्रो बेसरा, दुष्यंत खलखो, पीतांबर बेसरा, देवेंद्र भगत एव अन्य लोग मौजूद थे।


### कुरडेग में धूमधाम से हुआ भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन

**कुरडेग।** स्थित उमामहेश्वर महावीर मंदिर परिसर में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन रविवार को हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। विसर्जन जुलूस में बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। डीजे पर भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते, "गणपति बप्पा मोरया" और "जय गणेश" के जयकारे लगाते हुए गोहरीडांड़, कदमटोली, परकला और झिरकामुंडा होते हुए पक्का बांध पहुंचे।वहां वैदिक मंत्रोच्चार और आरती-स्तुति के बाद भगवान गणेश की प्रतिमा को श्रद्धा और आस्था के साथ जल में विसर्जित किया गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक गणेश जयसवाल, अध्यक्ष राहुल साहू, सचिव सुमित ठाकुर, हिमांशु गुप्ता, अमर जयसवाल, रवि जयसवाल, रूपेश मिश्र, मनेन्द्र जयसवाल, नितिन साहू, अभिषेक सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। पूरा माहौल भक्ति और उल्लास से सराबोर हो उठा।

### कुरडेग के झिंगझरिया गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को मिली बिजली

**कुरडेग।** प्रखण्ड के चाडरीमुण्ड पंचायत के झिंगझरिया गाँव में कई दिनो से जला हुआ ट्रांसफार्मर ग्रामीणों की परेशानी का कारण बना हुआ था । बरसात के दिनों में लगातार अंधेरे में जीवन गुजार रहे ग्रामीणो की समस्या को देखते हुए कुरडेग झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष नसीर अंसारी और प्रखण्ड सचिव अशोक दास ने पहल की । रविवार उनके प्रयास से 25 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया इसके साथ ही ग्रामीणों को अंधेरे से निजात मिली । इस अवसर पर प्रखण्ड अध्यक्ष और प्रखण्ड सचिव ने फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उदघाटन किया । ग्रामीणों ने दोनो जन प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से चली आ रही बिजली की समस्या अब खत्म हुई । वही प्रखण्ड अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे । ट्रांसफार्मर उदघाटन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

### बानो से 12 सदस्यीय दल कृषि प्रशिक्षण के लिए रांची रवाना



**बानो।** प्रखंड से समेकित कृषि तकनीक, भूमि संरक्षण एवं जल संचयन विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 12 सदस्यीय एक दल नगड़ी, रांची रवाना हुआ। इस दल में सात दीदी और आत्मा परियोजना के पांच कृषि मित्र शामिल हैं।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को खरीफ और रबी की फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीक, भूमि संरक्षण, सरकारी योजनाओं तथा किसानों को मिलने वाले लाभ की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही मछली पालन और पशुपालन की उन्नत विधियों पर भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके एवं रामकृष्ण मिशन मोराबादी का क्षेत्र भ्रमण भी कराया जाएगा, जिससे वे प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर सकें। इस संबंध में जानकारी आत्मा बानो के सहायक तकनीकी प्रबंधक ओबेदुल्लाह एहरार ने दी।

### लचरागढ़ के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन



**सिमडेगा।** स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित जिला स्तरीय ग्रामीण एवं स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता में विवेकानंद शिशु/विद्या मंदिर लचरागढ़ के छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। गेडी दौड़ में आशिष डांग प्रथम, मंगरा समद द्वितीय तथा आनंद चिक बड़ाईक तृतीय स्थान पर रहे। वहीं घड़ा दौड़ प्रतियोगिता में हिना कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को उपायुक्त सिमडेगा ने पुरस्कृत किया।प्रतिभागियों के लचरागढ़ लौटने पर विद्यालय परिसर में शिक्षकों, छात्रों और ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू, आचार्यगण एवं समिति के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण और बुके देकर बच्चों का सम्मान किया। इस अवसर पर राजेश अग्रवाल, आनंद जैन, प्रवीण साहू सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## पुलिस अधीक्षक सिमडेगा ने मुफस्सिल थाना का किया निरीक्षण




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पुलिस अधीक्षक सिमडेगा एम अर्शी द्वारा मुफस्सिल थाना का रविवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना में रखे गए सभी अभिलेखों एवं दस्तावेजों की गहन जांच की गई तथा लंबित कांड, वारंट एवं कुर्की मामलों की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेते हुए उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गश्ती को और प्रभावशाली बनाने, क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों पर विशेष नजर रखने तथा वारंटियों और अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही, प्रमुख चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने और आसूचना संकलन पर विशेष ध्यान देने की बात कही।उन्होंने अवैध तस्करी, हब्बा-डबा एवं जुआ पर तुरंत रोक लगाने और सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से निरंतर वाहन चेकिंग अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर विधिसम्मत दंडात्मक कार्रवाई करने को कहा। इसके अतिरिक्त बीट भ्रमण कर आमजन से समन्वय स्थापित करने और आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए विशेष निगरानी रखने का भी निर्देश दिया।

## हॉस्पिटल में सफल न्यूरोसर्जरी, मरीज पूरी तरह स्वस्थ

**सिमडेगा।** कोलेबिरा चटकटोली स्थित शिवम् हॉस्पिटल में गुरुवार को एक बड़ी चिकित्सीय सफलता मिली। यहां न्यूरोसर्जन डॉक्टर तारिक जमील हसन ने ग्राम छगरी बांधा निवासी 56 वर्षीय हेलेना कुल्लू का सफलतापूर्वक मस्तिष्क ऑपरेशन किया। मरीज लंबे समय से हाइड्रोसीफेलीस नामक गंभीर बीमारी से जूझ रही थी और पिछले दो दिनों से बेहोश अवस्था में थी। डॉक्टरों की टीम द्वारा किए गए जटिल ऑपरेशन के बाद मरीज को होश आ गया और फिलहाल उसकी स्थिति पूरी तरह सामान्य है।शिवम् अस्पताल के डायरेक्टर ललित कुमार ने बताया कि यह अस्पताल के लिए गर्व की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यहां न्यूरोसर्जरी समेत सभी प्रकार की बीमारियों का बेहतर इलाज आधुनिक तकनीक और अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में किया जाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस तरह की सफलता आमजनों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति भरोसा बढ़ाएगी।

## कर्मचारी शक्ति समागम सह अभिनंदन समारोह आयोजित, एकजुटता पर जोर

- झारखंड का विकास तभी संभव है जब शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी संतुष्ट और सुरक्षित होंगे: जोसिमा खाखा



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सीएम एक्सीलेंस बालक स्कूल सिमडेगा में रविवार को झारखंड ऑफिसर्स, टीचर्स एंड एम्प्लॉयज फेडरेशन के तत्वावधान में जिला स्तरीय कर्मचारी शक्ति समागम सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिप सदस्य जोसिमा खाखा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय प्रतिनिधि शशिकांत साहू और पेंशनर समाज के सचिव राम कैलाश राम उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि अब समय है एकजुट होने का। उन्होंने कहा कि अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षक सिर्फ नौकरी नहीं करते, बल्कि झारखंड के भविष्य का निर्माण करते हैं। आपका संघर्ष व्यर्थ नहीं जाएगा। आपकी आवाज़ को दबाया नहीं जा सकेगा। आपकी लड़ाई ज़रूर जीत में बदलेगी। झारखंड का विकास तभी संभव है जब शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी संतुष्ट और सुरक्षित हों। आप सबकी लड़ाई में विधायक भूषण बाड़ा साथ है। उन्होंने संगठन की माँग पत्र पर चर्चा करते हुए कहा कि इसमें शामिल सभी माँगें पूरी तरह से जायज हैं। इन मुद्दों को विधायक भूषण बाड़ा तक पहुँचाया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि विधायक जी इसे अपनी प्राथमिकता में रखकर समाधान की दिशा में कदम उठाएँगे।मौके पर स्वागत भाषण झारोटेफ के अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता ने दिया। उन्होंने सभी 21 सितंबर को रांची में आयोजित राज्य स्तरीय समागम में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने का आह्वान किया। कार्यक्रम को रामकैलाश राम, शशिकांत साहू ने भी सम्बोधित किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, शकील अहमद, शिव केसरी, इम्तियाज अहमद, अलेक्सियूस कुजूर, धीरज कुजूर, अली इमाम, विनीता सिंहा, जैकब लकड़ा, विमला कुमारी सहित संगठन पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## करम महोत्सव के अवसर पर खरीदारी का उत्साह, दुकानों पर रही भारी भीड़

नवीन मेल संवाददाता



**केरसई।** केरसई बाजार में करम महोत्सव के अवसर पर खरीदारी का माहौल बेहद जोशपूर्ण और उत्साह से भरा हुआ था। स्थानीय दुकानों में ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई, खासकर उन दुकानों पर जो पारंपरिक सामान,बांस की कलाकृतियाँ, चूड़ियाँ और कपड़े बेच रही थीं।बाजार में बांस से बनी डलियों, टोकरियों , कुमनी, गेढ़वा ,कुल्थी,और अन्य घरेलू सामानों की खूब बिक्री हुई। इन रंग-बिरंगे सामानों ने न केवल बाजार को आकर्षित बनाया , बल्कि खरीदारी के लिए आए लोगों को भी आकर्षित किया। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, इस समय इन वस्तुओं की डिमांड बहुत ज्यादा रही और ग्राहक जमकर खरीदारी कर रहे थे।चूड़ियाँ खरीदने के लिए महिलाओं की लंबी लाइनें लगी थीं। विभिन्न रंगों और डिजाइन की चूड़ियाँ ,मेंहदी,लोला, माला,बिंदियां ग्राहकों के बीच विशेष आकर्षण का कारण बनीं। वहीं, कपड़े की दुकानों पर भी भीड़ थी। ट्रेडिशनल और आधुनिक दोनों प्रकार के कपड़े ग्राहकों के बीच लोकप्रिय थे। दुकानदारों का कहना है कि करम महोत्सव के मौके पर होने वाली खरीदारी उनके व्यापार के लिए बेहद फायदेमंद साबित रही है।इस खरीदारी के दौरान स्थानीय व्यापारियों ने राहत की सांस ली। "इस त्योहार के मौके पर होने वाली बिक्री ने हमें व्यवसायिक दृष्टि से बेहतर मुनाफा पहुँचाया है, एक स्थानीय दुकानदार ने कहा। बांस से बनी सोहराई कलाकृति से बनी रंग बिरंगे डालियां की बिक्री विशेष रूप से बढ़ी है, और इसने छोटे और मध्यम व्यापारियों को एक नई दिशा दी है।ग्राहकों का कहना था कि करम महोत्सव के दौरान बाजार में हर प्रकार की खरीदारी के लिए सामान उपलब्ध था। यह समय परिवार और दोस्तों के लिए अच्छे तोहफे खरीदने का है, और बाजार में हर प्रकार की चीज़ें मिल रही हैं,बाजार में पूरे दिन खरीदारी करने आए ग्राहकों के चेहरों पर खुशियाँ और संतोष स्पष्ट दिखाई दे रहे थे।

## खालीजोर पल्ली में धूमधाम से मनाया गया संत मोनिका का पर्व

**कुरडेग।** प्रखण्ड के कैथोलिक पल्ली खालीजोर में रविवार को धूमधाम से मनाया गया संत मोनिका का पर्व। इस अवसर पर फा सुनील तिर्की की अगुवाई में समारोही मिस्सा अनुष्ठान संपन्न किया गया।संदेश में फा सुनील तिर्की ने कहा कि संत मोनिका माताओं की संरक्षिका हैं जो विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य का परिचायक हैं। संत मोनिका का जीवन संघर्ष से भरा पड़ा था।पति पत्रिसियुस और पुत्र अगस्टीन संसारिक मोह माया में डूब चुके थे। वे प्रार्थना में विश्वास नहीं करते थे बावजूद संत मोनिका अपने पति और पुत्र के लिए प्रार्थना करती रही और प्रार्थना की शक्ति से अंततः पति और पुत्र का मन परिवर्तन हुआ और वे धार्मिक जीवन जीने लगे और अंततः संत भी घोषित किए गए। यह अद्भुत परिवर्तन संत मोनिका का प्रार्थनामय जीवन का कारण है।

## संत मोनिका की तरह धैर्य, प्रेम और आस्था को अपने जीवन में उतारें: जोसिमा खाखा



- सोगड़ा चर्च में धूमधाम से मनाया गया संत मोनिका का पर्व

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सोगड़ा स्थित कैथोलिक चर्च में रविवार को हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संत मोनिका का पर्व मनाया गया। पर्व का शुभारंभ विशेष मिसा पूजा के साथ हुआ। जिसकी अगुवाई पल्ली पुरोहित फा. सिल्बानुश केरकेट्टा ने की। उन्होंने अपने प्रवचन में संत मोनिका के जीवन, त्याग और धैर्य को रेखांकित करते हुए कहा कि संत मोनिका आज भी सभी माताओं के लिए आदर्श हैं। जिन्होंने अपने परिवार और समाज के लिए प्रार्थना, धैर्य और प्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थीं। उन्होंने संत मोनिका के जीवन से प्रेरणा लेते हुए कहा कि आज के दौर में समाज और परिवार के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम है। जिस प्रकार संत मोनिका ने अपने धैर्य और प्रार्थना से अपने पुत्र को नई दिशा दी। उसी प्रकार हर महिला समाज में परिवर्तन की ध्वजवाहक बन सकती है। महिलाओं को सम्मानित भी किया गया ,सम्मान पाकर महिलाएं गदगद दिखीं और उन्होंने संत मोनिका को अपनी प्रेरणा बताया। मौके पर काफ़ी संख्या में मसीही समुदाय के लोग मौजूद थे।

## पीएम मोदी और उनकी मां के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर भाजपा का आक्रोश मार्च

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** बिहार के दरभंगा में कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां के खिलाफ की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में रविवार को आक्रोश मार्च निकाला गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया और जोरदार नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने "राहुल गांधी हाय-हाय, तेजस्वी यादव हाय-हाय, प्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, एक मां का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, राहुल गांधी माफी मांगो" जैसे नारे लगाए।मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा मिश्रा ने इस घटना को लोकतंत्र पर कलंक बताते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति अब निम्न स्तर तक गिर चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का अपमान कांग्रेस की पुरानी आदत है, लेकिन बिहार की जनता इसका जवाब वोट के माध्यम से देगी। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि प्रधानमंत्री और उनकी दिवंगत मां के प्रति इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी कांग्रेस-राजद की हताशा और निराशा को दर्शाता है। चाहे जितनी गालियां दी जाएं, राहुल गांधी अपने मंसूबे में कभी सफल नहीं होंगे।आक्रोश मार्च में भाजपा जिला महामंत्री दीपक पूरी, मुकेश श्रीवास्तव, जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, श्रद्धानन्द बेसरा, पिंकी प्रसाद, फुलसुन्दरी देवी, रीना देवी, रुक्मणि देवी, संतोष देवी, गीता गुप्ता, सुहानी देवी, मीना देवी, वीरसमणी देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, कौशल्या देवी, मंसूरी देवी, मंगरी देवी, सुमति देवी, सुलोचनी देवी, राजनीति कुमारी, अंबिका कुमारी, सुमन देवी, शिखा अग्रवाल, रामविलास बड़ाईक, सतनारायण प्रसाद, रवि वर्मा, संजय शर्मा, दीप नारायण दास, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**आयोजन** — सिमडेगा में शौण्डिक समाज का एक दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

# समाज की बेटियों पर हो रहे अत्याचार पर जताई चिंता

- भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने पर विचार-विमर्श।

नवीन मेल संवाददाता






**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला शौण्डिक सूंड़ी संघ सिमडेगा के तत्वावधान में रविवार को टुकुपानी स्थित शौण्डिक भवन में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने की। इस दौरान समाज में बेटियों पर हो रहे अत्याचार, हत्या सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। हाल ही में छत्तीसगढ़ रायपुर में समाज की बेटी दीपाली साहू की निर्मम हत्या कर आत्महत्या का रूप देने की घटना की निंदा की गई तथा भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति रोकने को लेकर ठोस विचार-विमर्श किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष ने स्वागत भाषण से किया। उन्होंने समाजहित में चिंतन करने और कुरीतियों से निपटने की बात कही।झारखंड प्रदेश शौण्डिक समाज के प्रदेश महासचिव योगेंद्र प्रसाद ने दहेज प्रथा के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की घटना निंदनीय है। सभी महिलाओं से बहू को बेटी का दर्जा देने की बात कही। उन्होंने समाज को जागरूक रहकर ऐसे परिवारों पर सामाजिक दबाव बनाने की आवश्यकता बताई। साथ ही राजनीति द्वारा समाज को वोट बैंक की राजनीति में उलझाने पर चिंता जाहिर करते हुए समाज को एकसूत्र में बंधने का संदेश दिया।गुमला जिला के पूर्व अध्यक्ष सूरज प्रसाद ने बच्चों को नैतिक शिक्षा देने पर जोर दिया। वहीं गुमला जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू ने समाज में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता बताई।बैठक के बाद सामूहिक चिंतन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें दहेज प्रथा पर गंभीर चर्चा की गई। इस दौरान समाज के सभी लोगों को समझाया गया कि अत्याचार और कुरीतियों को दूर करने के लिए समाज को आगे आना होगा। यदि किसी भी परिवार में दहेज प्रथा के चलते लड़ाई-झगड़ा या बेटियों के साथ प्रताड़ना की घटना होती है तो इसकी सूचना मिलते ही सामाजिक स्तर पर पहल करने पर भी चर्चा की गई।

उपायुक्त ने किया केरेडारी एवं बड़कागांव प्रखंड का दौरा

# योजनाओं का किया निरीक्षण, क्षेत्र के पर्यटन स्थलों के विकास के लिए दिए आवश्यक निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

- केरेडारी और बड़कागांव प्राकृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विविधताओं से परिपूर्ण क्षेत्र हैं, जहां पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं



**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने रविवार को केरेडारी एवं बड़कागांव प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने इस क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अष्टभुजी माता मंदिर, घाघरा डैम तथा बड़कागांव स्थित इस्को गुफा का अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि केरेडारी और बड़कागांव प्राकृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विविधताओं से परिपूर्ण क्षेत्र हैं, जहां पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि पर्यटकों की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए तथा आवागमन को और अधिक सुगम बनाया जाए। इस अवसर पर उपायुक्त ने घाघरा डैम नहर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नहर में जमी मिट्टी एवं गाद की सफाई मनरेगा योजना के माध्यम से कराए जाने का निर्देश दिया, ताकि सिंचाई के लिए किसानों को अधिकतम लाभ मिल सके और साथ ही मनरेगा के तहत मानव रोजगार सृजन अधिक से अधिक हो सके। इसके पूर्व उपायुक्त ने केरेडारी प्रखंड अंतर्गत कंडाबेर स्थित प्राचीन अष्टभुजी माता मंदिर का भी दर्शन किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उनके साथ केरेडारी अंचल अधिकारी श्री राम रतन कुमार वर्णवाल, बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार मंडल सहित अन्य अधिकारी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मानगो में मोबाइल चोरी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** मानगो थाना क्षेत्र में मोबाइल चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को रविवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान अकरम और पंकज के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।जानकारी के अनुसार, मानगो पोस्ट ऑफिस रोड से हाल ही में एक व्यक्ति का मोबाइल फोन चोरी हो गया था। घटना की शिकायत थाना में दर्ज कराई गई थी। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और आसपास की छानबीन के आधार पर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोनों से पूछताछ जारी है। यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी किसी संगठित चोरी गिरोह से जुड़े हैं या अकेले इस तरह की वारदात को अंजाम देते हैं। स्थानीय ोगों का कहना है कि पोस्ट ऑफिस रोड और आसपास के बाजार क्षेत्र में आए दिन मोबाइल और पर्स चोरी की घटनाएं सामने आती रहती हैं। इस कारण लोग काफी परेशान रहते हैं।

सांसद तीर्थयात्रा की सफलता को लेकर भंडारों में हुई बैठक

# 6 सितंबर को बरही प्रखंड में 65 तीर्थयात्रियों से यात्रा की होगी शुरुआत : मुन्ना

नवीन मेल संवाददाता

- सांसद तीर्थ यात्रा कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के बुजुर्गों को वृंदावन, मथुरा, काशी, अयोध्या, प्रयागराज संगम आदि धार्मिक स्थलों का नि:शुल्क दर्शन करवाया जा रहा है



**बरही ।** स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से संचालित सांसद तीर्थयात्रा तहत बरही प्रखंड में 65 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था आगामी 6 सितंबर को भंडारों पंचायत से रवाना होगा. उक्त जानकारी भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव ने दी. कार्यक्रम को लेकर उन्होंने भंडारों पंचायत में ग्रामीणों संग बैठक भी किया. सांसद श्री जायसवाल के इस अनूठे कार्यक्रम की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सांसद तीर्थ यात्रा कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के बुजुर्गों को वृंदावन, मथुरा, काशी, अयोध्या, प्रयागराज संगम आदि धार्मिक स्थलों का निःशुल्क दर्शन करवाया जा रहा है. इसके लिए सांसद की ओर से तीर्थयात्रियों को एसी बस में यात्रा, खाना इत्यादि की व्यवस्था की गई है. इच्छुक श्रद्धालु तीर्थयात्रा संयोजक टीम से संपर्क कर अपना सीट सुरक्षित करवा सकते है. यह कार्यक्रम आवश्यकतानुसार प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में बारी बारी से आयोजित किए जाएंगे. 6 सितंबर को सभी तीर्थयात्रियों को सांसद श्री जायसवाल व स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव संयुक्त रूप से तीर्थाटन के लिए विदा करेगे. इस अवसर पर भाजपा के कई कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व प्रबुद्धजन भी मौजूद रहेगें. बैठक तीर्थयात्रा संयोजक राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता व ओबीसी मंडल अध्यक्ष के संचालन में संपन्न हुई. बैठक में दिलीप कुमार, वासुदेव, केदार, प्रयाग, पवन, राजू, शिव शंकर, रामदेव, नारायण, रोहित, विजय, रामेश्वर, भुवनेश्वर, वासुदेव मोदी, किशन साहब, खूबलाल, रामानंद, प्रदीप पांडे, पंकज पांडे, श्याम आदि कई लोग उपस्थित थे.

## डॉ एपीजे अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल, राउरकेला की टीम बनी विजेता



**ठेठाईटांगर।** ठेठाईटांगर मैदान में आयोजित डॉ एपीजे. अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया। फाइनल में उमेश ब्रदर राउरकेला और कमांडो ब्रदर रांची की टीमें आमने-सामने हुईं। रोमांचक मुकाबले में राउरकेला की टीम ने 1–0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, विधायक भूषण बड़ा और विधायक सुदीप गुड़िया उपस्थित थे। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, बीरमित्रा पुर नगर निगम के मेयर, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, संसद प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग, एसडीपीओ बैजू उरांव, बीडीओ नूतन मिंज, सीओ, थाना प्रभारी, सहित कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना,विधायक प्रतिनिधि शमी आलम, एजाज अहमद, शफीक खान, अख्तर खान, शकील अहमद, सलमान खान, खेल समिति के अध्यक्ष कयूम खान, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, सुचिता कुजूर, शोभेन तिग्गा सहित कई गणमान्य लोग एवं काफ़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।मौके पर विधायक मन विक्सल कोनगाड़ी ने कहा खेल हमारे समाज को जोड़ता है। युवाओं को सही दिशा दिखाता है और अनुशासन सिखाता है। आज का मैच खिलाड़ियों की मेहनत और जज़्बे का प्रतीक है। डॉ एपीजे. अब्दुल कलाम जैसे महान व्यक्तित्व के नाम पर टूर्नामेंट होना युवाओं के लिए प्रेरणा है।

बरही विधायक मनोज यादव ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं

# जनता की सेवा और समस्याओं का समाधान ही मेरा लक्ष्य

- मौके पर कई मामलों का निपटारा, शेष समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया
- आवास पर आयोजित जनता दरबार में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

नवीन मेल संवाददात



**बरही।** विधायक मनोज यादव ने रविवार को अपने आवासीय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने मुख्य रूप से बिजली, पानी, सड़क, राशन, पेंशन, भूमि विवाद तथा प्रशासनिक स्तर पर उत्पन्न हो रही दिक्कतों से विधायक को अवगत कराया। विधायक ने धैर्यपूर्वक सभी समस्याओं को सुना और तत्काल समाधान हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों से फोन पर बात की। कई मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। वहीं, जिन समस्याओं का तुरंत समाधान संभव नहीं था, उनके लिए विधायक ने आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाकर समाधान सुनिश्चित करेंगे। विधायक मनोज यादव ने मौके पर कहा कि जनता की सेवा ही मेरा धर्म और कर्तव्य है। आपकी हर समस्या का समाधान करना ही मेरा लक्ष्य है। इस दरबार का उद्देश्य यही है कि लोग सीधे अपने जनप्रतिनिधि से जुड़कर अपनी परेशानियां साझा कर सकें और उनका त्वरित समाधान हो सके। उन्होंने आगे कहा कि जनता और जनप्रतिनिधि के बीच सीधा संवाद लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। जनता दरबार का आयोजन लगातार किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम में विधायक के सहयोगियों के साथ-साथ क्षेत्र के कई सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। जनता दरबार से लौटे लोगों ने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से आम लोगों को राहत मिल रही है।

## रास्ता विवाद को लेकर ग्रामीणों की मांगों पर हुई वार्ता, सहमति बनी



**धनबाद ।** आठ लेन के नजदीक बौआ कला मौजा अंतर्गत निर्माणाधीन तथाकथित सोसाइटी के रास्ता विवाद को लेकर मुखिया भीम लाल रजक एवं पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मीनारायण रजक उर्फ शंकर रजक की उपस्थिति में ग्रामीण और सोसाइटी प्रबंधक के बीच वार्ता हुई।ग्रामीणों की सभी मांगों को प्रबंधन की ओर से लिखित प्रक्रिया भी किया गया एवं आश्वस्त किया कि भविष्य में ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी।साथ ही ग्रामीणों से भी अनुरोध किया कि वे सोसाइटी के कार्य में सहयोग करें।प्रबंधन सड़क की सुविधा मुहैया करेंगे एवं रास्ते के बीच में कहीं भी कोई रुकावट नहीं होगी। मौके पर टेकलाल महतो, सरफुद्दीन मियां, नुनुलाल साव, बिनोद महतो, गंगाधर कुंभकार, नंदकिशोर कुम्हार , रवि राज प्रसाद, प्रकाश रवानी, मो. नसीम, अल्ताफ रजा, संतोष कुम्हार, राजेंद्र महतो, शिव कुमार महतो, अरुण कुम्हार, महेश कुमार महतो, जयंत साव, कालीचरण साव एवं अन्य ग्रामीण मौजूद रहें।

## दहेज हत्या में पति को 10 वर्ष कैद की सजा

**धनबाद।** दहेज के लिए पत्नी की हत्या कर देने के एक मामले में अदालत ने अपना फैसला सुनाया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश पारस कुमार सिन्हा की अदालत ने बलियापुर निवासी चंदन कुमार को 10 वर्ष की सश्रम कैद की सजा सुनाई है। प्राथमिकी पीड़ित मृतक सोनाली के भाई चंदन कुमार की शिकायत पर बलियापुर थाने में पांच फरवरी 2024 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक तीन जून 2023 को सोनाली की शादी चंदन के साथ हुई थी। दो लाख रुपया नकद दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या कर दी गई।

## इमरान प्रतापगढ़ी ने धनबाद के मुशायरे में लिया भाग

**धनबाद।** जिले के खरखरी में एक भव्य ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन किया गया. इस आयोजन में राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी भी शामिल हुए. कार्यक्रम में देशभर से आए मशहूर शायरों ने अपनी नज्मों और गजलों से ऑडियंस को मंत्रमुग्ध कर दिया. इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं एआईसीसी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. ऑल इंडिया मुशायरे में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों समेत विभिन्न क्षेत्रों से आए ऑडियंस ने भाग लिया और शायरी का लुत्फ उठाया. शायरों ने एक से बढ़कर एक शायरी पेश की. वहीं, अपनी शायरी में इमरान प्रतापगढ़ी ने फिलिस्तीन लोगों के लिए दुआ की. साथ ही केंद्र सरकार और यूपी की योगी सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने चौकीदार के रहते विजय माल्या के भागने, देश का रेल, तेल सहित अन्य संस्थानों को बेचने, देश को बर्बाद करने का पीएम मोदी पर आरोप लगाया. वहीं, बिहार में राहुल गांधी के वोट अधिकार यात्रा पर कहा कि राहुल गांधी वोट चोरी के खिलाफ लगातार यात्रा कर रहे हैं. लोगों को उनके अधिकार बताकर अलख जगाने का काम कर रहे है. राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि वह भी देश में घूम-घूमकर नए अंग्रेज के खिलाफ नए गांधी बनाएंगे.

## करम पूर्व संध्या सह मिलन समारोह में उमड़ी भीड़

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** झारखंड प्रदेश गोंड़ आदिवासी महासभा, सिमडेगा के तत्वावधान में रविवार को गोंडवाना छात्रावास, चंद्रनगर में करम पूर्व संध्या सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। छात्रावास का परिसर संध्या से ही गीत-संगीत, पारंपरिक नृत्य और सांस्कृतिक गतिविधियों से गूंज उठा। कार्यक्रम में गोंड़ समाज के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। इस अवसर पर वक्ताओं ने करम पर्व की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि करम पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं, बल्कि यह समाज को प्रकृति से जोड़ने वाली अनमोल धरोहर है। करम देवता की पूजा धरती, जल, वृक्ष और पर्यावरण के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। यह पर्व सामाजिक एकता, भाईचारे और सामुदायिक सद्भाव का भी संदेश देता है। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश गोंड़ आदिवासी महासभा की प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री विमला प्रधान उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि करम पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखने का पर्व है। यह त्योहार प्रकृति के प्रति आदिवासी समाज की आस्था, प्रेम और समर्पण का परिचायक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी परंपराओं और संस्कृति को संरक्षित रखें तथा आने वाली पीढ़ियों तक इसे गर्व के साथ पहुंचाएं। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की मांग है और करम पर्व इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाता है।

हजारीबाग बालिका टीम बनाम बरही बालिका टीम के बीच हुआ रोमांचक मैच

## लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं, प्रोत्साहन आवश्यक : किसुन यादव

नवीन मेल संवाददाता



**बरही ।** खुर्दज्वार (डपोक) के नीमाटांड़ में चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन हजारीबाग बालिका टीम बनाम बरही बालिका टीम का खेल संपन्न हुआ. जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यतिथिति जिप उपाध्यक्ष किसून यादव ने उपस्थित अतिथियों संग फीता काटकर किया. खिलाड़ियों का हौसलावर्द्धन करते हुए जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि लड़कियां किसी भी मायने में लड़कों से कम नहीं है. खेल का मैदान हो या युद्ध क्षेत्र लड़कियों ने अपनी श्रेष्ठता दिखाई है. ग्रामीण क्षेत्रों में भी लड़कियों के प्रति अभिभावकों के विचार बदलें हैं. जिन्हे प्रोत्साहित करना अनिवार्य है. उन्होंने सभी खिलाड़ियों को भाईचारगी के साथ खेलने की बात कही. इस रोमांचक मुकाबले में बरही बालिका टीम ने हजारीबाग बालिका टीम को दो गोल से पराजित कर मैच को अपने नाम कर लिया. इस दौरान पंसस बिहारी यादव, उपमुखिया बलराज यादव, वार्ड सदस्य संतोष यादव, समाज सेवी कृष्णा यादव, अरुण सिंह, विकाश यादव, कमिटी के अध्यक्ष कुलदीप राम, सचिव गणेश यादव, कप्तान गणेश सिंह, उपकप्तान उमेश दास, संचालक मिथिलेश चंद्रवंशी, कस्तूरबा स्कूल की वार्डेन निशी रानी, कोच प्रदीप सिंह, बरही थाना के सब इंस्पेक्टर देवेंद्र सिन्हा आदि मौजूद थे.

शिक्षा को बढ़ावा

दिगवार चौक पर लगी खुशी चौपाल

# पांच मीटर की दूरी को गोद लेकर करें बौद्धिक मदद : मुकेश सिंह चौहान

नवीन मेल संवाददाता

- खुशी क्लास के संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि प्रकृति ने बहुमूल्य जिंदगी जीने के लिए दी है, गुजारने के लिए नहीं। खुशी के साथ ही हम जिंदगी जी सकते हैं



**कुजू।** रामगढ़ जिला के दिगवार में रविवार को खुशी रथ पहुंचा। यहां बाजार चौक पर खुशी चौपाल सजा। चौपाल की अध्यक्षता युवा नेता पवन यादव व संचालन अतहर अली ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अरुण कुशवाहा ने किया। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालनकर्ता अतहर अली व पवन यादव ने खुशी मिशन की पूरी जानकारी लोगों को दी। बताया कि खुशी रथ झारखंड के 24 वों जिले में भ्रमण करेगा। सुदूर गांवों तक पहुंचेगी। तनाव, डिप्रेशन के खिलाफ यह एलान-ए-जंग होगा। खुशी क्लास ने हम सभी से मांगा है कि पांच मीटर की दूरी को गोद लेकर समाज में बौद्धिक मदद पहुंचाएं। हम यह जरूर करेंगे, क्योंकि इसी से तस्वीर बदलेगी। खुशी क्लास के संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि प्रकृति ने बहुमूल्य जिंदगी जीने के लिए दी है, गुजारने के लिए नहीं। खुशी के साथ ही हम जिंदगी जी सकते हैं। तनाव, टेंसन में हम नारकीय अंदाज में सिर्फ जिंदगी गुजार सकते हैं। यह खुशी सकारात्मक भाव से ही आती है। कितनी भी झंझावतें आएं, सकारात्मकता का साथ कभी नहीं छोड़ें। यही सकारात्मकता हमें सभी दिक्कतों से उबार कर खुशियों से भर देती है। हाइपरटेंशन, डिप्रेशन, आत्महत्या की प्रवृत्ति महामारी का रुप लेते जा रही है। समाज से इसे भगाना है। इसे हम खुशी-सकारात्मकता के साथ ही भगा सकते हैं। अंत में खुशी क्लास ने सभी से अशीर्वादी, नेग, दक्षिणा मांगा कि आप सभी खुश और सकारात्मक रहने का सच्चा वादा दे दें। सभी ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि हम विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक रहने का प्रयास तो जरुर करेंगे। खुशी का माहौल बनाने के लिए खुशी क्लास को धन्यवाद। मौके पर पवन यादव, संतोष यादव, महेश यादव, अजित यादव, शिवा गिरी, अरुण कुशवाहा, हरिनारायण कुशवाहा, अब्दुल अजीज, मो शाकिर, जिब्रील आदि मौजूद थे।

## विश्व जन सेवा ट्रस्ट ने आयोजित किया मासिक चक्र जागरूकता कार्यक्रम

**जमशेदपुर।** महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व जन सेवा ट्रस्ट के द्वारा परसूडीह के लटकुगोड़ा गांव में रविवार को मासिक चक्र जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीष झा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों की मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने, स्वच्छता के महत्व को समझने और सुरक्षित साधनों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ कार्यक्रम में निःशुल्क पुनः प्रयोग योग्य प्रोजेक्ट बाला पैड का वितरण किया गया। डॉ. मनीष झा ने अपने संबोधन में कहा, महिला स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता समाज के विकास की बुनियाद है। मासिक धर्म को लेकर अब भी कई भ्रांतियां और झिझक मौजूद हैं, जिन्हें दूर करना ज़रूरी है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दुली बारिक और प्रिया सामद ने सक्रिय सहयोग दिया। दोनों ने गांव की महिलाओं को कार्यक्रम से जोड़ने और उन्हें जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दुर्गापूजा को लेकर दुर्गा मंडल की बैठक का हुआ समापन

# सांस्कृतिक कार्यक्रम भक्ति जागरण आयोजित करने पर भी बनी सहमति

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में आगामी दुर्गा पूजा को भव्य और धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। दुर्गा पूजा के निमित रविवार को दुर्गा मंडल रोल महुआमिलान स्टेशन की बैठक दुर्गा मंडप प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष सह भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने की, जबकि संचालन आशीष कुमार सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन दीपक निषाद ने किया। बैठक मौजूद धर्म प्रेमियों ने दुर्गा पूजा कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने को लेकर गंभीरता से चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण लाल किला प्रारूप पर किया जाएगा, पंडाल को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए विशेष शिल्पकार बुलाए जाएंगे। इसके अलावे संस्कृति कार्यक्रम और भक्ति जागरण का आयोजन करने पर सहमति बनी।विजयादशमी के अवसर पर लगने वाला जतरा मेला को और भी भव्य बनाने का निर्णय लिया गया। दुर्गा पूजा के संचालन को सुव्यवस्थित करने के लिए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रतुल शाहदेव, कार्यकारिणी अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष रमेश साव, हरिवंश प्रजापति, गंदरु भगत, जगेश्वर भगत, सत्यपाल सिंह, कोलेश्वर यादव, रोहित शाहदेव, शिवचरण उरांव, बलकु मुंडा, राजेश यादव, प्रधान महासचिव आशीष सिंह, महासचिव शिव कुमार मुंडा, डब्लू प्रजापति, बालेश्वर उरांव, सीताराम उरांव, दीपक निषाद, सचिव सुशिल मुंडा, मैनेजर उरांव, शंकर प्रजापति, सोमरा उरांव, दीपक शाहदेव, संरक्षक मंडली में उदय मणि शहदेव,मोहन लाल चावड़ा, सूर्यनाथ सिंह, उदित शाह देव, अजित शाहदेव, कुशेश्वर यादव कैलाश यादव, धनु घटवार, बैजु गुंडा, उदित शाहदेव, डब्लू प्रजापति, पंडाल व पूजा व्यवस्था, पूजा व्यवस्थापक लखन प्रजापति, रूपेश प्रजापति, अनिल साव, दिलीप साव, जयन्त प्रसाद को बनाया गया है।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

गर्व अंधा करने वाला है, यह महान आत्माओं की विशालता की दृष्टि से हमें वंचित रखता है। विनम्रता वह खुला द्वार है जिससे होकर ईश्वर की दया एवं शक्ति की दिव्य बाढ़, ग्रहणशील आत्माओं में प्रेमपूर्वक प्रवाहित होती है। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### हिमालय ने मौन तोड़कर देश को दिया संदेश

मौन खड़े हिमालय ने अब अपनी चुप्पी तोड़ दी और इसकी कीमत हमारी परिकल्पना से परे है। अगस्त में अचानक एक के बाद एक भारी बारिश, बादल फटने, भू-स्खलनों से हुई तबाही के विनाशकारी दृश्य आए दिन सामने आ रहे हैं। पांच अगस्त को एक गगनचुंबी जलधारा उत्तराखंड के धराली की गलियों में उतर गई और जो भी उसके सामने आया, उसे बहा ले गई। इस मुसीबत के बाद किश्तवाड़, कश्मीर (14 अगस्त) में भीषण बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में अनेक लोग मारे गए और लापता हुए। तीर्थयात्रा मार्ग पर भारी तबाही हुई। फिर कठुआ जिले में बॉर्डर से सटे इलाके में तीन जगह बादल फटे और जमीन कांपने लगी। जोद घाटी इलाके में भू-स्खलन के बाद शहर से संपर्क टूट गया। हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश से तबाही थम नहीं रही है। ये घटनाएं दुनिया की सबसे युवा पर्वत श्रृंखला को प्रभावित करने वाले बढ़ते जलवायु संकट को उजागर करती हैं। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि तेजी से बदलते मौसम के मिजाज, गर्म होते महासागर और अनियंत्रित विकास जोखिम को बढ़ा रहे हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने एशिया में जलवायु की स्थिति रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया गया कि 2024 में एशिया वैश्विक औसत की तुलना में लगभग दोगुनी गति से गर्म हो रहा है। एशिया का 2024 का तापमान 1991-2020 के औसत से 1.04 डिग्री सेल्सियस अधिक था, तथा 1961-1990 के बाद से तापमान वृद्धि की दर दोगुनी हो गई है।वातावरण से गर्मी सोखकर समुद्री लहरों के गर्म होने से हिंद महासागर तेजी से गर्म हो रहा है, और इससे गंभीर चिंताएं पैदा हो रही हैं। जलवायु मॉडल 2020 से 2100 तक 1.7 से 3.8 डिग्री सेल्सियस प्रति शताब्दी की दर से और अधिक तेजी से गर्म होने का अनुमान लगाते हैं। इस गर्माहट के चलते वाष्पीकरण तीव्र हो रहा है और वातावरण में नमी बढ़ रही है। नमी के बढ़ने से मानसून का पैटर्न बदल रहा है। असामान्य तापमान के कारण वायुमंडल में नमी बढ़ जाती है, जिसके कारण हिमालय में बादल फटने या इसी तरह की अन्य घटनाएं अधिक तीव्र और लगातार हो रही हैं। तापमान में हर डिग्री की वृद्धि से हवा में नमी धारण करने की क्षमता सात फीसदी बढ़ रही है। जलवायु परिवर्तन हिमालय में मानसून के पैटर्न को नया रूप दे रहा है। मध्य पूर्व की गर्म होती जलवायु दक्षिण-पश्चिमी हवाओं को उत्तर की ओर मोड़ रही है, जिससे पहाड़ों में अधिक नमी आ रही है। इससे बादल फटने की घटनाएं तेज हो रही हैं, क्योंकि पहाड़ नम हवा को ऊपर धकेल रहे हैं और विशाल संवहनीय बादल बना रहे हैं। हमारे चूल्हों से उठता धुआं, खेतों में जलाई जा रही पराली, और गाड़ियों से निकलता धुआं, यानी 'ब्लैक कार्बन हिमालय को तेजी से खा रहा है और इसके ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं—हिंदू कुश हिमालय के ग्लेशियर 14.9-15.1 मीटर प्रति वर्ष पीछे हट रहे हैं, जिससे अस्थिर झीलें और भू-स्खलन का खतरा बढ़ रहा है। अकेले उच्च पर्वतीय एशिया (1999-2018) में ग्लेशियर से संबंधित 127 बड़े भू-स्खलन दर्ज किए गए। तेजी से ग्लेशियर पिघलने से पर्वतीय ढलान अस्थिर हो रहे हैं और हिमनद झीलें भर रही हैं। इसके अलावा, जनसंख्या में तीव्र वृद्धि ने भी हिमालय के संसाधनों पर दबाव डाला है।

> *जोद घाटी इलाके में भू-स्खलन के बाद शहर से संपर्क टूट गया। हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश से तबाही थम नहीं रही है। ये घटनाएं दुनिया की सबसे युवा पर्वत श्रृंखला को प्रभावित करने वाले बढ़ते जलवायु संकट को उजागर करती हैं।*

# पोषण भी पढ़ाई भी : भारत के भविष्य के लिए खेल-आधारित शिक्षा




यदि हमें विकसित भारत का निर्माण करना है, तो हमें शुरुआत-अपने सबसे छोटे नागरिकों की क्षमता के विकास से करनी होगी, जहाँ से जीवन का आगाज़ होता है। आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों की खिलखिलाती हँसी में, उनके द्वारा गाई जाने वाली कविताओं में और उनके द्वारा बनाए जाने वाले ब्लॉक में हमारे राष्ट्र के भविष्य का सामर्थ्य आकार लेता है। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ने अपने सबसे छोटे नागरिकों को अपनी विकास यात्रा के केंद्र में रखा है। प्रधानमंत्री ने-न केवल विश्वविद्यालयों और डिजिटल बुनियादी ढाँचे में निवेश करके, अपितु बच्चे के जीवन की पहली कक्षाः आंगनवाड़ी के अतिशय महत्व को पहचानते हुए हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को नए सिरे से परिभाषित किया है। आज के भारत में, खेल अब सिर्फ़ मनोरंजन भर नहीं, अपितु-नीति है। और इसके परिणाम बिल्कुल स्पष्ट और विश्वसनीय हैं। पिछले एक दशक में, मोदी सरकार ने प्रारंभिक बाल्यावस्था के विकास के प्रति अपने दृष्टिकोण को मूलभूत रूप से पुनर्परिभाषित किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 निर्णायक मोड़ साबित हुई, जिसमें यह स्वीकार किया गया कि मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास छह साल की उम्र से पहले ही हो जाता है। यदि हम स्मार्ट, स्वस्थ और अधिक उपयोगी आबादी चाहते हैं, तो हमें वहाँ निवेश करना होगा जहाँ इसकी सबसे ज्यादा ज़रूरत है-जीवन के शुरुआती छह वर्षों में। वैज्ञानिक प्रमाण इस बदलाव का समर्थन करते हैं। सीएमसी वेल्लोर के क्लिनिकल महामारी विज्ञान विभाग द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि जिन बच्चों को 18 से 24 महीने तक व्यवस्थित प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) मिली, उनके आईक्यू में—पाँच साल की उम्र तक 19 अंक तक, और नौ साल की उम्र तक तो 5 से 9 अंक तक की उल्लेखनीय और स्थायी वृद्धि देखी गई। विकासशील भारत के लिए ये वृद्धि बेहद महत्वपूर्ण है। भारत के ये निष्कर्ष वैश्विक शोध के अनुरूप हैं। अंतर्राष्ट्रीय अध्ययनों से पता चलता है कि पाँच साल की उम्र से पहले गुणवत्तापूर्ण ईसीसीई कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों में उच्च आईक्यू, बेहतर सामाजिक कौशल और बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन की संभावना 67 प्रतिशत अधिक होती है। जैसा कि नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. जेम्स हेकमैन की प्रसिद्ध उक्ति है,"जितनी जल्दी शुरुआत, उतने बेहतर परिणाम-और उतने ही कुशल रिटर्न" उनके शोध में अनुमान व्यक्त किया गया है कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में निवेश से 13-18 प्रतिशत तक रिटर्न मिलता है-जो शिक्षा या नौकरी के प्रशिक्षण के किसी भी अन्य चरण से अधिक है। ईसीसीई के आर्थिक और सामाजिक दोनों ही प्रकार के महत्व को समझते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने पोषण भी पढ़ाई भी नामक एक पहल शुरू की है, जिसने आंगनवाड़ी केंद्रों को जीवंत प्रारंभिक शिक्षा केंद्रों में तब्दील कर दिया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पहली बार स्थानीय और स्वदेशी सामग्रियों का उपयोग कर गतिविधि-आधारित और खेल-उन्मुख दृष्टिकोणों पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यवस्थित रूप से ईसीसीई में प्रशिक्षित किया जा रहा है। शिक्षण-अधिगम सामग्री के लिए बजट आवंटन में भी पर्याप्त वृद्धि की गई है, और मासिक ईसीसीई दिवसों को संस्थागत रूप दिया गया है। आज, आंगनवाड़ी केंद्र केवल पोषण का स्थान नहीं है-यह प्रत्येक बच्चे की पहली पाठशाला है, जो जीवन के सबसे महत्वपूर्ण वर्षों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और समग्र विकास का पोषण करती है। मंत्रालय ने इस परिवर्तन को दिशा देने के लिए 3-6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यक्रम-आधारशिला, की शुरुआत की है। आधारशिला बच्चों के केवल बौद्धिक विकास पर ही नहीं, बल्कि भावनात्मक, शारीरिक और सामाजिक कल्याण पर भी ज़ोर देते हुए समग्र विकास पर केंद्रित है। यह खेल के माध्यम से सीखने की व्यवस्थित प्रक्रिया को आगे बढ़ाता है, जिससे बच्चों को सहयोगपूर्ण वातावरण में बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिलता है। बच्चे खेलने के प्रति सहज रूप से आकर्षित होते हैं- अपनी दुनिया के कोने-कोने को खोज और आनंद के स्थान में तब्दील कर देते हैं। सही वातावरण के साथ यह प्रवृत्ति आजीवन सीखने की नींव बन जाती है। पोषण भी पढाई भी सुरक्षित, व्यवस्थित और प्रेरक वातावरण प्रदान करके इस भावना को पोषित करती है जहाँ बच्चे निर्देशित खेल और शिक्षा के माध्यम से फल-फूल सकते हैं। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) हमारे देश के भविष्य को आकार देने में बुनियादी भूमिका निभाती है। पोषण भी पढाई भी पहल के तहत, देश भर के आंगनवाड़ी केंद्रों को समग्र प्रारंभिक शिक्षा के लिए पोषण स्थलों में बदला जा रहा है। व्यवस्थित आधारशिला की 5+1 साप्ताहिक योजना यह सुनिश्चित करती है कि दिन की शुरुआत 30 मिनट के उन्मुक्त खेल से हो, उसके बाद भाषा, रचनात्मकता, मोटर स्किल और सामाजिक संपर्क को बढ़ाने वाली व्यवस्थित गतिविधियां हों। दोपहर के पौष्टिक भोजन और आराम के बाद, दिन का समापन बाहरी खेल और बातचीत के साथ होता है, जो मूल्यों को सुदृढ़ करता है और भावनात्मक संबंध बनाता है। व्यवस्थित और निर्बाध खेल के प्रति यह संतुलित दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण है, खासकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के आलोक में, जिसने औपचारिक स्कूल प्रवेश की आयु को छह वर्ष कर दिया है। व्यवस्थित ईसीसीई यह सुनिश्चित करती है कि बच्चे भावनात्मक, सामाजिक और संज्ञानात्मक रूप से स्कूल के लिए तैयार हों। देश भर के अभिभावकों का बढ़ता विश्वास वास्तव में उत्साहजनक है। जो परिवार पहले कभी आंगनवाड़ियों को केवल पोषण केंद्र मानते थे, अब उन्हें अपने बच्चे की शिक्षा की यात्रा में पहला कदम मानते हैं। भारत में हर बच्चा जन्म से ही मज़बूत शुरुआत का हक़दार है। जन्म से तीन साल तक की आयु वर्ग के बुनियादी महत्व को समझते हुए मंत्रालय ने प्रारंभिक बाल्यावस्था प्रोत्साहन के लिए राष्ट्रीय ढाँचा- नवचेतना की भी शुरूआत की है। यह पहल माता-पिता और देखरेखकर्ताओं को बच्चों के विकास के लिए घर पर ही सरल, खेल-आधारित, आयु के -उपयुक्त गतिविधियों के माध्यम से सशक्त बनाती है। माता-पिता की भागीदारी बच्चे के विकास की कुंजी है। जहाँ एक ओर उच्च आय वाले परिवार खिलौनों और किताबों में निवेश कर सकते हैं, वहीं सरकार की भूमिका कम आय वाले परिवारों के लिए समान अवसर प्रदान करने की है। नवचेतना और पोषण भी पढ़ाई भी के माध्यम से, हम भारत के कोने- कोने में हर बच्चे को शुरू से ही आवश्यक प्रोत्साहन, देखभाल और पोषण मिलना सुनिश्चित करते हुए इस अंतर को पाट रहे हैं। यदि भारत को सही मायनों में विकसित बनना है, तो हमारी युवा पीढ़ी को जीवन की सही शुरुआत के साथ सशक्त बनाना होगा। खेल कोई विलासिता नहीं है-यह सीखने का आधार है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारत के प्रत्येक बच्चे को सीखने, बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिले-क्योंकि राष्ट्र निर्माण की शुरुआत उसके सबसे छोटे नागरिकों के पोषण से होती है।

आज की **बात**



**अन्नपूर्णा देवी**
केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकार

## आपकी बात

### इतिहास आप भी बना सकते हैं

हर व्यक्ति की अपनी-अपनी क्षमता और प्रतिभा होती है। जरूरत है तो केवल उसे पहचानने और निखारने की। उसी के अनुरूप हमें अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। आजकल हो रहा है सब कुछ उल्टा-लोग भेड़चाल में चल रहे हैं। इस संसार में रास्ते बहुत हैं, लेकिन सही रास्ता आपको ही चुनना है। हर जगह भीड़ है, प्रतिस्पर्धा कठिन है और संघर्ष भी आपको ही करना होगा। वास्तव में जीवन का नाम ही संघर्ष है। बाधाएं आएंगी ही, लेकिन उन्हें पार करने के लिए आपको अपने लक्ष्य के साथ मज़बूती से खड़ा होना होगा। संघर्ष के बाद जब सफलता मिलती है तो उसका आनंद कई गुना बढ़ जाता है। सबसे पहले आपको स्वयं का मित्र बनना होगा-सच्चा मित्र, जो आपको भले-बुरे की पहचान करा सके। जब भी अवसर मिले, अपने आप से बातें कीजिए। अपनी खूबियों को पहचानिए। लोग सराहें या न सराहें, स्वयं को शाबाशी देने में कभी कंजूसी मत कीजिए। सकारात्मकता को अपने जीवन का हिस्सा बनाइए। याद रखिए-आप इस दुनिया में सबसे अलग हैं। दूसरे क्या कर रहे हैं, इसकी चिंता करने के बजाय यह देखिए कि आप क्या कर सकते हैं। और जो भी कर सकते हैं, उसमें अपनी पूरी ऊर्जा लगाइए। जब आपका काम नवाचार से भरा होगा तो लोग स्वयं आपके साथ आने लगेंगे। काम तो सब करते हैं, लेकिन जो सामान्य काम को भी विशेष बना दे, वही इतिहास रचता है। आत्मविश्लेषण प्रगति का द्वार खोलता है। जब कोई हमारी गलतियों की ओर इंगित करता है तो हमें बुरा लगता है। लेकिन सोचिए, यदि हमारे पास ऐसा मित्र हो जो हमें समय-समय पर डाँट-फटकार कर सही रास्ता दिखा सके, तो यह हमारे लिए बहुत बड़ा वरदान है। यदि ऐसा मित्र न हो तो कोई बात नहीं-आप स्वयं अपनी गलतियों पर ध्यान दीजिए और ज़रूरत पड़े तो खुद को डांटिए। धीरे-धीरे यह आदत आपको पछतावे से बचाएगी और प्रगति के पथ पर अग्रसर रखेगी। एक और बात याद रखिए-आप वही कीजिए, जो आपको वास्तव में पसंद हो। पसंद का काम करने में जो आनंद है, वह अद्वितीय है। जब हम किसी कार्य को बोझ मानकर करते हैं तो वह कठिन लगने लगता है और सफलता की संभावनाएं भी घट जाती हैं। कभी-कभी चुना हुआ क्षेत्र चुनौतियों से भरा होता है। घबराइए मत, डटकर लड़िए। जीत आपकी ही होगी। कोई भी आपको आपके लक्ष्य तक पहुंचने से रोक नहीं सकता। कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। आने वाले तूफ़ानों से आपको खुद ही मुकाबला करना है। अपने को कभी अकेला मत समझिए। कोई आपका साथ दे या न दे, लेकिन अगर आप अपने साथ खड़े हैं तो दुनिया भी आपका साथ देने लगेगी। बढ़ना है तो निरंतर बढ़ते रहना होगा-रुकना तो मौत की निशानी है। हौसले के साथ कदम बढ़ाइए। आपके हाथों में जादू है और उसी जादू से आप अपनी मनचाही मुरादें पूरी कर सकते हैं। दुनिया को बदलने वाले लोग हमारे बीच से ही निकलते हैं। उनके भीतर एक बेचैनी होती है जो उन्हें चैन से बैठने नहीं देती। वही छटपटाहट उन्हें ऐसे काम करने को प्रेरित करती है जिन्हें देखकर लोग दांतों तले उंगलियां दबा लेते हैं। इतिहास आपकी प्रतीक्षा कर रहा है। बस, दिल से अपना काम कीजिए-निश्चित रूप से आपकी विजय होगी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



**नवीन कुमार 'नवेंदु' (सिमडेगा)**

# जयंती पर विशेष : साहित्यिक संस्कृति के सेतु थे बाबा बुल्के

देश की **बात**



**प्रो, प्रमोद कुमार**

मनरेसा हाउस का हंस : फादर कामिल बुल्के

हिंदी जगत के संत साहित्यकार फादर कामिल बुल्के का जन्म भले ही विदेश की धरती पर हुआ था,लेकिन उनकी कर्मभूमि आजीवन रांची बना रहा। पूरब और पश्चिम की साहित्यिक संस्कृति के वे सेतु थे। 1 सितंबर 1909 को बेल्जियम के एक गांव रामस्पेल में उनका जन्म हुआ था तथा 20 अक्टूबर 1935 को अपना वतन छोड़कर पूरी तरह वे भारत के हो गए। अपनी जन्मभूमि से फादर मुंबई आए 1936 में दार्जिलिंग, वहां से गुमला फिर रांची आकर हिंदी की सेवा में लग गए। फादर बुल्के का मानना था कि हिंदी भाषा को जानना जरूरी है क्योंकि जन सेवा के लिए इसकी अनदेखी कभी नहीं की जा सकती। हजारीबाग का सौभाग्य रहा है कि 1938 में फादर बुल्के का यहां आगमन हुआ तथा पूरी एक साल तक प्रवास करते हुए संस्कृत और हिंदी भाषा की शिक्षा ली। पंडित बद्रीनाथ शास्त्री संस्कृत और हिंदी भाषा के प्रचंड विद्वान थे जो बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से शोध की डिग्री लेने के बाद हजारीबाग लौटे थे। बाद में डॉक्टर शास्त्री संत कोलंबा कॉलेज के संस्कृत और हिंदी के विभाग अध्यक्ष भी बने थे। लगभग 1 वर्ष तक फादर बुल्के पंडित शास्त्री के शिष्य बन रहे और संस्कृत में पारंगत हासिल की। हजारीबाग के पूरब दिशा में स्थित सीतागढा के धर्म प्रशिक्षण महाविद्यालय के आवासीय कमरा नंबर 61 फादर का निवास था जहां उनकी साहित्यिक साधन पूरी हुई। फादर बुल्के ने एक महत्वपूर्ण पुस्तक हरी घाटी की रचना सीतागढ़ा में ही रहकर की थी। इसके सृजन में इलाहाबाद से आए साहित्यकार हरिवंश ने अपना सहयोग दिया था। फादर कामिल बुल्के 1950 से 1966 तक सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची की हिंदी विभाग के विभागा ध्यक्ष रहे। 1974 में तत्कालीन राष्ट्रपति बी वी गिरी ने उन्हें पद्म भूषण पदक से सम्मानित किया था। 1975 में जब प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन नागपुर में हुआ था उसमें भारत के साथ-साथ बेल्जियम का भी प्रतिनिधित्व फादर बुल्के ने किया था। यह सुखद संयोग है की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि रही दोनों देशों का प्रतिनिधित्व एक ही साहित्य का संत ने किया।

बाबा का व्यक्तित्व दूर से ही आलोकित होता दिखाई देता था। श्वेत धवल दाढ़ी सफेद अपरन पहने एक दिव्य अनुभूति से भरा व्यक्तित्व सिर्फ और सिर्फ हिंदी की सेवा के लिए आजीवन समर्पित रहा। बाबा का दर्शन करने का सौभाग्य अंतिम बार मुझे 23 अप्रैल 1982 को रांची में प्राप्त हुआ। अखबार के माध्यम से ज्ञात हुआ की 23 अप्रैल को रांची में वीर कुंवर सिंह जयंती का आयोजन किया जाना है जिसका उद्घाटन फादर बुल्के करेंगे। उसमें कश्मीर के भूतपूर्व महाराज डॉक्टर कर्ण सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। रांची हवाई अड्डे पर में अपने मित्र संजय कुमार सिंह के साथ 11:00 दिन में पहुंच गया था। उसे समय हम दोनों रांची विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थी थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ कर्ण सिंह, साहित्यकार शंकर दयाल सिंह और रांची के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पीएन सिंह जब जहाज से उतरे तो उन लोगों का स्वागत करने का सौभाग्य हम दोनों मित्रों को प्राप्त हुआ था। उनके काफिले में शामिल होकर हम लोग मनरेसा हाउस पहुंचे। हम दोनों मित्र बाहर रहे, कश्मीर के महाराज के साथ लगभग 1 घंटे तक संत बुल्के के साथ कई मुद्दों पर बात हुई। वरिष्ठ पत्रकार हरिओम जी ने उन दोनों का साक्षात्कार भी लिया था.। शाम को कुसाई कॉलोनी में बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती समारोह का उद्घाटन फादर कामिल बुल्के के कर कमलों से हुआ, श्रोताओं की अपार भीड़ थी और श्रोतागण बाबा के प्रवचनों को एकाग्रचित होकर सुनते रहे थे। फादर कामिल बुल्के और साहित्यकार राधा कृष्ण की दोस्ती का कोई जवाब नहीं था। पटना में कवि रमण से जब मेरी मुलाकात हुई तो बाबा से जुड़ी कई स्मृतियों की उन्होंने जानकारी दी थी। आज फादर कामिल बुल्के नहीं है। मनरेसा हाउस का हंस उड़ गया, लेकिन अपने सृजन के तप से पूरे हिंदी जगत को धन्य कर गया। तभी तो आज भी हिंदी बहुरानी का ताज धारण किए देदीप्यमान हो रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



● हज़ारीबाग की हरी वादियो में 'हरी घाटी' का किया था सृजन

● यह तस्वीर 23 अप्रैल 1982 की है। वीर कुंवर सिंह जयंती को बाबा संबोधित कर रहे हैं।

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




### आज का दोहा

धीरे धीरे जल रहा था जो ज्ञान प्रदीप।
लौ उसकी उठने लगी फिर से विश्व समीप।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# अचानक बदल गए फोन की कॉलिंग स्क्रीन, क्या है इसके पीछे की वजह

मन और मस्तिष्क में पर्याप्त अंतर होता है। इसमें से मन को आत्मिक अभिव्यक्ति के साथ जोड़ कर देखा जाता है। यह विचार , चेतना, ज्ञान, इच्छा, अनुभव, अनुभूति और भावनाओं से संचालित होता है और इन्हें संचालित भी करता रहता है। दूसरी ओर मस्तिष्क है जो एक यंत्र या डिवाइस की तरह शरीर का एक अंग है जो तंत्रिका तंत्र के माध्यम से विभिन्न अंगो को सूचनाएं पहुँचाने का काम करता है। दर्शन की दृष्टि से देखें तो मन और मस्तिष्क में वही अंतर है जो सूक्ष्म शरीर और स्थूल शरीर होता है । ऐसे में, मन सूक्ष्म को शरीर का भाग माना जाता है जबकि है मस्तिष्क वस्तुतः स्थूल शरीर का भाग होता है। एक मोबाइल फोन के कारण स्थूल और सूक्ष्म शरीर का यह दर्शन कितना प्रभावी हो रहा है इसकी बानगी तब देखने को मिली जब गत चौदह अगस्त की शाम से लेकर पंद्रह अगस्त के दोपहर तक एंड्रॉइड फोन के कई उपयोगकर्ताओं के लिए यह सबकुछ कौतूहल का विषय बनकर सामने आया। यह इसलिए भी कौतूहल पैदा कर गया क्योंकि एंड्रॉइड यूजर्स के फोन ऐप का डायलर इंटरफेस बिना किसी वॉर्निंग या परमिशन लिए अचानक बदल गया। शुरुआत में यह सबकुछ सामान्य उपभोक्ताओं की समझ में नहीं आया कि आखिर ऐसा क्यों हुआ व कैसे हुआ क्योंकि अब गुगल फोन ऐप के कॉल लॉग में पहले जैसा न ग्रुपिंग व्यू दिख रहा है और न हर कॉल को अलग लिस्ट किया जा रहा है। इसके मूल घटक की बात करें तो कॉल्स अब गोल किनारों वाले कार्ड्स में नजर आने लगी और साथ में नया फिल्टर सिस्टम भी सामने आ गया। इतना ही नहीं,अब मिस्ड कॉल, संपर्क सूची जैसी श्रेणी को आसानी से अलग करने की सुविधा भी उपलब्ध होने लगी। इसी तरह अब इन कॉल स्क्रीन पर बड़े, गोल और आयताकार बटन ऐड की सुविधा भी मिलने लगी ताकि कॉल प्रबंधन अधिक आसान बन सके। इसके लिए कॉल रिसीव करने, कॉल काटने और स्वाइप या टैप करने जैसे आसान व वैज्ञानिक विकल्पों को इस सिस्टम शामिल किया गया। इतना कुछ होने के बावजूद कुछ लोगों की नाराजगी भी सामने आई क्योंकि यह उस फोन से जुड़ा हुआ मामला था जिसने हमारे मन के साथ मस्तिष्क को भी प्रभावित किए बैठा है। इसकी बानगी तब देखने को मिली जब तकनीकी कैम्पसों के साथ साथ यह सुदूरवर्ती चौपालों में भी बहस और अन्वेषण का विषय बनकर सामने नजर आने लगा।वैसे तो मोबाइल फोन महज एक छोटा सा यंत्र है और हमारे मन पर इसका कुछ ऐसा नियंत्रण हो चला है कि डायलर इंटरफेस पर किए गए इस छोटे से प्रयोग के बाद सुदूर चौपालों से यह खबर आने लगी कि यह बदलाव गुगल के मैटेरियल थ्री एक्सप्रेसिव रिडिजाइन का नतीजा था। आमतौर पर यह कोई प्रचलित शब्द नहीं है फिर भी भाव देखिए कि बगैर किसी पूर्व सूचना के सीमांत यूजर्स भी इस तथ्य की मजे से व्याख्या कर रहा है कि यह हाल ही में एंड्रॉइड 16 के साथ पेश किए गए मैटेरियल थ्री एक्सप्रेसिव रिडिजाइन का हिस्सा है। यह मन और मस्तिष्क पर नियंत्रण का एक हैरान करने वाला तथ्य है जबकि हमारी सीमांत आबादी के पास नए अपडेट की वह जानकारी उपलब्ध है जिसके तहत के तहत अब उस सॉफ्टवेयर को सक्रिय कर दिया गया है जो फोन, कम्प्यूटर या किसी डिवाइस पर नहीं बल्कि सर्वर फर चलता है और इस तकनीक के कारण किसी ऐप को इंस्टॉल या अपडेट किए बगैर ही डायलर में बदलाव दिखने लगा और इंटरनेट से कनेक्ट होते ही नया इंटरफेस दिखने लगता है। शुरुआत में इस बदलाव ने कुछ लोगों को अनावश्यक, भ्रामक और परेशान करने वाला लगा क्योंकि ऐप पूरी तरह से अलग था परन्तु कुछ यूजर्स को नया डिजाइन बहुत पसंद आया। यहाँ पसंद नापसंद अपनी जगह पर हैं क्योंकि हर कोई जानता है कि फिलहाल पुराने डिजाइन पर वापस जाने का कोई विकल्प नहीं है। इस तरह की आपत्ति के अपने कारण हो सकते हैं अन्यथा कुछ यूजर्स को नया डिजाइन कैसे पसंद आता और कैसे यह सुदूरवर्ती इलाकों के चौपालों के मन मस्तिष्क के लिए बहसबाजी का मुद्दा बनता?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



अलग **बात**



**केदारनाथ दास**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

मन की बात में पीएम मोदी ने कि संबोधन की 10 बड़ी बातें

# ‘प्रतिभा सेतु’ से यूपीएससी अभ्यर्थियों को नए अवसरों की शुरुआत

**पीएम मोदी ने कहा**

- बाढ़ और भूस्खलन से देश के कई हिस्से प्रभावित।
- एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, स्थानीय लोग और डॉक्टर्स की सराहना।
- पुलवामा में डे-नाइट क्रिकेट मैच, बड़ी भीड़ की भागीदारी।
- अंतिम सूची में न आ सकने वाले योग्य छात्रों के लिए नया प्लेटफॉर्म।
- डल झील में खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल, 800+ एथलीट शामिल।
- निजी कंपनियों को होनहार युवाओं से जोड़ने का माध्यम।
- जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति और प्रगति का संकेत।



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 125वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं से लेकर जम्मू-कश्मीर की नई उपलब्धियों, यूपीएससी अभ्यर्थियों के लिए बनाए गए ‘प्रतिभा सेतु’ प्लेटफॉर्म और खेलों की शक्ति तक कई मुद्दों पर अपनी बात रखी।पीएम मोदी ने कार्यक्रम की शुरुआत हाल ही में देश के विभिन्न हिस्सों में आई बाढ़ और भूस्खलन का जिक्र करते हुए की। उन्होंने कहा कि मॉनसून के इस मौसम में प्राकृतिक आपदाएं देश की कसौटी कर रही हैं। कहीं घर उजड़ गए, कहीं खेत डूब गए, परिवार के परिवार बेघर हो गए। इन घटनाओं ने हर हिन्दुस्तानी को दुखी किया है। उन्होंने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और सुरक्षाबलों के साथ-साथ स्थानीय लोगों, डॉक्टरों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की सराहना की, जिन्होंने संकट की इस घड़ी में मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखा। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर को मिली दो उपलब्धियों का उल्लेख किया। पुलवामा में रिकॉर्ड भीड़ के बीच डे-नाइट क्रिकेट मैच का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पहले ऐसा सोचना भी मुश्किल था, लेकिन अब देश बदल रहा है। यह मैच रॉयल प्रीमियर लीग का हिस्सा था। वहीं, दूसरी उपलब्धि में डल झील में खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें पूरे भारत से 800 से ज्यादा एथलीट्स ने हिस्सा लिया। पीएम ने कहा कि खेल देश की एकता और विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। सिविल सेवा परीक्षा पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कई काबिल छात्र मामूली अंतर से अंतिम सूची तक नहीं पहुंच पाते। अब उनके लिए सरकार ने ‘प्रतिभा सेतु’ नामक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया है। इस पर 10 हजार से ज्यादा ऐसे अभ्यर्थियों का डेटाबैंक उपलब्ध है, जिन्होंने यूपीएससी की परीक्षाओं के सभी चरण पास किए लेकिन अंतिम मेरिट में जगह नहीं बना पाए।

## पीएम मोदी का स्वदेशी और स्वच्छता पर जोर, कहा, ‘गर्व से कहो, ये स्वदेशी हैं’

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम ‘मन की बात’ के 125वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने देशवासियों को गणेशोत्सव और आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्वदेशी अपनाने और स्वच्छता को बढ़ावा देने पर भी विशेष जोर दिया। ‘मन की बात’ में पीएम मोदी के संबोधन ने देशवासियों में उत्साह जगाया और त्योहारी सीजन में स्वदेशी के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि देश में इस समय गणेशोत्सव की धूम मची है और आने वाले दिनों में विभिन्न त्योहारों की रौनक रहेगी। पीएम मोदी ने देशवासियों से अपील की कि इन त्योहारों में स्वदेशी को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा, “उपहार वही हो, जो भारत में बना हो, पहनावा वही हो, जो भारत में बुना हो, सजावट वही हो, जो भारतीय सामान से हो, और रोशनी वही हो, जो भारत में बनी झालरों से हो।” जीवन की हर जरूरत में स्वदेशी अपनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, “गर्व से कहो, ये स्वदेशी है।” उन्होंने ‘वोकल फॉर लोकल’ के मंत्र को दोहराया और ‘आत्मनिर्भर भारत’ को ‘विकसित भारत’ की दिशा में एकमात्र रास्ता बताया। उन्होंने कहा, “स्वदेशी अपनाना न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता है, बल्कि देश की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत करता है।”इसके साथ ही, पीएम मोदी ने स्वच्छता अभियान पर बल देते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखें और इस अभियान को एक जन आंदोलन बनाएं।

## पीएम मोदी ने सुरक्षा गार्ड जितेंद्र सिंह राठौड़ की देशभक्ति को बताया प्रेरणा का स्रोत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ‘मन की बात’ के 125वें संस्करण को संबोधित किया। इस विशेष अवसर पर उन्होंने देशवासियों से संवाद करते हुए आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत और ‘वोकल फॉर लोकल’ जैसे मंत्रों को दोहराया। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने समाज में प्रेरणा देने वाले उन लोगों का भी उल्लेख किया, जिन्होंने व्यक्तिगत प्रयासों से देशहित में मिसाल पेश की है। इनमें एक नाम है सूरत के रहने वाले जितेंद्र सिंह राठौड़ का। पेशे से सुरक्षा गार्ड जितेंद्र सिंह ने ऐसा कार्य किया है, जो हर देशभक्त के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। प्रधानमंत्री ने बताया कि जितेंद्र सिंह पिछले कई वर्षों से उन वीर जवानों की जानकारी जुटा रहे हैं, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। प्रथम विश्व युद्ध से लेकर अब तक हजारों शहीद जवानों की तस्वीरें और उनका विवरण इकट्ठा कर वे एक अमूल्य धरोहर संजो रहे हैं। शहीदों के प्रति उनका यह समर्पण देशभक्ति की एक अद्वितीय मिसाल है। पीएम मोदी ने कहा कि इस प्रेरक कार्य की शुरुआत तब हुई जब एक शहीद के पिता के शब्द जितेंद्र सिंह ने सुने।



## प्राकृतिक आपदा में भारत के आधुनिक संसाधनों ने निभाई अहम भूमिकाः पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम ‘मन की बात’ के 125वें एपिसोड के तहत देश के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने हाल ही में उत्तर भारत में आई प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र किया। उन्होंने आपदाओं के वक्त इस्तेमाल हुए देश के आधुनिक संसाधनों के इस्तेमाल की तारीफ की। पीएम मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम ‘मन की बात’ में देश को संबोधित करते हुए प्राकृतिक आपदाओं के वक्त देश के आधुनिक संसाधनों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा, “संकट की घड़ी में जवानों ने तकनीक का सहारा भी लिया। थर्मल कैमरे, लाइव डिटेक्टर, स्निफर डॉग और ड्रोन जैसे अनेक आधुनिक संसाधनों के साथ राहत कार्य में तेजी लाने की कोशिश की गई। इस दौरान हेलीकॉप्टरों से राहत सामग्री पहुंचाई गई, घायलों को एयरलिफ्ट किया गया।”पीएम मोदी ने प्राकृतिक आपदा से देश को हुए नुकसान पर दुख जताया। उन्होंने कहा, “मानसून के इस मौसम में प्राकृतिक आपदाएं देश की कसौटी कर रही हैं। पिछले कुछ सप्ताह में हमने बाढ़ और भूस्खलन का बड़ा कहर देखा है। कहीं घर उजड़ गए तो कहीं खेत डूब गए। परिवार के परिवार उजड़ गए।

## ‘मन की बात’ में अपने प्रमुख उद्देश्यों से जुड़े सभी पहलुओं को छुआ : योगेंद्र चंदोलिया

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि पीएम मोदी ने ‘मन की बात’ के 125वें एपिसोड में खेल महोत्सव पर जोर दिया। उन्होंने डल झील में आयोजित वाटर स्पोर्ट्स का जिक्र किया। उन्होंने ‘वोकल फॉर लोकल’, स्वच्छ भारत, और आत्मनिर्भर भारत जैसे प्रमुख विषयों पर भी बात की। आईएएनएस से बातचीत में भाजपा सांसद ने कहा कि पीएम मोदी ने ‘मन की बात’ कार्यक्रम में अपने प्रमुख उद्देश्यों से जुड़े सभी पहलुओं को छुआ है। ‘मन की बात’ कार्यक्रम से देशवासियों को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि जब भी पीएम मोदी विदेशी दौरे पर जाते हैं, तो वे हमेशा देश हित में बात करते हैं और इससे कुछ न कुछ सकारात्मक परिणाम जरूर निकलता है। भाजपा सांसद को विश्वास है कि चीन दौरे से भी कुछ न कुछ अच्छा ही परिणाम आएगा। बता दें कि रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम ‘मन की बात’ के 125वें एपिसोड में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इस एपिसोड में उन्होंने देशवासियों से सीधा संवाद करते हुए विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय विषयों को छुआ।



## चीनी सामान से बढ़ा देश का आर्थिक संकट, भाजपा की आत्मनिर्भरता खोखली

**अखिलेश यादव का सरकार पर हमला**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा प्रहार करते हुए रविवार को कहा कि चीन से आने वाले सामानों पर भारत की निर्भरता लगातार बढ़ रही है, जिसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के घटते कारोबार पर पड़ रहा है। सपा प्रमुख यादव ने ‘एक्स’ पर पोस्ट कर कहा, ‘‘यही है तथाकथित आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और चीनी सामान के बहिष्कार के भाजपाई जुमलों का चिंताजनक सच। उन्होंने इसे विस्तार से समझाते हुए कहा, ‘‘चीन से आने वाले सामानों पर जिस तरह भारत की निर्भरता बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के लगातार घटते जा रहे काम-कारोबार पर पड़ा है। इससे बेरोजगारी भी बेतहाशा बढ़ रही है।’’ यादव ने आगाह करते हुए कहा, ‘‘भाजपा चीनी चाल की क्रोनोलॉजी समझे।’’ उन्होंने आगे कहा, ‘‘पहले चीन अपना माल भारत के बाजारों में भर देगा जिससे चीन पर निर्भरता इतनी बढ़ जाएगी कि उनकी हर गलत हरकत को नजरअंदाज करने के लिए भाजपाई मजबूर हो जाएंगे। यादव ने दावा किया, ‘‘उसके बाद चीन हमारे उत्पादों और उद्योगों को धीरे-धीरे बंद करवाने के कगार तक ले जाएगा और उसके बाद मनमाने दाम पर हर चीज की आपूर्ति करेगा।उसके बाद महंगाई-बेरोजगारी बढ़ाएगा।’’ ’’सपा प्रमुख ने कहा, ‘फिर खुद ही लड़खड़ाती भाजपा सरकार चीन के अतिक्रमण को चुनौती नहीं दे पाएगी... उसके बाद हमारी जमीन पर चीन अपना कब्जा और बढ़ाएगा।... इसके बाद भाजपा दोहराएगी कि ‘न कोई न कोई!’’ यादव ने कहा, ‘‘अगर ये बात ‘ड्रोनवालों’ को समझ नहीं आ रही है तो उत्तर प्रदेश में विराजमान ‘बुलडोजर’ वाले प्रवासी जी ही ये सच्चाई समझकर जवाब दें कि चीन ने हमारी कितनी जमीन हड़प ली है, क्योंकि उनका मूल निवास स्थान भी चीन के कब्जे का शिकार हुआ है।

## ओडिशा में ईडी का बड़ा एक्शन, बैंक घोटाले में जब्त हुईं 10 से ज्यादा लग्जरी गाड़ियां

**ओडिशा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 1,396 करोड़ रुपये की कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में ओडिशा के एक व्यवसायी और उसकी कंपनियों के खिलाफ छापेमारी के बाद एक पोर्श, एक मर्सिडीज, एक मिनी कूपर और एक बीएमडब्ल्यू समेत 10 से अधिक लग्जरी वाहन जब्त किए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया और देश के सबसे बड़े बैंक धोखाधड़ी मामलों में से एक से जुड़ी चल रही छापेमारी के दौरान, एजेंसी ने 7 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 10 लग्जरी कारें और 3 सुपरबाइक जब्त कीं, जिनमें एक पोर्श कायेन, मर्सिडीज-बेंज जीएलसी, बीएमडब्ल्यू एक्स7, ऑडी ए3, मिनी कूपर और एक होंडा गोल्ड विंग मोटरसाइकिल शामिल हैं।

## फूड पॉइजनिंग से लेकर टाइफाइड तक फैला सकते हैं ‘तिलचट्टे’

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बारिश का मौसम आते ही ठंडक और राहत तो मिलती है, लेकिन साथ ही कुछ परेशानियां भी बढ़ जाती हैं। इन्हीं परेशानियों में से एक है घर में तिलचट्टों यानि कॉकरोचों का दिखना। बारिश के दिनों में अक्सर देखा जाता है कि रसोईघर, बाथरूम और नाली के आसपास कॉकरोच घूमते नजर आते हैं। ये कहीं न कहीं आपकी सेहत को भी चुपचाप नुकसान पहुंचा सकते हैं। वैज्ञानिक रिसर्च की माने तो कॉकरोचों की वजह से पेट से जुड़ी दिक्कतें, फूड पॉइजनिंग, टाइफाइड और एलर्जी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। दरअसल, इनकी आंतों में एक बैक्टीरिया पाया जाता है जिसे स्यूडोमोनास एरुगिनोसा कहा जाता है। ये बैक्टीरिया इंसानों में पेशाब की नली में संक्रमण, पाचन तंत्र की परेशानी और कभी-कभी खून में संक्रमण जैसी जानलेवा बीमारियों का कारण बन सकता है।

**इसका समाधान रसोईघर में है**

**नीम :** नीम को आयुर्वेद में चमत्कारी माना गया है। नीम के पत्तों का तेल या उसका पाउडर उन जगहों पर डालें जहां कॉकरोच छिपते हैं, जैसे कि रसोई की अलमारियां, सिंक के किनारे, या फिर बाथरूम के कोने। नीम की तेज महक कॉकरोचों को वहां से भागने पर मजबूर कर देती है।

**बेकिंग सोडा :** ये एक आसान और सस्ता तरीका है, जो हर घर में मिल जाता है। बेकिंग सोडा में जब चीनी मिलाकर जगह-जगह रखा जाता है, तो कॉकरोच उसे खाने के लिए आते हैं। लेकिन चीनी के साथ मिला बेकिंग सोडा उनके पेट में जाकर गैस बनाता है और उन्हें मार देता है। धीरे-धीरे ये उपाय पूरे घर से कॉकरोच खत्म कर देता है।

**तेजपत्ता :** यह एक अच्छा विकल्प हो सकता है। तेजपत्ते को पीसकर पाउडर बना लें या फिर पानी में उबालकर उसका स्प्रे तैयार करें। इस पानी को उन जगहों पर छिड़कें जहां कॉकरोच दिखते हैं। इसकी खुशबू उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं होती।

**लौंग :** लौंग की तेज खुशबू न सिर्फ कॉकरोचों बल्कि कई कीड़ों को दूर रखने में मदद करती है। आप बस कुछ लौंग रसोई के कोनों में, अलमारियों में या फिर सिंक के आसपास रख दीजिए। यह तरीका भी काफी हद तक कारगर साबित होता है।

## मुजफ्फरनगर में पत्नी ने की पति की गला घोंटकर हत्या

**मुजफ्फरनगर।** जिले के नयी मंडी थाना क्षेत्र में एक महिला ने कथित तौर पर पारिवारिक विवाद के कारण अपने पति की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र बघेल ने बताया कि क्षेत्र के ‘ए टू जेड’ रोड इलाके में शुक्रवार को कविता (30) ने अपने पति संजय कुमार (40) की गला घोंटकर हत्या कर दी। मृतक के पिता भोपाल सिंह ने कविता पर उनके बेटे की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद शनिवार को पुलिस ने कविता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा, ‘‘पूछताछ के दौरान कविता ने बताया कि उसने सोते समय संजय की गला घोंटकर हत्या की थी। उसने बताया कि हत्या का कारण संजय द्वारा अपनी पहली पत्नी के कारण उसकी उपेक्षा करना था।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपकी व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी, आपके साथ कुछ नए क्लाइंट भी जुड़ेंगे। आज आपके घर में नन्हे मेहमान का आगमन होगा, जिससे आपके दाम्पत्य जीवन में जिम्मेदारी आएगी।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। आज आपको व्यवसाय में बड़ा धन लाभ होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आप किसी मुद्दे के ऊपर जीवनसाथी से सलाह - मशवरा कर सकते हैं। आज किसी प्रोजेक्ट को लेकर ऑफिशियल यात्रा संभव है, आप सारी तैयारी अच्छे से कर लें।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज आप किसी नए काम की शुरुआत करेंगे, जिसमें आपको अच्छा लाभ होगा। आज आप माता - पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं, जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज आप घर - परिवार संबंधी समस्याओं को सुलझाने में सफल रहेंगे।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप व्यापार को और बड़ा बनाने का प्रयास करेंगे, जिसके लिए आप ऑफिस में मीटिंग कर सकते हैं। आज आप अपने खान - पान को लेकर डाइट प्लान तैयार कर सकते हैं। आज आपको स्वयं की सूझबूझ से लिए गए निर्णय के उचित परिणाम हासिल होंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी, आप किसी बड़ी डील को फ़ाइनल कर सकते हैं। आज ऑफिस में आपके काम को लेकर तारीफ होगी और बॉस आपके प्रमोशन की बात कर सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप रुके हुए कार्यों को पूरा करेंगे, जिससे आपकी व्यस्तता बनी रहेगी। आज आप किसी भी निर्णय को लेने से पहले अच्छे से सोच - विचार कर लें, जिससे बाद में कोई पछतावा न हो। इस राशि के लेखक आज किसी अच्छी कविता को लिखने का मन सकते हैं।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा लाभ होगा और आपके व्यावसायिक रिश्ते भी मजबूत बनेंगे। इस राशि के जो व्यक्ति विदेश जाने का मन बना रहे थे, आज आपको किसी से मदद मिलेगी। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं।

**वृश्चिक :** आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद से अपने कार्यों को पूरा करने में समर्थ रहेंगे, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। आज ऑफिस में बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दे सकते हैं आज आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजी जीवन संबंधी किए गए।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप पार्टनरशिप में किसी बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं, भविष्य में आप अच्छा लाभ कमायेंगे। इस राशि के सामाजिक कार्यों में कार्यरत व्यक्ति सामाजिक हित के लिए किसी विशेष मुद्दे को उठा सकते हैं। आज आपका ट्रांसफर मनचाही जगह पर हो जायेगा।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज आप व्यापारिक लेन - देन में सारी चीजें अच्छे से चेक करें और कर्मचारियों के साथ अच्छे से व्यवहार करें। आज आपको पैतृक सम्पति का लाभ मिलेगा, जिससे आपके बहुत से अटके काम पूरे होंगे। आज आप दाम्पत्य जीवन की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप अपने सपनों को पूरा करने में काफी हद तक सफल रहेंगे। आज आपके दाम्पत्य जीवन में नयी जिम्मेदारियां आएंगी, जिसे आप बखूबी निभायेंगे। आज आपको किसी व्यक्ति की मदद करने का मौका मिलेगा, जिसे आप नजरंदाज न करें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहेगा। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज आपके जमीन जायदाद से जुड़े कार्य प्रगति की ओर बढ़ेंगे। आज आप किसी मामले में घर के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह ले सकते हैं, जिससे वो आसानी से सुलझ जायेगा।

## अमित शाह पर ‘सिर काटने’ वाले बयान पर महुआ मोइत्रा फंसीं, छत्तीसगढ़ में एफआईआर दर्ज

**एजेंसी। नई दिल्ली**



तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ ‘आपत्तिजनक’ टिप्पणी की थी। इसी सिलसिले में अब उनके खिलाफ छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक एफआईआर दर्ज की गई है। यहां एक स्थानीय निवासी ने मोइत्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीटीआई ने एक अधिकारी के हवाले से बताया कि धारा 196 (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और 197 (राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने वाले आरोप) के तहत मामला दर्ज किया गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद समेत कई भाजपा नेताओं ने मोइत्रा की टिप्पणी की निंदा की है। उन्होंने तृणमूल नेता के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है। महुआ मोइत्रा ने कथित तौर पर कहा था कि भारत में अवैध बांग्लादेशियों की घुसपैठ को रोकने में विफल रहने के लिए अमित शाह का ‘सिर काट’ देना चाहिए। उन्होंने यह कथित बयान गुरुवार को पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बात करते हुए दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भाजपा ने मोइत्रा की कड़ी आलोचना की थी।

## तेजस्वी ने कर दी विवादित टिप्पणी, सीएम को बता दिया ‘चिट मिनिस्टर’

**एजेंसी। पटना**



बिहार में ‘वोटर अधिकार यात्रा’ में भाषा की सारी सीमाएं टूट गईं। प्रधानमंत्री मोदी को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की गई। अब, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने ‘मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना’ को लेकर नीतीश सरकार पर विवादित टिप्पणी कर दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर विवादित बयान देते हुए उन्हें ‘चिट मिनिस्टर’ बता डाला। राजद नेता ने कहा कि नीतीश सरकार के पास अपना कोई विजन नहीं है। बिहार की जनता इनके चाल और चरित्र को समझ चुकी है और अब परिवर्तन लाएगी। पटना में रविवार को मीडिया से बातचीत में राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, ‘’मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तो चीटिंग कर ही रहे हैं। उनका अपना विजन तो है नहीं। वह मुख्यमंत्री की तरह नहीं, बल्कि ‘चिट मिनिस्टर’ की तरह काम कर रहे हैं। इनके पास अपना कोई विजन नहीं है। बिहार की जनता इनके चाल और चरित्र को पहचान गई है। अब परिवर्तन लाएगी। दरअसल, बिहार मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को महिलाओं के रोजगार के लिए नई योजना ‘मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना’ की स्वीकृति दी। इस योजना का मुख्य लक्ष्य राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता देना है। इस योजना को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, “हम लोगों ने नवंबर, 2005 में सरकार बनने के बाद से ही महिला सशक्तीकरण के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। अब महिलाएं अपनी मेहनत से न केवल बिहार की प्रगति में अपना योगदान दे रही हैं, बल्कि वे अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रही हैं।

## बिहार की जनता को तय करना है विकास या विनाश चाहिए : सम्राट चौधरी



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने रविवार को कहा कि विधानसभा चुनाव में स्पष्ट है कि सीधे ‘लालूवाद’ और ‘नीतीशवाद’ की लड़ाई है। बिहार की जनता को तय करना है कि उसे विनाश चाहिए या विकास। पटना में मीडिया से बातचीत में उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश और बिहार की राजनीति में दिल्ली में एक युवराज है जिसके परिवार ने 55 वर्षों तक सत्ता में बैठने का काम किया है और एक बिहार में हैं, जो खुद को ही राजा बनाएंगे। उन्होंने तंज कसते हुए आगे कहा कि जब तक लालू यादव सासाराम नहीं गए, तब तक राहुल गांधी की ‘वोटर अधिकार यात्रा’ शुरू नहीं हुई। इन लोगों को कोई नहीं पहचानता। वे सासाराम से निकले तक नहीं। जब तक लालू यादव नहीं पहुंचे, राहुल गांधी में यात्रा पर निकलने की हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि बिहार में लालू यादव हैं। लालू यादव को जेल में कांग्रेस पार्टी ने डाला। सम्राट चौधरी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव से जुड़े एक प्रश्न पर तंज कसते हुए कहा कि वे स्वतंत्र तौर पर मुख्यमंत्री नहीं रहे हैं। उनके ऊपर तीन-तीन सुपर मुख्यमंत्री थे। सबसे पहले मुलायम सिंह थे, फिर रामगोपाल यादव और शिवपाल यादव थे। अब तो कुनबा और बढ़ गया है। अब तो धर्मेंद्र यादव, बच्चा यादव और डिंपल यादव भी आ गए हैं। अब ये बेचारे क्या करेंगे? उन्होंने कहा कि इन लोगों ने उत्तर प्रदेश को लूटा है।

**वोटर यात्रा** | नित्यानंद राय ने विपक्ष पर साधा निशाना, बोले-

# नफरत से भरी है राहुल की वोटर अधिकार यात्रा

- मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी को लेकर रोष जताया।

**एजेंसी। पटना**



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और भाजपा नेता नित्यानंद राय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ‘वोटर अधिकार यात्रा’ को नफरत से भरी बताया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा बिहार के लोगों को गुमराह करने के लिए निकाली गई। इस यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए मंच मुहैया कराया गया। भाजपा नेता नित्यानंद राय ने कहा कि बिहार के लोगों से नफरत करने वाले विपक्षी नेताओं विशेषकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का बिहार में अभिनंदन करने के लिए यात्रा आयोजित की गई।बिहार में उजियारपुर से लोकसभा सदस्य नित्यानंद राय ने राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश की 14 करोड़ जनता अपमानजनक टिप्पणी करने वाली संस्कृति को कतई बर्दाश्त नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि जिस तरह की अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए किया गया है, उसे लेकर पूरे बिहार में उबाल और गुस्सा है। इसके लिए देश की जनता से माफी मांगे वरना अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के गृहमंत्री अमित शाह को लेकर दिए बयान को आपत्तिजनक बताया। उन्होंने कहा कि यह बयान देश को शर्मसार करने वाला है। नित्यानंद राय ने कहा, ‘’पश्चिम बंगाल की सरकार घुसपैठियों को जिस तरह से संरक्षण दे रही है, वह निश्चित रूप से देश के लिए चिंता का विषय है।

## ‘वोटर अधिकार यात्रा’ की हवा निकल चुकी है: दिलीप जायसवाल



**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव की ‘वोटर अधिकार यात्रा’ पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा की हवा निकल चुकी है। बिहार के सासाराम से शुरू हुई इस यात्रा का समापन एक सितंबर को पटना में एक जनसभा के साथ होगा। इस जनसभा में इंडिया ब्लॉक में शामिल राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं के पहुंचने की उम्मीद जताई गई है। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि इस यात्रा को बिहार के मतदाता ने नकार दिया है। इस यात्रा में सिर्फ इंडिया ब्लॉक के कार्यकर्ता ही नजर आए। धरातल पर लोगों का समर्थन नहीं मिलने वाला है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर उन्होंने कहा कि अवध और मगध में भाजपा का राज है। ‘मन की बात’ कार्यक्रम के 125वें एपिसोड पर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने इस देश की प्रतिभा की चर्चा की। गांव में रहकर भी मजबूत इरादा हो तो दुनिया के सामने अपनी प्रतिभा को साबित कर सकते हैं, ओडिशा और कश्मीर के खिलाड़ी इसके उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि इस देश के गांव के लड़के-लड़कियां अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। पीएम मोदी ने स्वच्छता का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हम सेवा सप्ताह मनाते हैं। इसकी शुरुआत 17 सितंबर से होने जा रही है। जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया।

# जिम्बाब्वे के लिए 10 हजार इंटरनेशनल रन बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी बने ब्रेंडन टेलर

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ रविवार को दूसरे वनडे मुकाबले में जिम्बाब्वे के अनुभवी बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर ने बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। महज 20 रन की पारी खेलते हुए ब्रेंडन टेलर जिम्बाब्वे की ओर से इंटरनेशनल क्रिकेट में 10 हजार से ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। ब्रेंडन टेलर ने साल 2004 से अब तक तीनों फॉर्मेट में कुल 287 मुकाबले खेले, जिसकी 320 पारियों में यह दाएं हाथ का बल्लेबाज 33.92 की औसत के साथ 10,009 रन बना चुका है। इस दौरान ब्रेंडन टेलर ने 17 शतक और 57 अर्धशतक जमाए। इस लिस्ट में एंड्रयू फ्लावर शीर्ष पर हैं, जिन्होंने साल 1992 से 2003 के बीच 276 मुकाबलों में 40.63 की औसत के साथ 11,580 रन बनाए, जबकि ग्रांट फ्लावर 1992 से 2010 के बीच 288 मुकाबलों की 337 पारियों में 32.03 की औसत के साथ 10,028 रन जोड़कर दूसरे पायदान पर मौजूद हैं। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में टॉस हारकर बल्लेबाजी के लिए उतरी जिम्बाब्वे ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट खोकर 277 रन बनाए। टीम को सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। ब्रायन बेनेट ने बेन करेन के साथ 9.4 ओवरों में 55 रन जुटाए। ब्रायन 29 गेंदों में दो चौकों की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए। यहां से बेन करेन ने ब्रेंडन टेलर के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन जोड़े। टेलर ने 37 गेंदों में 20 रन का योगदान दिया, जबकि करेन 95 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 79 रन बनाकर आउट हुए। टीम 176 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गंवा चुकी थी। यहां से सिकंदर रजा ने क्लाइव मदांडे के साथ छठे विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी करते हुए जिम्बाब्वे को मजबूत स्थिति में ला दिया। सिकंदर रजा 55 गेंदों में 59 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि क्लाइव ने 36 रन का योगदान टीम के खाते में दिया।

- इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सुपर 4 में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है
- भारतीय टीम का आखिरी मैच कजाखस्तान से

## बैक टू बैक मिली दूसरी जीत



### हरमनप्रीत ने एक बार फिर किया कमाल

भारतीय टीम ने अपनी बढ़त को बनाए रखा और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने चौथे क्वार्टर में एक और शानदार गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित की।

जापान ने आखिरी क्षणों में एक और गोल किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सुपर 4 में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। अगला मुकाबला भारत का कजाकिस्तान से होगा।

**3-2 से हरा जापान**

# हॉकी एशिया कप में भारतीय टीम ने चीन के बाद अब जापान को भी रौंदा

**एजेंसी। राजगीर (बिहार)**

हॉकी एशिया कप में भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए अपने दूसरे मैच में जापान को 3-2 से हरा दिया। इस तरह टीम इंडिया ने टूर्नामेंट में बैक टू बैक दूसरी जीत हासिल की है। मुकाबले में भारतीय टीम ने जापान के खिलाफ पहले क्वार्टर से ही अपना दबदबा बना लिया था। तीसरे क्वार्टर तक टीम इंडिया का स्कोर 3-1 था, लेकिन अंतिम क्वार्टर में जापान ने वापसी करते हुए दूसरा गोल दागकर अपने स्कोर में सुधार किया, लेकिन टीम इंडिया को वह जीत से नहीं रोक पाई। मैच का पहला क्वार्टर भारत के लिए बेहतरीन रहा। भारतीय टीम ने आक्रामक शुरुआत करते हुए मनदीप सिंह और कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल की बदौलत जल्द ही 2-0 की बढ़त बना ली। जापान ने दूसरे और तीसरे क्वार्टर में वापसी की कोशिश की और कवाबे कोसेई के गोल से स्कोर 2-1 कर दिया।



### भारतीय टीम का आखिरी मैच कजाखस्तान से

**मेजबान भारतीय टीम टूर्नामेंट में अपना अंतिम पूल मैच सोमवार को कजाखस्तान के खिलाफ खेलेगी। इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता का विजेता अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा।**

## अपने प्रदर्शन से खुश, लेकिन अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी : तस्कीन अहमद



**एजेंसी। नई दिल्ली**

बांग्लादेश और नीदरलैंड के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज खेली जा रही है। शुक्रवार को खेले गए पहले टी20 मैच में बांग्लादेश की जीत में तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद की बड़ी भूमिका रही थी। अहमद ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए थे। अपने इस प्रदर्शन से तस्कीन खुश तो हैं लेकिन वह इससे भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। तस्कीन अहमद ने कहा कि चोट की वजह से उन्हें लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ा। श्रीलंका दौरे में मैंने वापसी की लेकिन तब लय नहीं मिल पाई थी। मैं खुश हूं कि नीदरलैंड सीरीज में मैं अपनी लय में वापस लौट रहा हूं। हालांकि सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटने के लिए मुझे अभी लंबा रास्ता तय करना है। तस्कीन ने कहा है कि मैंने पिछले कुछ सप्ताह में बहुत मेहनत की है। एक तेज गेंदबाज के रूप में अपनी गेंदों में गति को अधिकतम स्तर पर ले जाना चाहता हूं। हालांकि गेंदबाजी मैच की परिस्थिति के मुताबिक करनी होती है। उन्होंने कहा कि मैच के दौरान मैंने शुरुआत में, बीच में और फिर आखिरी ओवरों में मैंने परिस्थिति के अनुसार गेंदबाजी करने की कोशिश की। टी20 में अच्छी गेंदें भी बाउंड्री के लिए जा सकती हैं, लेकिन कुल मिलाकर मैं वैरिएशन को सही ढंग से लागू कर सका। शनिवार को बांग्लादेश और नीदरलैंड के बीच खेले गए सीरीज के पहले टी20 मैच में तस्कीन अहमद की घातक गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश ने नीदरलैंड को 8 विकेट पर 136 रन पर रोक दिया।

## इंग्लैंड की वनडे और टी20 टीम में जगह बनाएं क्रॉली और कॉक्स : हैरी ब्रूक

**लीड्स।** इंग्लैंड में 'द हंड्रेड' लीग खेली जा रही है। इस लीग में टेस्ट में इंग्लैंड के लिए पारी की शुरुआत करने वाले जैक क्रॉली और जॉर्डन काक्स अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इंग्लैंड के वनडे और टी20 कप्तान हैरी ब्रूक दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन से प्रभावित हैं और उनसे राष्ट्रीय वनडे और टी20 टीम में जगह पक्की करने का लक्ष्य रखने को कहा है। 'द हंड्रेड' में जैक क्रॉली ने 280 और कॉक्स ने 327 रन बनाए। ईएसपीएनक्रिकइन्फो से बात करते हुए हैरी ब्रूक ने कहा, "अच्छा प्रदर्शन करने वाले हर खिलाड़ी की राष्ट्रीय टीम में जगह बन सकती है। क्रॉली में गेंदबाजों पर दबाव बनाने की क्षमता है। वह तेज और स्पिन गेंदबाजी दोनों बेहतर तरीके से खेल सकते हैं। वह बेहतरीन क्षेत्ररक्षक भी हैं। उनके पास इंग्लैंड के लिए सफेद गेंद (क्रिकेट) खेलने के सभी गुण हैं।" उन्होंने कहा, "हर कोई जॉर्डन कॉक्स के बारे में बात कर रहा है। वह निश्चित रूप से एक अविश्वसनीय खिलाड़ी है। उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखनी होगी।"

## पीएम मोदी की शुभकामनाएं मेरे लिए सम्मान की बात : चेतेश्वर पुजारा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले चुके चेतेश्वर पुजारा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभकामनाएं दीं, जिसके लिए पुजारा ने उनका आभार जताया है। चेतेश्वर पुजारा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "मेरे लिए यह सम्मान की बात है कि रिटायरमेंट पर मुझे माननीय प्रधानमंत्री से प्रशंसा-पत्र प्राप्त हुआ। आपकी ओर से व्यक्त की गई भावनाओं के लिए मैं बहुत आभारी हूं। जीवन की दूसरी पारी की ओर बढ़ते हुए, मैं मैदान पर बिताए हर पल और सभी से मिले प्रेम और सम्मान को संजोकर रखूंगा।"

प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय क्रिकेटर को बधाई देते हुए पत्र में लिखा, "मुझे क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने के आपके फैसले के बारे में पता चला। इस घोषणा के बाद, फैंस और क्रिकेट जगत ने आपकी उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की है। मैं आपके शानदार क्रिकेट करियर के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।"



उन्होंने लिखा, "क्रिकेट के छोटे प्रारूपों के प्रभुत्व वाले युग में, आप खेल के लंबे प्रारूप की खूबसूरती की याद दिलाते थे। आपके अडिग स्वभाव और लंबे समय तक एकाग्रता के साथ बल्लेबाजी करने की क्षमता ने आपको भारतीय बल्लेबाजी क्रम का आधार बनाया। आपका उत्कृष्ट क्रिकेट करियर उल्लेखनीय कौशल और संकल्प के पलों से भरा है, खासकर विदेशों में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में।"

पीएम मोदी ने लिखा, "मुझे यकीन है कि आपके पिता को

## दलीप ट्रॉफी : आयुष बडोनी का नाबाद दोहरा शतक, सेमीफाइनल में पहुंची नॉर्थ

**एजेंसी। बेंगलुरु**

आयुष बडोनी के नाबाद अर्धशतक के दम पर नॉर्थ जोन ने बीसीसीआई सीओई ग्राउंड 1 पर दलीप ट्रॉफी में ईस्ट जोन के खिलाफ खेले गए मुकाबले में बढ़त बनाते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में बडोनी का यह दूसरा दोहरा शतक है। नॉर्थ जोन ने अपनी दूसरी पारी में 146.2 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 658 रन बनाए थे। आयुष बडोनी 223 गेंद में 3 छक्के और 13 चौके की मदद से 204 और कन्हैया वाधवन 45 गेंद पर 23 रन पर खेल रहे थे। नॉर्थ जोन की कुल बढ़त 833 रन की हो चुकी थी। इस समय अंपायर्स ने मैच ड्रॉ घोषित कर दिया। आयुष बडोनी के अलावा नॉर्थ जोन के लिए दूसरी पारी में कप्तान अंकित कुमार ने 321 गेंद पर 198 और यश ढुल ने 157 गेंद पर 133 रन की पारी खेली थी। निशांत सिंधु ने भी 68 रन बनाए थे। नॉर्थ जोन पहली पारी में 405 रन पर सिमटी थी। आयुष बडोनी ने 63 रन बनाए थे। वाधवन ने 76 रन की पारी खेली थी। निशांत सिंधु ने 47 और आकिब नबी ने 44 रन बनाए थे। पहली पारी में ईस्ट जोन 230 रन पर सिमट गई थी। विराट सिंह ने सर्वाधिक 69 रन बनाए थे। नॉर्थ जोन के लिए आकिब नबी ने 5 विकेट लिए थे। ईस्ट जोन पर बढ़त बनाने की वजह से नॉर्थ जोन सेमीफाइनल में पहुंच गई है। बडोनी भारतीय क्रिकेट का उभरता हुआ चेहरा हैं। वह दिल्ली के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और टीम की कप्तानी भी कर चुके हैं। बडोनी आईपीएल में एलएसजी के लिए खेलते हैं और मध्यक्रम में विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। 2022 से एलएसजी का हिस्सा बडोनी ने 56 मैचों में 6 अर्धशतक लगाते हुए 963 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 138.56 रहा है।



## म्युचुअल फंड में बरस रहा पैसा, एयूएम ₹33 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** म्युचुअल फंड पर निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। इक्विटी म्युचुअल फंड्स का एसेट अंडर मैनेजमेंट पिछले पांच साल में चार गुना से ज्यादा बढ़ गया है। एनालिटिक्स के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई 2020 में जहां 7.65 लाख करोड़ था, वहीं जुलाई 2025 तक यह 335.31% बढ़कर 33.32 लाख करोड़ तक पहुंच गया। निवेश के मोर्चे पर भी बड़ा बदलाव देखने को मिला है। जुलाई 2020 में जहां इक्विटी म्युचुअल फंड्स से 3,845 करोड़ की निकासी हुई थी, वहीं जुलाई 2025 में 42,673 करोड़ का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया। 2025 में इक्विटी म्युचुअल फंड्स में निवेश सालाना आधार पर 15.08% बढ़कर 42,673 करोड़ पर पहुंच गया, जबकि जुलाई 2024 में यह 37,082 करोड़ था। मासिक आधार पर इनफ्लो में ग्रोथ और भी तेज रही। जून 2025 के 23,568 करोड़ के मुकाबले जुलाई में इनफ्लो 81.06% की तेजी से बढ़ा। एनालिटिक्स के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और हेड मार्केट डेटा अश्विनी कुमार ने कहा, "पिछले कुछ वर्षों में इक्विटी म्युचुअल फंड्स में तेजी से निवेश में बढ़ोतरी हुई है।

## देश को टेक्नोलॉजी में लीडर बनाने के लिए टेक्नोक्सियन वर्ल्डकप जैसे आयोजन आवश्यक: राज के शर्मा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टेक्नोक्सियन वर्ल्डकप, दुनिया की सबसे बड़ी रोबोटिक्स चैम्पियनशिप है। टेक्नोलॉजी में लीडर और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए भारत में इस तरह के आयोजन होना आवश्यक है। यह बयान आयोजक राज के शर्मा ने रविवार को दिया। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए राज के शर्मा ने बताया कि ऑल इंडिया काउंसिल फॉर रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन द्वारा वर्ल्ड रोबोटिक्स ऑर्गेनाइजेशन के साथ साझेदारी में आयोजित किए



गए टेक्नोक्सियन वर्ल्डकप 9.0 का उद्देश्य भारत को ग्लोबल टेक स्पोर्ट्स हब के रूप में तैयार करना है। यहां भाग लेने वाला प्रत्येक देश घरेलू स्तर पर नेशनल चैंपियनशिप आयोजित करता है और वहां की सर्वश्रेष्ठ टीमों को भारत में प्रतिस्पर्धा के लिए भेजा जाता है। इसका उद्देश्य है कि दुनिया भारत की प्रतिभा को देखे, और भारतीय छात्र सीखें और ज्ञान का आदान-प्रदान हो। जानकारी के मुताबिक, टेक्नोक्सियन वर्ल्डकप 9.0 को नोएडा स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 15 श्रेणियों में लगभग 60 देशों के प्रतिभागी शामिल होंगे, जिसका उद्देश्य भारतीय छात्रों को ग्लोबल से परिचित कराना और ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर बनने के भारत के दृष्टिकोण को मजबूत करना है। इसके अतिरिक्त, भारत हर क्षेत्र में टेक्नोलॉजी का तेजी से विकास हो रहा है।

### क्या ट्रंप के नोबेल जुनून से बिगड़े भारत-अमेरिका के रिश्ते?

## एनवाईटी का दावा- मोदी ने नॉमिनेट करने से किया इनकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों में पिछले कुछ महीनों से तनाव बढ़ता दिख रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 17 जून को अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई फोन कॉल ने इस तनाव की शुरुआत की। इस कॉल में ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान विवाद को "हल" कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित करने पर विचार कर रहा है। ट्रंप ने इशारों-इशारों में उम्मीद जताई कि मोदी भी उनका समर्थन करें। लेकिन मोदी ने इस सुझाव को साफ ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर दोतरफा बातचीत से हुआ, इसमें किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं थी। भारतीय अधिकारियों ने बाद में बयान जारी कर कहा कि भारत अपने और पाकिस्तान के बीच विवादों में कभी भी मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा।



### ट्रंप का नोबेल पुरस्कार का जुनून

रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप का नोबेल शांति पुरस्कार जीतने का जुनून इस तनाव की जड़ में है। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि उन्हें यह पुरस्कार मिलना चाहिए। फरवरी में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने शिकायत की, "वे मुझे कभी नोबेल शांति पुरस्कार नहीं देंगे, जबकि मैं इसके हकदार हूं।" व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने दावा किया कि ट्रंप ने अपने कार्यकाल में हर महीने औसतन एक शांति समझौता या सीजफायर करवाया। उन्होंने भारत-पाकिस्तान, कंबोडिया-थाईलैंड, रवांडा-डीआरसी, इजरायल-ईरान, सर्बिया-कोसोवो और मिस्र-इथियोपिया जैसे विवादों को सुलझाने का श्रेय ट्रंप को दिया।

## भारतीय चावल निर्यातकों का प्रतिनिधिमंडल फिलीपींस जाएगा खाद्य निर्यात बढ़ाने पर जोर

**नई दिल्ली।** भारतीय चावल निर्यातकों का एक प्रतिनिधिमंडल अगले महीने फिलीपींस का दौरा करेगा। फिलीपींस ने भारत से खाद्यान्न आयात नियमों में ढील दी है। इसका मकसद भारत से निर्यात को बढ़ावा देना है। फिलीपींस बासमती चावल के आयात पर प्रतिबंध हटाने पर सहमत हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस कदम से भारत से उच्च गुणवत्ता वाले चावल के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि होने और भारतीय किसानों की आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। कृषि सचिव फ्रांसिस्को पी. तियु लॉरेल जूनियर के नेतृत्व में फिलीपींस का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल इस महीने की शुरुआत में भारत आया था। उन्होंने भारतीय कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) और भारतीय चावल निर्यातक संघ के अधिकारियों से मुलाकात की। इस मुलाकात में, फ़िलीपींस ने भारत से कई ज़रूरी खाद्य पदार्थों का आयात बढ़ाने पर सहमति जताई। इनमें चावल, भैंस का मांस, सब्ज़ियां, फल और मूंगफली सहित अन्य खाद्य पदार्थ शामिल हैं। इस फैसले से फ़िलीपींस को अपनी खाद्य आपूर्ति को अलग-अलग देशों से पूरा करने में मदद मिलेगी, खासकर जब दुनिया में व्यापार को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

## रैनबसेरा में एक वृद्ध व्यक्ति की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**बेतला।** बेतला लातेहार बरवाडीह थाना क्षेत्र के रैनबसेरा मे एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई।स्थानीय लोगो की माने तो उक्त व्यक्ति कई माह से अपना जीवन यापन इसी स्थान पर रहकर करता आ रहा था। इसकी मौत की जानकारी स्थानीय लोगो ने बरवाडीह पुलिस टीम को दी। जिसके बाद दल बल के साथ बरवाडीह थाना प्रभारी अनूप कुमार व सब इंस्पेक्टर सुनील मंडल घटनास्थल पर पहुँच मामले की जांच पड़ताल में जुट गए है।उधर कुछ लोगो की माने तो उक्त व्यक्ति की पहचान गणेश राम के रूप में हुई है। जो बरवाडीह और लंका खड़िया निवासी प्रेमा देवी का पति बताया जा रहा है। शव को देखने से ये प्रतीत हो रहा है।

### भौंराहा पर्वतीय निरीक्षण भवन से भीमबराज का विहंगम नजारा

## बारिश ने बढ़ाया प्राकृतिक सौंदर्य व पर्यटक आकर्षण

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** इस वर्ष की अच्छी बारिश ने भौंराहा पर्वतीय निरीक्षण भवन से निहारने योग्य भीमबराज का विहंगम एवं मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया है। भीमबराज की पहाड़ियों से लेकर नीचे फैले मैदानी इलाकों तक की हरियाली अपनी छटा बिखेर रही है, जिससे यह दृश्य धरा से गगन तक व्यापक रूप में नज़र आता है। बादल रहित, नीला आसमान और चारों ओर फैली घनी हरियाली ने इस क्षेत्र का प्राकृतिक सौंदर्य और भी आकर्षक बना दिया है।

यह स्थान वनभोज, प्रकृति दर्शन और पर्यटन के लिए बेहद पसंदीदा माना जाता है, जहां अक्सर लोग घूमने, तस्वीरें लेने और वीडियो बनाने आते हैं। सोशल मीडिया पर यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर इस जगह के नजारे साझा करते हैं, जिससे इसकी लोकप्रियता और बढ़ती जा रही है। नए साल के अवसर पर भी यहां हजारों की संख्या में पर्यटक जुटते हैं, जिससे पर्वतीय क्षेत्र पूरी तरह से गुलजार हो उठता है। प्रकृति प्रेमी रौशन कुमार ने अपने मोबाइल कैमरे से इस विहंगम नजारे को कैद किया है। उनकी तस्वीरों में भीमचुल्हा क्षेत्र के प्राकृतिक स्थलों की खूबसूरती झलकती है। यहां की शीतल छाया, निर्मल जल स्रोत, और दुर्लभ व विलुप्तप्राय पुष्प-पौधों की विविधता पर्यटकों को यहां आकर्षित करती है। भोनुढोढा झरना और भौंराहा पर्वत की चोटी पर स्थित अजूबा पत्थर भी पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। इस क्षेत्र की प्राकृतिक संपदा और शांति भ्रमणकारियों को वनभोज का आनंद लेने, फोटोग्राफी करने और प्रकृति के बीच समय बिताने का मौका देती है।

## सामुदायिक पुलिस पहल से 11वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग की शुरुआत

नवीन मेल संवाददाता



**पलामू।** सामुदायिक पुलिस पहल के तहत पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देशानुसार मनातू थाना परिसर के नए भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में 11वीं एवं 12वीं कक्षा (विज्ञान संकाय) के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षा की शुरुआत की गई। इस कक्षा में गणित और रसायन विज्ञान विषयों की पढ़ाई कराई जाएगी। कार्यक्रम का उद्घाटन थाना प्रभारी मनातू द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर थाना के पदाधिकारी, स्थानीय समाजसेवी, स्थानीय मीडिया कर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उद्घाटन के उपरांत छात्रों को रसायन विज्ञान की पहली कक्षा दी गई। वर्तमान में यह कोचिंग प्रत्येक रविवार को आयोजित की जाएगी, हालांकि विद्यार्थियों ने आग्रह किया कि इसे प्रतिदिन चलाया जाए ताकि वे स्कूल जाने से पूर्व भी इसका लाभ उठा सकें।

इस पहल का उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना, उनके व्यक्तित्व विकास में सहयोग देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। साथ ही, प्रत्येक माह गार्जियन मीटिंग आयोजित कर बच्चों के घर-परिवार में बेहतर शैक्षणिक माहौल सुनिश्चित करने पर भी बल दिया जाएगा। इसके अलावा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सुबह के समय फुटबॉल खेल का भी आयोजन किया जा रहा है, ताकि शारीरिक और बौद्धिक दोनों ही स्तर पर बच्चों का विकास हो सके।

## पथरा गांव की ग्रामसभा में शराब दुकान खोलने का विरोध

### सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के पथरा पंचायत स्थित ग्राम पथरा गांव में आयोजित ग्रामसभा में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से गांव में शराब दुकान खोले जाने का विरोध किया गया। ग्रामसभा की अध्यक्षता विजय पासवान ने की। सभा में ग्रामीणों ने कहा कि गांव पूरी तरह से नशा मुक्त है और यहां शराब दुकान खोलना समाज के लिए घातक साबित होगा। इसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव महिलाओं, बच्चों और युवाओं पर पड़ेगा। नशे की लत से सामाजिक ताना-बाना बिगड़ेगा और गांव की शांति एवं स्वच्छता प्रभावित होगी। ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित कर यह निर्णय लिया गया कि गांव में शराब दुकान किसी भी हाल में नहीं खुलने दी जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि वर्ष 2020 में ही गांव के लोगों ने शराब का सेवन नहीं करने का संकल्प लिया था। गांव की जनता ने कई बार यह साबित किया है कि वे शराब मुक्त गाँव चाहते हैं।सभा में उपस्थित लोगों ने सरकार से मांग की कि पथरा पंचायत को 'नशामुक्त गांव' के रूप में अधिसूचित किया जाए और शराब दुकान की अनुमति किसी भी हालत में न दी जाए। ग्रामसभा में प्रमुख रूप से विजय पासवान, आलोक कुमार, विनोद कुमार, संजय कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पथरा में शराब दुकान नहीं खोलने के संबंध में पंचायत के मुखिया नरेश पासवान एवं ग्रामीणों ने राज्य के मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र भी भेजा है।

### शराब के अवैध कारोबारियों में मचा हड़कंप

## विदेशी शराब व बीयर के 39 बोतल के साथ युवक गिरफ्तार, गया जेल

नवीन मेल संवाददाता




**मोहम्मदगंज।** स्थानीय थाने की पुलिस ने कादलकुर्मी गांव में छापामार कर शनिवार की देर शाम विदेशी शराब और बीयर के अवैध कारोबार करने वाले युवक विकास कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई उसे मिली गुप्त सूचना पर थाना प्रभारी नारायण सोरेन के निर्देशन में दंडाधिकारी सह अंचल अधिकारी रणवीर कुमार की उपस्थिति में की है। इस दौरान पुलिस ने चोरी कर बेचे जाने वाले रॉयल स्टेग ब्रांड के 375 एमएल के 4, 180 एमएल के 14 विदशी शराब, किंग फिशर और गॉड फादर ब्रांड के बीयर के क्रमशः 650 एमएल के 2 व 500 एमएल के 19 कुल 39 बोतल बरामद किए हैं। इस संबंध में जानकारी प्रेस कांफ्रेंस में थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने दी है। उन्होंने बताया कि इस अवैध कारोबार के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के कादलकुर्मी गांव में विकास कुमार नामक युवक अपने घर में चोरी का शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। तब इसकी जानकारी पहले अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहम्मद याकूब और पुलिस इंस्पेक्टर विनोद राम को दी गई। इस मामले में कार्रवाई को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी (भाप्रसे) ओमप्रकाश गुप्ता ने उनके अनुरोध पर अंचल अधिकारी को बतौर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किया। फलस्वरूप, इस कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। रविवार को आरोपी युवक को केंद्रीय कारागार मेदिनीनगर में भेज दिया गया। छापामारी अभियान में उनके अलावा एसआई हरेराम सिंह, शेख अमानुल्लाह, एएसआई अनिल कुमार नायक, हवलदार संजय सुमन लकड़ा, आरक्षी रामजी राम, देवकुमार पाठक, निरंजन कुमार, रामेश्वर यादव, आशीष कुमार शुक्ला और रविकांत कुमार शामिल थे। ग्रामीणों के अनुसार युवक काफी समय से इस अवैध कारोबार में संलिप्त था। इससे सामाजिक वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इसके विरूद्ध पुलिस की इस कार्रवाई से बड़ी राहत मिली है। बता दें कि थाना परिसर में हाल ही में शराब के अवैध कारोबार और अंधविश्वास फैलाने के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों से सहयोग की अपेक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। इसके बाद शराब के अवैध कारोबार के विरूद्ध पुलिस की यह बड़ी कार्रवाई सामने आई है। इस प्रकार से थाना प्रभारी नारायण सोरेन के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई को पुलिस का सराहनीय कदम बताया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से नशे के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

### कोयल नदी में मछली उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि

## बाढ़ के बाद मत्स्यपालकों को मिली प्रचुर मछली

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** जून से लगातार हुई बारिश और उसके बाद आई बाढ़ के उतरने से कोयल नदी में मछली उत्पादन में जबरदस्त वृद्धि हुई है। नदी के जल स्तर में वृद्धि के कारण विभिन्न नस्लों की मछलियाँ प्रचुर मात्रा में पाई जा रही हैं, जिन्हें स्थानीय मत्स्यजीवी समाज ने खुशी-खुशी स्वीकार किया है। नदी के साथ-साथ आस-पास के आहर, तालाब और जलाशय भी जल से भर गए हैं, जिससे मछली पालन क्षेत्र में विस्तार हुआ है। मत्स्य पालन से जुड़े लोगों और मछुआरों के लिए यह समय आर्थिक दृष्टि से खासा लाभकारी साबित हो रहा है। नदी और तालाबों में मछलियों की बढ़ती उपलब्धता से स्थानीय बाजारों में मछली की प्रचुरता हुई है तथा निर्यात के रास्ते भी खुले हैं। यह क्षेत्र धीरे-धीरे मछली उत्पादन का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। जून, जुलाई, और अगस्त में रिकॉर्ड वर्षा ने इस क्षेत्र में जल संचय की अपार संभावनाएं खोल दी हैं।

## हैदरनगर में निर्माणाधीन सड़क से बच्चों का स्कूल जाना हुआ मुश्किल

**हैदरनगर।** राजकीय मध्य विद्यालय, हैदरनगर के छात्रों को स्कूल आने-जाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। हाईस्कूल मोड़ से बंशीपुर मार्ग के निर्माण के दौरान पीसीसी रोड के दोनों ओर मिट्टी भराई के लिए मिट्टी का ढेर लगा दिया गया है। स्कूल पहुंच मार्ग कीचड़ से भर चुका है, और मिट्टी के ढेरों ने रास्ता बंद कर दिया है। बच्चे साइकिल और पैदल जाने में असमर्थ हैं। उप प्रमुख पप्पू पासवान ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि दोषी संवेदक पर कार्रवाई की जाए और मार्ग को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए।

## डायरिया फैलने से एक मासूम बच्चे की मौत

**धुरकी।** धुरकी प्रखंड मुख्यालय से एक किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित कोरवा टोली में डायरिया फैलने से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई। जबकि परिवार के अन्य सदस्य पीड़ित बताए जाते हैं जिनका इलाज धुरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा कर्मी कर रहे हैं। वहीं अनिल कोरबा के 4 वर्षीय पुत्र बादल कुमार की मृत्यु के पश्चात धुरकी स्वास्थ्य विभाग रेस हो गया। और पीड़ित परिवार के सदस्यों का इलाज किया जा रहा है। पीड़ित परिवार में अनिल कोरबा पत्नी प्रमिला देवी डायरिया से पीड़ित है विदित हो कि यह परिवार आदिम जनजाति से आते है जो गरीबी में जन्म लेकर फटिहाली की जिंदगी जी रहे है।

## 5 सितंबर को निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी, तैयारियां पूरी

**हुसैनाबाद।** 5 सितंबर को जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस-ए-मोहम्मदी पूरी शानो शौकत के साथ निकाला जाएगा। मदरसा खैरुल इस्लाम के सदर फिरोज सिद्दीकी ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं, मस्जिदों व मदरसों को सजाया जा रहा है। सुबह आठ बजे मदरसा खैरुल इस्लाम परिसर से जुलूस निकलेगा, जो इस्लामगंज, लंबी गली, मोकबरा रोड, गांधी चौक, मधुशाला रोड, पटेल चौक, जेपी चौक से गुजरते हुए पुनः मदरसे तक लौटेगा। जुलूस के दौरान डीजे साउंड सिस्टम पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

### भंडरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

## करमा पर्व और मिलादे उल नबी को लेकर विशेष चर्चा



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरिया।** थाना परिसर में रविवार को नए थाना प्रभारी सुभाष कुमार पासवान की अध्यक्षता में करमा पर्व एवं मिलादु उल नबी पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत थाना प्रभारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से परिचय प्राप्त कर की। इस दौरान उन्होंने दोनों पर्वों की तैयारियों की समीक्षा की और कहा कि प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। उन्होंने मिलादु उल नबी के अवसर पर निकलने वाले जुलूस, उसके रूट चार्ट और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों से विस्तृत जानकारी ली। साथ ही झारखंड सरकार की गाइडलाइन के पालन करने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार डीजे और बैंड बजाने के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई है और सभी को इसका पालन करना होगा। बैठक का संचालन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की ने किया। वहीं प्रखंड प्रमुख रुक्मिणि कुमारी उप प्रमुख श्रद्धा देवी राजेश कुमार वर्मा, सुमित मिंज, निर्मल ठाकुर, फिदा हुसैन समेत कई जनप्रतिनिधियों ने कहा कि करमा पर्व और मिलादे उलन्नबी दोनों पर्व आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाए जाएं। थाना प्रभारी सुभाष कुमार पासवान ने बैठक में स्पष्ट किया कि प्रशासन हर स्तर पर लोगों के सहयोग में तत्पर रहेगा। यदि किसी प्रकार का असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, कार्रवाई तुरंत की जाएगी। बैठक में एस आई दिलीप रंजन, हर्द्धन बेदिया, ग्रामीण पुलिस बल के अजय पासवान, जोगेंद्र पासवान, जितेंद्र कुमार, उमेश, सुनील यादव, विनोद गुप्ता, लव यादव, मनोज कुशवाहा, भागीरथी महतो, रामजी ठाकुर, मुमताज अंसारी, हाजी उसमान अंसारी, कादरी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

### हुसैनाबाद में यूरिया खाद की किल्लत, किसान परेशान

## आवश्यकता से कम खाद आने से किसानों की परेशानी बढ़ी

नवीन मेल संवाददाता



**प्रति दुकानदारों को मिला 100 बैग खाद**

हुसैनाबाद कृषि विकास केन्द्र जपला व मेसर्स प्रकाश ट्रेडर्स के प्रोपराइटर क्रमशः मनिष कश्यप व प्रकाश कश्यप ने बताया कि अभी वर्तमान में 100 बैग प्रति दुकान में मिला था, यहां करीब आठ दुकान है, जहां 800 बैग खाद 'ऊंट के मुंह में जीरा' वाली कहावत चरितार्थ हो रही हैं। जिसे आधार कार्ड के माध्यम से किसानों के बीच विच वितरित कर दिया गया है, और खाद जल्द आने की संभावना है। किसानों को उचित मूल्य पर खाद दिया जाएगा।

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के किसान इन दिनों यूरिया खाद की घोर किल्लत से परेशान हैं। धान की फसल पटवन के बाद खेतों में अब यूरिया की सख्त आवश्यकता है। लेकिन दुकानों में खाद उपलब्ध नहीं होने से किसान चिंतित हैं। अभी हुसैनाबाद के खाद दुकानों में प्रति दुकान 100 बैग उपलब्ध हुआ था, जो निर्धारित दर पर मिला, और किसान निराश होकर लौट गए। किसान नर्मदेश्वर सिंह, उदय सिंह, अनूप सिंह, कन्हैया यादव, घूरा प्रसाद पाल, आलमगीर आलम, नसीम खान समेत कई किसानों ने बताया कि हुसैनाबाद, हैदरनगर और मोहम्मदगंज के खाद दुकानों का कई बार चक्कर लगाने के बावजूद कहीं भी यूरिया नहीं मिल रही है। किसानों का कहना है कि समय पर खाद नहीं मिलने से धान की पैदावार प्रभावित होगी। इस बीच कई दुकानदार चोरी-छुपे 270 रुपये वाली यूरिया की बोरी 500 रुपये में बेच रहे हैं। ऊंचे दाम के कारण छोटे और सीमांत किसान खाद खरीदने में असमर्थ हैं। किसानों के हित में बनाए गए पैक्स केंद्रों पर भी यूरिया उपलब्ध नहीं है। किसानों का आरोप है कि हर साल यही स्थिति बनती है, जो सरकार की गलत नीतियों और कृषि विभाग की लापरवाही का नतीजा है। उनका कहना है कि प्रखंड स्तर पर कृषि विभाग महज खानापूर्ति करता है। खाद की कालाबाजारी की शिकायतों पर भी विभाग के लोग सिर्फ औपचारिकता निभाकर लौट जाते हैं। इधर पूर्व20 सूत्री उपाध्यक्ष व समाजिक कार्यकर्ता जिशान हसन ने सरकार से तत्काल यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग की है.। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के अंदर खाद की आपूर्ति नहीं हुई तो किसानों के हित में आंदोलन किया जाएगा।

### परेशानी डेढ़ माह से बाधित है लोहरसी-हेंजला ग्रामीण पथ पर आवागमन

## ग्रामीणों के सब्र का बांध टूटा, श्रमदान कर बनाया लकड़ी का पुल

- विधायक प्रतिनिधि राजू उंराव ने किया क्षतिग्रस्त सड़क का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लोहरसी-हेंजला ग्रामीण सड़क पर आरा गांव के उबका के समीप बीते दिनों हुई भारी बारिश के कारण सड़क व कलभर्ट बह गया। जिस कारण करीब डेढ़ माह से उक्त क्षेत्र के सैकड़ों गांव का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से कट गया है। दोनो ओर से आवागमन पुरी तरह ठप हो चुका है। अंततः प्रशासनिक उदासीनता से नाराज ग्रामीणों ने श्रमदान कर लकड़ी का पुल तैयार किया जिसके बाद उस पथ पर आवागमन शुरू हो पाया है। बताते चलें कि उक्त सड़क चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ पर लोहरसी से गनियारी-हेसालोंग होते सीधे हेंजला एनएच 39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर निकलती हैं। उक्त सड़क लोहरदगा जिला को लातेहार जिला से जोड़ने का भी काम करती है। ग्रामीणों के लिए उक्त सड़क काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। इस सड़क का इस्तेमाल चंदवा, जमीरा, माल्हन, लोहरसी, गनियारी, लाधुप के आरा-कुदरा, बरवाटोली के हेसालोंग, बेलंगा, खूंटी टोला, टोयाबार, बेतर के सैकड़ों ग्रामीण प्रत्येक दिन करते हैं। कलवर्ट व सड़क के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया है बावजूद अब तक इस ओर कोई पहल नही किया गया। जिससे ग्रामीणों में काफी रोष है। ग्रामीणों ने थक हार कर आखिरकार श्रमदान कर लकड़ी का पुल बना दिया जिससे जान जोखिम में डालकर ग्रामीण आवागमन करने को मजबूर है।

ज्ञात हो कि आरा गांव के उबका के समीप बीते 13 जुलाई के बारिश में सड़क का आधा हिस्सा बह गया था उसके बाद उसकी मरम्मत नहीं कराई गई जिसकी वजह से बीते 23 अगस्त को हुई भारी बारिश की वजह से उक्त स्थान पर पानी का तेज बहाव सड़क समेत कलवर्ट को बहा ले गई। इस खबर को समाचार पत्रों में प्रमुखता से छापी गई थी लेकिन फिर भी इस ओर अधिकारियों का ध्यान नहीं गया। करीब डेढ़ माह से उक्त सड़क पर आवागमन पूरी तरह से ठप है जिसके कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। खासकर बच्चों को स्कूल आने जाने समेत मरीजों को अस्पताल ले जाने में लोगो को भारी मुसीबत झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने जनहित में अविलंब सड़क की मरम्मत कर आवागमन सुचारू रूप से बहाल करने की मांग की है। वंही विधायक प्रतिनिधि (आइटीडीए) राजू उंराव ने क्षतिग्रस्त सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि करीब डेढ़ माह से सड़क पर आवागमन बाधित है लेकिन अधिकारियों का इस पर कोई पहल नहीं करना यह दर्शाता है कि अधिकारी जनसमस्याओं के प्रति कितने गंभीर है। अगर दस दिन में नेमरा की सूरत बदल सकती है तो क्या डेढ़ माह में ग्रामीण सड़क की मरम्मत नहीं हो सकती है। अधिकारी जानबूझकर ग्रामीण क्षेत्र की अनदेखी कर रहे हैं। मौके पर लाधुप पंसस बुधन गंझू,बरवाटोली उप मुखिया परमेश्वर यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## पेज एक के शेष

### विकास साझेदार हैं...

सीमा से जुड़े मामलों पर जिस तरह दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि काम कर रहे हैं, इसकी भी सराहना की गई। पीपल-टू-पीपल एक्सचेंज प्रोग्राम को और बढ़ावा देने पर सहमति जताई। भारत और चीन के बीच अनुमानित आर्थिक और व्यापारिक सहयोग विश्व अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में मदद करता है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने अक्टूबर 2024 में कजान में हुई अपनी पिछली बैठक के बाद से भारत-चीन संबंधों में सकारात्मक प्रगति और स्थिरता का स्वागत किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश विकास साझेदार हैं, प्रतिद्वंद्वी नहीं और मतभेदों को विवाद में नहीं बदलना चाहिए। दोनों नेताओं ने सहमति जताई कि भारत और चीन के 2.8 अरब लोगों के बीच आपसी सम्मान, आपसी हित और आपसी संवेदनशीलता पर आधारित स्थिर संबंध और सहयोग विकास के साथ-साथ 21वीं सदी के रुझानों के अनुरूप बहुध्रुवीय विश्व और बहुध्रुवीय एशिया के लिए आवश्यक है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता को द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। दोनों नेताओं ने पिछले वर्ष सैनिकों की वापसी और तब से सीमा पर शांति बनाए रखने की कोशिशों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और चीन दोनों रणनीतिक स्वायत्तता का पालन करते हैं और उनके संबंधों को किसी तीसरे देश के दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने बहुपक्षीय मंचों पर आतंकवाद जैसी बड़ी चुनौतियों से निपटने और निष्पक्ष व्यापार (जैसे द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों) पर मिलकर आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

### आज से लागू...

प्लैटिनम के लिए 1,999 रुपए निर्धारित की गई है। पात्र केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) चुनने की अंतिम तिथि 30 सितंबर, 2025 तक बढ़ा दी गई है। सरकार द्वारा यह विस्तार 30 जून, 2025 की मूल समय सीमा से बढ़ाकर अधिक कर्मचारियों को यह निर्णय लेने का अवसर देने के लिए दिया गया है कि उन्हें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) से यूपीएस में जाना है या नहीं।

### सितंबर में देश...

हिस्सों, दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत और सबसे उत्तरी भारत के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। सामान्य से अधिक बारिश कृषि और जल संसाधनों के लिए काफी फायदेमंद हो सकती है, लेकिन इसके साथ बाढ़, भूस्खलन, सड़क परिवहन में व्यवधान, सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियां और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान जैसे जोखिम भी हैं। इन जोखिमों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए, बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, आईएमडी की पूर्व चेतावनियों का उपयोग करना, निगरानी और संरक्षण प्रयासों को बढ़ाना और संवेदनशील क्षेत्रों में मजबूत प्रतिक्रिया प्रणाली स्थापित करना आवश्यक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) 2021 से देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की बारिश के लिए हर महीने और हर मौसम का पूर्वानुमान जारी कर रहा है। यह पूर्वानुमान मल्टी-मॉडल एनसेंबल (एमएमई) पद्धति पर आधारित होता है। मल्टी-मॉडल एनसेंबल पद्धति में दुनिया के अलग-अलग जलवायु पूर्वानुमान और शोध केंद्रों के कपल्ड ग्लोबल क्लाइमेट मॉडल्स (सीजीसीएम) का उपयोग किया जाता है। इसमें भारत मौसम विज्ञान विभाग के मॉनसून मिशन क्लाइमेट फोरकास्टिंग सिस्टम (एमएमसीएफएस) मॉडल को भी शामिल किया गया है। आईएमडी ने 15 अप्रैल को 2025 के दक्षिण-पश्चिम मॉनसून सीजन (जून से सितंबर) के लिए पहले चरण का पूर्वानुमान जारी किया था और 27 मई को इसके लिए अपडेट जारी किया। इसके अलावा, जून के लिए बारिश का पूर्वानुमान 27 मई को और जुलाई के लिए 30 जून को जारी किया गया था। सितंबर महीने के लिए देशभर में सतही वायु तापमान के पूर्वानुमान में आईएमडी ने कहा है कि पश्चिम-मध्य, उत्तर-पश्चिम और दक्षिण भारत के कई हिस्सों में इस दौरान मासिक औसत अधिकतम तापमान सामान्य से लेकर सामान्य से कम रहने की संभावना है। वहीं, पूर्व-मध्य, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों, उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों और पश्चिमी तटीय क्षेत्र में यह सामान्य से अधिक रह सकता है।

# डॉक्टरों की मृत्यु आम लोगों की तुलना में लगभग 13 साल पहले हो जाती है


## क्या अति वर्कलोड व तनाव युवा भारतीयों के लिए जान लेवा होने लगा है?

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कई लोग कह सकते हैं कि पहली नज़र में अचानक हृदयाघात से मरे डॉ. रॉय के जीवित रहने की उम्मीद थी, क्योंकि जब उन्हें अचानक हृदयाघात हुआ, जो हृदय के विद्युत आवेगों व पंपिंग का रुक जाना है, तब वे अस्पताल में ही थे, और ड्यूटी पर थे।इस तरह तमिलनाडु में चेन्नई के सविता मेडिकल कॉलेज में 39 वर्षीय हृदय शल्य चिकित्सक डॉ. ग्रैडलिन रॉय की ड्यूटी के दौरान अचानक हृदयाघात से मृत्यु, तनाव व बर्नआउट के जोखिमों पर सवाल खड़े करती है।क्योंकि जब उन्हें हार्ट अटैक हुआ उनके आसपास उनके सहकर्मी मौजूद थे, जिन्होंने तुरंत उनको सीपीआर (कार्डियो-पल्मोनरी रिससिटेशन) व अन्य उन्नत उपचार दिए। चूँकि उनकी बाईं मुख्य धमनी में 100 % रुकावट थी, इसलिए उनकी एंजियोप्लास्टी की गई, जो इसे खोलने की एक प्रक्रिया है, और उन्हें एक ईसीएमओ मशीन भी दी गई, जो एक अस्थायी हृदय व फेफड़ों की सहायता प्रणाली के रूप में काम करती है।

इस तरह से एक हृदय शल्य चिकित्सक की अस्पताल में ही ड्यूटी के दौरान मौत पर स्पर्श हॉस्पिटल्स, बेंगलुरु के प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञ व चिकित्सा निदेशक डॉ. रंजन शेट्टी कहते हैं, "उनकी मृत्यु ने इस ओर ध्यान आकर्षित किया है कि क्यों कई युवा हृदय रोग विशेषज्ञ अत्यधिक तनावपूर्ण वातावरण, थकान, लंबे ड्यूटी घंटे, अनियमित आहार व नींद के पैटर्न के कारण असुरक्षित होते हैं।" सभी के लिए सीपीआर प्रशिक्षण के समर्थक, डॉ. शेट्टी कहते हैं, "इसके बिना अचानक हृदयाघात से बचने की संभावना लगभग शून्य होती है, लेकिन इसके साथ, बचने की संभावना 40 प्रतिशत होती है। मृत्यु तब होती है जब अचानक हृदयाघात से हृदय की मांसपेशी का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाता है।" बाएँ मुख्य धमनी में 100% रुकावट हृदय की मांसपेशी के एक महत्वपूर्ण हिस्से में रक्त की आपूर्ति का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा काट देती है, वहाँ रक्त पहुँच ही नहीं पाता है, जिससे वह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो जाती है। इससे हृदय के सामान्य विद्युत संकेत अनियमित हो सकते हैं, जिसे हम अतालता कहते हैं। सबसे खतरनाक वेंट्रिकुलर फिब्रिलेशन है, जिसमें हृदय के निचले कक्ष अव्यवस्थित रूप से धड़कते हैं, जिससे हृदय रक्त को प्रभावी ढंग से पंप नहीं कर पाता। इससे अचानक हृदयाघात होता है और कुछ ही मिनटों में घातक हो सकता है क्योंकि ऑक्सीजन युक्त रक्त अंगों तक नहीं पहुँच पाता। तनाव व बर्नआउट से दीर्घकालिक सूजन होती है, जो हृदय की रक्त वाहिकाओं को कमजोर कर देती है, जिससे वे घिसने व टूटने के लिए प्रवण हो जाती हैं। अब उनकी क्षतिग्रस्त दीवारें "खराब" या कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन (एलडीएल) कोलेस्ट्रॉल को अंदर घुसने व फंसने देती हैं। इससे प्लाक व रुकावटें पैदा होती हैं।कई शोध व अध्ययन से पता चला है कि एक डॉक्टर का जीवनकाल वास्तव में आम लोगों की तुलना में कम होता है। केरल में आईएमए द्वारा 2017 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि डॉक्टरों की मृत्यु आम लोगों की तुलना में लगभग 13 साल पहले हो जाती है। इसमें एक मलयाली डॉक्टर की मृत्यु की औसत आयु 61.75 वर्ष बताई गई, जबकि केरल के एक व्यक्ति की जीवन प्रत्याशा 74.9 वर्ष थी।

डॉक्टर अचानक व अस्पष्टीकृत थकान, हल्का दर्द, मतली व चक्कर आने जैसे लक्षणों को भी थकावट समझ कर अनदेखा कर देते हैं। डॉक्टर अत्यधिक दबाव व आपातकालीन स्थितियों में लंबे, अनियमित घंटे काम करते हैं, 80 घंटे का कार्य सप्ताह आम है। इसके कारण गलत जीवन शैली अपनाई जाती है, जिसमें अनियमित भोजन, नींद की कमी, अस्वास्थ्यकर आहार व अपर्याप्त शारीरिक व्यायाम शामिल हैं। तनाव उनके मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है, जिससे बहुत ही चिंता व अवसाद होता है। सामान्य आबादी की तुलना में चिकित्सकों में आत्महत्या का जोखिम अधिक होता है। तनाव को बनाए रखना उच्च रक्तचाप है। युवा डॉक्टरों व पेशेवरों को अपने रक्तचाप के स्तर को नियंत्रित रखना चाहिए। तनाव के साथ उच्च रक्तचाप शरीर में तनाव-संबंधी हार्मोन के अत्यधिक उत्पादन का कारण बनता है। ये धमनी की दीवारों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। कुछ भारतीयों को एक ऐसी स्थिति विरासत में मिलती है, जिससे उनके एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ जाता है और वे न केवल कम उम्र में हृदय रोग के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं, बल्कि मृत्यु दर के उच्च जोखिम में भी पड़ जाते हैं। हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया नामक यह विकार आपके वजन, आहार, आदतों व व्यायाम की परवाह किए बिना कोलेस्ट्रॉल को बढ़ने देता है। एलडीएल कोलेस्ट्रॉल में भी, 'छोटे घने' एलडीएल अंश व 'बड़े उत्प्लावक' अंश का अनुपात महत्वपूर्ण है (छोटे सघन कण रक्त वाहिकाओं की दीवारों के लिए अधिक हानिकारक होते हैं)। आप एपोलिपोप्रोटीन ए1 (एपीओए1) और बी (एपीओ बी) के लिए एक पूर्ण लिपिड पैनल परीक्षण करा सकते हैं, जो रक्त में वसा (लिपिड) के परिवहन के लिए आवश्यक प्रोटीन हैं। एपीओए1 "अच्छे" या उच्च घनत्व वाले लिपोप्रोटीन (एलडीएल) का मुख्य घटक है, और ए1 एपीओ बी एलडीएल का प्राथमिक प्रोटीन है। इनका तुलनात्मक अनुपात एक जोखिम सूचक है। आप पा सकते हैं कि 'सामान्य' कुल कोलेस्ट्रॉल स्तर वाले लोगों को दिल का दौरा पड़ सकता है क्योंकि ये आँकड़े असामान्य हैं। अपने एलडीएल स्तर को 70 मिग्रा/डीएल से कम, बेहतर होगा कि 50 मिग्रा/डीएल रखें।




### तनाव और हृदय रोग का संबंध

- दीर्घकालिक तनाव शरीर में सूज़न।
- धमनी की दीवारें कमजोर हो जाती हैं।
- एलडीएल कोलेस्ट्रॉल अंदर घुसकर प्लाक बनाता है रुकावटें।
- उच्च रक्तचाप, नींद की कमी और अस्वास्थ्यकर आदतें जोखिम बढ़ाती हैं।

### डॉक्टरों पर तनाव और बर्नआउट का खतरा

- डॉक्टर लंबे ड्यूटी घंटे (80 घंटे तक/सप्ताह) काम करते हैं।
- अनियमित आहार और नींद का पैटर्न।
- लगातार आपातकालीन स्थिति का दबाव।
- मानसिक स्वास्थ्य पर असर चिंता और अवसाद।
- सामान्य जनसंख्या की तुलना में आत्महत्या का जोखिम अधिक।

## पाकिस्तान में ईसाइयों पर बढ़ता उत्पीड़न, जीने के लिए संघर्ष : रिपोर्ट



**इस्लामाबाद (आईएएनएस)।** पाकिस्तान में ईसाई अल्पसंख्यक लगातार कठिनाइयों का सामना कर रहा है। आबादी का केवल लगभग 1.6 प्रतिशत हिस्सा होने के बावजूद यह समुदाय बढ़ते धार्मिक दबाव और भेदभाव से जूझ रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान धीरे-धीरे ऐसा समाज बनता जा रहा है जहां धार्मिक विविधता के लिए जगह कम होती जा रही है। 'ओपन डोर्स' की 2025 वर्ल्ड वॉच लिस्ट में पाकिस्तान को ईसाइयों के लिए रहने के लिहाज से दुनिया का आठवां सबसे कठिन देश बताया गया है। ग्रीक वकील और मानवाधिकार अधिवक्ता दिमित्रा स्टाइकौ ने जियोस्ट्रैटेजिक मीडिया में एक लेख में कहा है कि पाकिस्तान में ईसाई समुदाय कमजोर है और वह लगातार हो रहे उत्पीड़न और कानूनी असुरक्षा के बोझ तले दबा हुआ है। यह समस्या केवल सैद्धांतिक नहीं है बल्कि प्रत्यक्ष और गंभीर है। 16 अगस्त 2023 को पंजाब के जरांवाला में ईसाइयों पर सबसे बड़ा हमला हुआ। एक भीड़ ने निवासियों पर ईशनिंदा का आरोप लगाते हुए 26 चर्चों और 80 घरों को नष्ट कर दिया।

## इजरायली हमले में मारा गया हमास के सैन्य विंग का प्रमुख अबू



**तेल अवीव (आईएएनएस)।** इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने हमास के सैन्य विंग के प्रचार प्रमुख अबू ओबैदा को मार गिराया है। आईडीएफ के मुताबिक, अबू ओबैदा 7 अक्टूबर 2023 से पहले हमास के सैन्य विंग के बचे हुए वरिष्ठ आतंकियों में से एक थे। इजरायली रक्षा बल ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से अबू ओबैदा के मारे जाने की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, "हमास के सैन्य विंग के प्रचार प्रमुख अबू ओबैदा को मार गिराया गया है। अबू 7 अक्टूबर, 2023 से पहले हमास के सैन्य विंग के बचे हुए वरिष्ठ आतंकवादियों में से एक था। उसने प्रचार और मनोवैज्ञानिक आतंक अभियानों का नेतृत्व किया, जिसमें अपहृत इजरायली नागरिकों और सैनिकों के फुटेज के साथ-साथ 7 अक्टूबर के नरसंहार की भयावह तस्वीरें फैलाने का काम किया। इजरायली रक्षा बल ने अपने बयान में कहा, "उसने अरब और फिलिस्तीनी जनता के बीच उकसावे वाले वीडियो वितरित किए, जो लोगों को इसी तरह के आतंकी कृत्यों के लिए प्रोत्साहित करते थे। वह हमास के सैन्य विंग के संदेशों के समन्वय में भी शामिल था।

## मिस्र में भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना का 'ब्राइट स्टार 2025' अभ्यास



नई दिल्ली (आईएएनएस)

मिस्र में बहुपक्षीय संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ब्राइट स्टार 2025' आयोजित किया जा रहा है। इस अभ्यास में विभिन्न देशों की सेनाएं भाग ले रही हैं, जिनमें भारतीय सैन्य दल भी शामिल हैं। रविवार को इस सैन्य अभ्यास की जानकारी देते हुए सेना ने बताया कि भारतीय सेनाओं के दल की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए सुदर्शन चक्र कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद चौहान ने अभ्यास स्थल का दौरा किया।

उन्होंने मौके पर पहुंचकर भारतीय सेना के दल से बातचीत की और उनके उत्साह एवं तैयारी की सराहना की। यहां भारतीय दल द्वारा लाइव फायरिंग से भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना की परिचालन क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया। सैन्य अभ्यास 'ब्राइट स्टार 2025' का यह 19वां संस्करण है। इस अभ्यास का उद्देश्य भागीदार देशों के बीच इंटर-ऑपरेबिलिटी (परस्पर संचालन क्षमता) को बढ़ाना, रक्षा सहयोग को सुदृढ़ करना और संयुक्त परिचालन क्षमताओं का निर्माण करना है।

यहां अभ्यास के दौरान भाग लेने वाले सैन्य दल आधुनिक युद्धकला के विभिन्न आयामों पर प्रशिक्षण ले रहे हैं। रक्षा मंत्रालय का मानना है कि यहां भारतीय सेनाओं की इस भागीदारी से न केवल मित्र देशों के साथ सैन्य सहयोग और तालमेल गहरा होगा, बल्कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता में भी योगदान सुनिश्चित होगा।

## रूस के दागेस्तान में भीषण धमाका, दूर-दूर तक दिखाई दी आग की लपटें, कई लोग घायल



**नई दिल्ली।** रूस के दागेस्तान में एक गैस स्टेशन पर धमाका हो गया। इस शक्तिशाली विस्फोट में कई लोग घायल हो गए। घटना मखचकाला के पूर्वी बाहरी इलाके में स्थित खासाव्युर्ट जिले के सुलेवकेंट गांव के पास हुई। खासव्युर्ट जिले के सुलेवकेंट गांव में एक पेट्रोल पंप में विस्फोट हुआ, जिससे घटनास्थल पर आग लग गई।विस्फोट में घायल हुए चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**जान बचाने के लिए भागते दिखे लोग :** रूसी मीडिया की ओर से जारी फुटेज में स्थानीय लोगों को विस्फोट से बचने के लिए भागते हुए देखा जा सकता है। यह विस्फोट ईंधन पंपिंग के दौरान हुआ जब टैंक से तेल निकाला जा रहा था। चश्मदीदों के मुताबिक, विस्फोट के बाद आस-पास के इलाके में कम ऊंचाई वाली पेड़ में आग लग गई। आग लगने की वजहों की जांच की जा रही है।

## क्या भारतीय तेल कंपनियां चुकाएंगी ट्रंप टैरिफ की कीमत : रघुराम राजन

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने सुझाव दिया है कि अमेरिकी डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय सामानों पर लगाए गए 50% टैरिफ से होने वाले आर्थिक नुकसान को कम करने के लिए है, मोदी सरकार को भारतीय तेल रिफाइनरियों पर विंडफॉल टैक्स लगाना चाहिए।क्योंकि ट्रंप ने यह टैरिफ रूसी तेल खरीदने के कारण लगाया है। रघुराम राजन ने इस बारे में लिंक्डेन पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है कि ये रिफाइनरी कंपनियां रियायती कच्चे तेल से मुनाफा कमा रही हैं। राजन ने यह भी कहा कि इस टैक्स से जमा धन को भारत के छोटे और मध्यम उद्यमों को समर्थन देने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। विशेषकर टेक्सटाइल व परिधान उद्योग को, जो भारी अमेरिकी टैरिफ का सामना कर रहे हैं। रघुराम राजन ने कहा, 'यह देखते हुए कि रूसी तेल खरीदने की कीमत अब हमारे छोटे व मध्यम निर्यातकों (जैसे परिधान व टेक्सटाइल में) पर पड़ रही है, क्यों न हमारी रिफाइनरियों पर रूसी तेल खरीदने के अनुपात में विंडफॉल प्रॉफिट टैक्स लगाया जाए और इसे हमारे छोटे और मध्यम निर्यातकों को ट्रांसफर किया जाए?' उन्होंने आगे कहा, 'इससे यह सुनिश्चित होगा कि भारत में जो लोग रूसी तेल से लाभान्वित हो रहे हैं, वे भी इसके लिए भुगतान करें, बजाय इसके कि दूसरे लोग भुगतान करें।' विंडफॉल टैक्स यह सुनिश्चित करेगा कि जो लोग रूसी तेल से लाभान्वित होते हैं, वे दूसरों पर पड़ने वाली लागतों को कम करने में भी योगदान करें। रघुराम राजन ने पहले भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भारत सरकार के लिए 'वेक-अप कॉल' बताया था। उन्होंने यह भी कहा था कि 50% टैरिफ संकेत देते हैं कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध 'स्पष्ट रूप से टूट गए' हैं। राजन ने एक न्यूज़ चैनल के साथ साक्षात्कार में कहा था, 'यह एक वेक-अप कॉल है। हम किसी एक देश पर बहुत अधिक निर्भर न हों। हम पूर्व की ओर, यूरोप, अफ्रीका की ओर देखें व अमेरिका के साथ काम करना जारी रखें। लेकिन, ऐसे सुधारों को लागू करें जो हमें अपने युवाओं को रोजगार देने के लिए जरूरी 8-8.5% विकास हासिल करने में मदद करें।' ट्रंप प्रशासन ने भारतीय सामानों पर 50% टैरिफ लगाया है। यह बीते 27 अगस्त से प्रभावी हो गया है। अमेरिका ने रूस से भारत के कच्चे तेल के आयात का हवाला देकर अतिरिक्त 25% टैरिफ लगाया है। उसका कहना है कि इससे यूक्रेन में युद्ध को बढ़ावा मिल रहा है।इस अचानक झटके के कारण हजारों भारतीय छोटे व्यवसाय अब यूरोप, अफ्रीका और एशिया के बाजारों में नए खरीदारों को खोजने के लिए हाथ-पांव मार रहे हैं। वे अमेरिका को निर्यात पर टैरिफ के प्रभाव को कम करना चाहते हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में टेक्सटाइल, परिधान, ऑटो, खाद्य व पेय पदार्थ शामिल हैं। इधर टैरिफ के बावजूद भारत ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। मास्को के साथ व्यापार जारी रखने का फैसला किया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को तेल की बिक्री में शामिल तीन सूत्रों ने बताया कि भारतीय रिफाइनरियां सितंबर में रूसी तेल की खरीद को अगस्त के स्तर से 10-20% या 150,000 - 300,000 बैरल प्रति दिन तक बढ़ा देंगी। भारत के लिए रूसी तेल के दो सबसे बड़े आयातक रिलायंस और नायरा एनर्जी हैं। इनमें से नायरा एनर्जी में रूसी स्वामित्व है।



- भारतीय रिफाइनरियां सितंबर में रूसी तेल की खरीद को और 10-20% बढ़ा देंगी
- ऐसे सुधारों को लागू करने की जरूरत, जो रोजगार देने के लिए जरूरी 8-8.5% विकास हासिल करने में मदद करे

**50%** टैरिफ संकेत देते हैं कि भारत व अमेरिका के बीच संबंध 'स्पष्ट रुप से टूट गए' हैं

## पीएम स्टारमर ने अवैध प्रवासियों को हिरासत में लेने और वापस भेजने का ऐलान किया

लंदन (आईएएनएस)

ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने अवैध प्रवासियों को हिरासत में लेने और वापस भेजने का ऐलान किया है। हाल में सरकार पर चैनल क्रॉसिंग और शरण होटलों के मुद्दे से निपटने के लिए बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ रहा है। स्टारमर ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, "मैं स्पष्ट हूं, हम अवैध प्रवेश को बढ़ावा नहीं देंगे। अगर आप अवैध रूप से चैनल पार करते हैं, तो आपको हिरासत में लिया जाएगा और वापस भेज दिया जाएगा। उनकी यह टिप्पणी शनिवार को पूरे इंग्लैंड में कई प्रदर्शनों के दौरान आई, जिनमें लंदन, स्केग्नेस और ग्लूसेस्टर भी शामिल हैं, जहां शरणार्थियों को होटलों में ठहराया जा रहा है। पश्चिमी लंदन में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया।


गर्मियों में हजारों लोग विरोध प्रदर्शनों में शामिल हुए थे, जो एक होटल में ठहरे एक शरणार्थी की गिरफ्तारी और उसके बाद उस पर 14 साल की एक लड़की के कथित यौन उत्पीड़न सहित कई अपराधों के आरोप लगने के बाद शुरू हुए थे। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, जून तक होटलों में ठहरे शरणार्थियों की संख्या बढ़कर 32,000 से अधिक हो गई। सरकार ने अगले आम चुनाव तक शरणार्थी होटलों को बंद करने का वादा किया था। ब्रिटेन और फ्रांस एक ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं जिसके तहत इंग्लिश चैनल पार करके छोटी नावों से आने वाले प्रवासियों को वापस फ्रांस भेजा जाएगा।



- विरोध की शुरुआत एक होटल में ठहरे शरणार्थी की गिरफ्तारी के बाद हुई।
- शरणार्थी पर 14 वर्षीय लड़की के कथित यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों के आरोप लगे।

## भारतीय चावल निर्यातकों का प्रतिनिधिमंडल फिलीपींस जाएगा

**नई दिल्ली।** भारतीय चावल निर्यातकों का एक प्रतिनिधिमंडल अगले महीने फिलीपींस का दौरा करेगा। फिलीपींस ने भारत से खाद्यान्न आयात नियमों में ढील दी है। इसका मकसद भारत से निर्यात को बढ़ावा देना है। फिलीपींस बासमती चावल के आयात पर प्रतिबंध हटाने पर सहमत हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस कदम से भारत से उच्च गुणवत्ता वाले चावल के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि होने और भारतीय किसानों की आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। कृषि सचिव फ्रांसिस्को पी. तियु लॉरेल जूनियर के नेतृत्व में फिलीपींस का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल इस महीने की शुरुआत में भारत आया था। उन्होंने भारतीय कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) और भारतीय चावल निर्यातक संघ के अधिकारियों से मुलाकात की।







### अजुल गाने पर बढ़ा विवाद

## गुरु रंधावा ने आलोचकों के लिए शेयर किया क्रिप्टिक पोस्ट

मशहूर गायक गुरु रंधावा का हाल ही में रिलीज हुआ गाना 'अजुल' विवादों में घिर गया है। जहां एक तरफ यह गाना लोगों के बीच लोकप्रिय हो रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग इस पर सवाल उठा रहे हैं। उनका मानना है कि गाने में स्कूली छात्राओं को अनुचित तरीके से दिखाया गया है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में गुरु रंधावा एक फ़ोटोग्राफ़ी शिक्षक की भूमिका में हैं, जो एक लड़कियों के स्कूल में तस्वीरें लेने जाते हैं। वीडियो में छात्रा की भूमिका निभा रही अभिनेत्री अंशिका पांडे एक डांस सीक्वेंस करती हैं, जिससे गुरु का किरदार मंत्रमुग्ध हो जाता है। आलोचकों का कहना है कि यह दृश्य और वीडियो का कॉन्सेप्ट आपत्तिजनक है। विवाद बढ़ने के बाद, गुरु रंधावा ने सीधे तौर पर कोई बयान जारी नहीं किया।